राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........ 9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, रविवार, 22 फ़रवरी 2026

वर्ष 07, अंक 142, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

पान मसाला की कीमतों में उछाल, उपभोक्ता और दुकानदार परेशान...3

कांग्रेस मुख्यालय पर भाजपा का रोष प्रदर्शन-हजारों कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारी: वीरेंद्र सचदेवा...12

# तुम लोग पुलिस से घिर चुके हो... एफ आईआर में फिल्मी डॉयलाग पर कोर्ट ने लगाई पुलिस को फटकार, एस पी तलब

**● इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एफआईआर में पुलिस की तरफ से एक तरह के पैटर्न को लेकर फटकार लगाई है. कोर्ट ने कहा कि एफआईआर में फिल्मों का डायलॉग इस्तेमाल किया गया है. इसके अलावा समय का जिक्र भी डायलॉग के मुताबिक मैच नहीं कर रहा है. कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए क्या निर्देश दिए?**

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने क्राइम की घटनाओं में दर्ज एफआईआर में पुलिस के बार-बार एक ही पैटर्न इस्तेमाल करने पर कड़ा रुख अपनाया है. कोर्ट ने कहा कि इस तरह की FIR को बेतुका हैं और जाहिर है कि ये जमीनी स्थिति को उजागर नहीं कर रही हैं. कोर्ट ने बहराइच जिले में दर्ज एक एफआईआर का जिक्र किया, इसमें पुलिस एनकाउंटर के बाद गोहत्या में शामिल लोगों की गिरफ्तारी हुई थी।

एफआईआर में हिंदी फिल्मों में इस्तेमाल होने वाले डायलॉग जैसे तुम लोग पुलिस से घिरे हो का जिक्र है. एफआईआर में एनकाउंटर के दौरान हुई बातचीत का भी जिक्र किया गया है. इसमें आरोपी कहता है उजाला होने वाला है' जबकि FIR में एनकाउंटर का समय सुबह 10:45 बजे लिखा है।

**फिल्मों का डायलॉग इस्तेमाल किया**

एफआईआर में साफ तौर पर गड़बड़ी और अधिकारियों के कहने पर कानून के गलत इस्तेमाल की ओर इशारा करते हुए, जस्टिस अब्दुल मोइन और प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने 16 फरवरी के अपने ऑर्डर में कहा कि अब समय आ गया है कि कोर्ट दखल दे और अधिकारियों की ओर से दर्ज की जा रही मनगढ़ंत और बहुत बढ़ा-चढ़ाकर की गई एफआईआर पर रोक लगाए।

कोर्ट ने कहा कि हालांकि, हम यह भी नोट कर रहे हैं कि FIR में फिल्मों का एक पॉपुलर डायलॉग इस्तेमाल किया गया है. ये डायलॉग तुम लोग पुलिस से घिर चुके हो आरोपी लोग चिल्ला रहे हैं है गोली लग गई।

**दो हफ्ते में दाखिल करें पर्सनल हलफनामा**

बेंच ने बहराइच के पुलिस सुपरिटेंडेंट को दो हफ्ते में पर्सनल हलफनामा दाखिल करने या ऐसा न करने पर कोर्ट के सामने पेश होने का निर्देश दिया है. कोर्ट बहराइच मामले में गिरफ्तार तीन आरोपियों में से एक, अकबर अली की राहत की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

यह एफआईआर 22 जनवरी को BNS सेक्शन 325 (जानवर को मारकर या अपंग करके शरारत करना), 109(1) (पुलिस टीम पर गोली चलाने के लिए हत्या की



कोशिश) और UP काउ स्लॉटर प्रिवेंशन एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत जरवल रोड पुलिस स्टेशन में दर्ज की गई थी. अपने ऑर्डर में कोर्ट ने कहा कि एफआईआर दर्ज होने का समय दोपहर 2.24 pm बताया गया है और जिस समय पुलिस टीम ने आरोपियों का सामना किया और फायरिंग शुरू हुई, वह उसी दिन सुबह 10.45 am बताया गया है।

**एफआईआर में क्या लिखा हुआ?**

कोर्ट ने जानकारी दी कि एफआईआर के मुताबिक, टीम को एक मुखबिर ने गोहत्या के बारे में बताया था और इसमें शामिल लोग मीट को ठिकाने लगाने की तैयारी में थे. कोर्ट ने देखा कि स्त्रद्धक्रके अनुसार, जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची, तो उन्होंने कुछ आवाजें सुनीं कि उजाला होने वाला है. कोर्ट ने एफआईआर का जिक्र करते हुए कहा कि पुलिस पार्टी चिल्लाई कि तुम पुलिस से घिर चुके हो और सरेंडर कर दो।

कोर्ट ने फिर कहा कि एफआईआर में आगे बताया गया है कि पुलिस की चेतावनी के जवाब में, आरोपी ने कहा कि ये पुलिस वाले हैं, इनको गोली मारो, बचकर नहीं जाना चाहिए. बेंच ने कहा कि पुलिस ने एफआईआर में बताया है कि उन्होंने आरोपी पर गोली चलाई और उनमें से एक चिल्लाया है कि गोली लग गई। उन्होंने एफआईआर में कहा कि इसके बाद पुलिस टीम ने तीन लोगों को पकड़ लिया, जबकि चौथा शख्स भाग गया। कोर्ट ने कहा कि एफआईआर में लगाए गए आरोप मनगढ़ंत हैं और ये असल में नामुमकिन हैं. इन बातों को ध्यान में रखते हुए कोर्ट ने बहराइच जिले के पुलिस सुपरिटेंडेंट से कहा कि वे एफआईआरको सिर्फ देखने से सामने आई इन गड़बड़ियों का जवाब देते हुए अपना पर्सनल एफिडेविट फाइल करें।

# सलीम सुरेश बनकर शादी नहीं कर पाएगा! मैरिज रजिस्ट्रेशन एक्ट में संशोधन कर रही गुजरात सरकार

**● गुजरात सरकार ने विवाह पंजीकरण अधिनियम 2006 में संशोधन का प्रस्ताव किया है, जिसके तहत विवाह पंजीकरण के लिए माता-पिता की सहमति अनिवार्य होगी. सरकार का मानना है कि ये कदम इसलिए उठाना जरूरी है ताकि कोई सलीम, सुरेश बनकर हिंदू लड़की से शादी न कर सके**



गुजरात सरकार ने शुक्रवार को गुजरात विवाह पंजीकरण अधिनियम, 2006 में संशोधन का प्रस्ताव दिया. सरकार ने कहा कि लव जिहाद के नाम पर राज्य में एक खेल खेला जा रहा है. ऐसे में युवा लड़कियों के लिए एक मजबूत कवच बनाने की जरूरत है. सरकार की ओर से संशोधन में एक प्रावधान शामिल करने पर जोर दिया है, जिसमें विवाह के पंजीकरण के लिए माता-पिता की सहमति को अनिवार्य बताया है. राज्य विधानसभा में विधानसभा नियम 44 के तहत प्रस्ताव पेश करते हुए, उप मुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने पंचमहल जिले के मामलों का हवाला दिया. उन्होंने कहा कि यहां पर एक भी मुस्लिम या मस्जिद नहीं थी, फिर भी सैकड़ों निकाह सर्टिफिकेट जारी किए गए. इसके अलावा उन्होंने बनासकांठा, नवसारी और मेहसाणा जिलों के मामलों का भी जिक्र किया.

**सार्वजनिक महत्व से जुड़ा हुआ**

उप मुख्यमंत्री ने इसे 'सार्वजनिक महत्व का मामला' बताया. उन्होंने कहा कि सरकार लव मैरिज के खिलाफ नहीं है बल्कि लड़कियों और सनातन धर्म की गरिमा की रक्षा के लिए संशोधन का प्रस्ताव कर रही है। मैरिज रजिस्ट्रेशन प्रोसेस में माता-पिता की सहमति जरूरी करने का प्रस्ताव है और मैरिज रजिस्ट्रेशन एप्लीकेशन जमा करने के बाद उन्हें WhatsApp मैसेज के जरिए ऑफिशियली बताया जाएगा. प्रस्ताव में कहा गया है कि असिस्टेंट रजिस्ट्रार से कन्फर्मेशन मिलने के दस वर्किंग डेज के अंदर दूल्हा-दुल्हन के माता-पिता को बताया जाएगा और यह बात इलेक्ट्रॉनिकली या फिजिकली जहां से संभव हो सके, बताई जाएगी।

**सलीम, सुरेश बनकर नहीं कर पाएगा शादी**

अगर कोई सलीम अपनी पहचान बदलकर सुरेश बनकर मासूम लड़कियों को फंसाता है, तो उसे जिंदगी भर सबक सिखाया जाएगा. बाद में उन्होंने मीडियाकर्मियों से कहा कि अगर कोई अपनी पहचान छिपाकर राज्य की किसी बेटी को धोखा देता है, तो यह सरकार ऐसी सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करेगी कि वह भविष्य में किसी भी बेटी को बुरी नीयत से देखने की हिम्मत न करे. आज के समय में युवा लड़कियों के लिए एक मजबूत कवच बनाने की जरूरत है।

**सुझाव के लिए 30 दिन का समय**

सरकार की ओर से प्रस्तावित बदलावों पर जनता के सुझाव और सिफारिशों के लिए 30 दिन का समय दिया गया है. कानून में बदलाव से पहले सुझावों और सिफारिशों को रिव्यू करने के लिए एक कमेटी बनाई जाएगी. शादियों के रजिस्ट्रेशन के लिए एक डेडिकेटेड पोर्टल बनाया जाएगा. प्रस्तावित रेगुलेशन के तहत, शादी के रजिस्ट्रेशन में कम से कम 30 दिन लगेंगे।

दिसंबर 2025 में पाटीदार अनामत आंदोलन समिति (PAAS) के पुराने सदस्यों ने शादी के रजिस्ट्रेशन के लिए माता-पिता की सहमति जरूरी करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल को एक मेमोरेंडम दिया था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### UP में खाद-बीज के लिए लाइन में नहीं लगेंगे रूपैक्स के सदस्य किसान, 1.10 करोड़ लोगों का बनेगा 'फार्मर रजिस्टर'



**लखनऊ।** बहुद्देशीय प्रारंभिक कृषि ऋण समितियां (एम-पैक्स) अब अपने सदस्य किसानों को खाद, बीज व कीटनाशक प्राथमिकता पर देंगी। इसके लिए सदस्य किसानों के लिए 'कृषक पंजिका' बनाने का अभियान शुरू किया गया है। पंजिका के माध्यम से खेती के लिए जब खाद, बीज और कीटनाशक की अधिक आवश्यकता होती है, उस समय सदस्यों को लाइन में नहीं लगना होगा।सदस्य किसानों को जरूरत के मुताबिक खाद, बीज बिना भागदौड़ किए ही मिलेंगे।

**कृषक पंजिका बनाए जाने का अभियान शुरू**

सहकारिता विभाग ने सदस्य किसानों का 'कृषक पंजिका' बनाए जाने का अभियान शुरू किया है। पंजिका में किसानों के नाम, पता, मोबाइल नंबर, आधार नंबर तथा खेत का रकबा दर्ज होगा। सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर के मुताबिक खाद, बीज वितरण में पूरी पारदर्शिता लाने के लिए एम-पैक्स के सदस्यों की पंजिका बनाने का अभियान शुरू किया गया है।

सदस्यों से 'कृषक पंजिका' के लिए महज पांच रुपये लिए जा रहे हैं।अन्य किसान जो सदस्य नहीं हैं वह भी 221 रुपये जमा कर सदस्य बन सकते हैं। मंत्री के मुताबिक जल्द ही सदस्य किसानों के लिए मोबाइल एप लांच किया जाएगा। जिसके माध्यम से वे घर बैठे ही खाद-बीज की आनलाइन बुकिंग कर सकेंगे। भुगतान भी आनलाइन कर सकेंगे। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में इस समय 8500 से अधिक एम-पैक्स हैं। लगभग 1.10 करोड़ किसान इन समितियों के सदस्य हैं।

## दिल्ली पुलिस की बड़ी कामयाबी: ज्योति नगर अंधा हत्या कांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर क्षेत्र में महिला की अंधी हत्या के मामले को सुलझाते हुए पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना ज्योति नगर की टीम ने इस सनसनीखेज मामले में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल किया गया हथियार, लूटी गई ज्वैलरी और अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद कर ली है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है इस मामले में पहले दर्ज रिपोर्ट के क्रम में, थाना ज्योति नगर की एक समर्पित टीम, जिसका नेतृत्व इंस्पेक्टर वेद प्रकाश एसएचओ, ज्योति नगर कर रहे थे, ने लगातार मेहनत करते हुए जांच को आगे बढ़ाया। टीम में एसआई देवेंद्र, पंकज, विशाल, संजीव; एएसआई नरेश मंगल; हेड कांस्टेबल अनुज, राहुल, सुभाष, अमित और कांस्टेबल अनिल शामिल रहे। पूरी टीम ने गोकलपुरी के एसीपी श्री दीपक चंद्र के करीबी पर्यवेक्षण में काम




करते हुए हर पहलू की बारीकी से जांच की और कई महत्वपूर्ण सबूत जुटाए।लगातार प्रयासों के बाद पुलिस ने एक संदिग्ध की पहचान उमेश (21 वर्ष), पुत्र विजय, निवासी नंद नगरी, दिल्ली के रूप में की और उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी उमेश ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अपने साथी का नाम भी उजागर किया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने सह-आरोपी विपिन (22 वर्ष), पुत्र इंदरजीत, निवासी नंद नगरी, दिल्ली को भी गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ कि दोनों आरोपी भारी कर्ज और आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। कर्ज न चुका पाने की स्थिति में उन्होंने लूट की साजिश रची, जो अंततः महिला की हत्या में बदल गई।

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने पीड़िता की लूटी गई ज्वैलरी, वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू और अपराध में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है।पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मामले की जांच अभी जारी है और आगे भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है। इस सफल कार्रवाई पर आशीष मिश्रा, पुलिस उपायुक्त, उत्तर-पूर्वी जिला, दिल्ली ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## लखनऊ में मंदिर सेवादार की हत्या, तार हटाने का विरोध किया तो बदमाशों ने पीट-पीटकर मार डाला

**लखनऊ।** दुबग्गा में स्कूटी जलाने का आरोप लगाते हुए लोगों ने मंदिर के सेवादार की पिटाई करने के बाद पैंट से गला कसकर उनकी हत्या कर दी। शव मंदिर के पास एक गड्ढे में फेंककर फरार हो गए। सुबह ग्रामीणों ने शव देखकर सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन कर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। बरावन कला के पीर नगर गांव के पास आश्रयहीन कालोनी में गांव के ही गुड्डू लोधी का प्लाट है। इसी प्लाट में एक मंदिर बना हुआ है। गुड्डू लोधी के साथ उन्नाव के हसन गंज स्थित नेवतनी गांव निवासी 60 वर्षीय कल्लू प्रजापति मंदिर की देखरेख करते थे। गुड्डू के बेटे गोलू ने बताया कि कल्लू लगभग 25 वर्षों से मंदिर के पास खाली प्लाट में तिरपाल डाल कर रहते थे। उनके मुताबिक, 16 जनवरी की रात में मंदिर के पास आश्रयहीन कालोनी निवासी अंकित तिवारी की स्कूटी जल गई थी। इसे लेकर अंकित कल्लू उर्फ बाबा के ऊपर शक करता था। मृतक के भाई पुत्ती लाल के मुताबिक, पूर्व में अंकित का कई बार कल्लू से विवाद हुआ था। आरोप है कि गुरुवार देर रात अंकित अपने साथी राहुल रावत व राहुल कनौजिया के साथ मंदिर गया।

## आईएमसी एवं ओयूडब्ल्यूजे का द्वितीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन हर्षोल्लास के माहौल में संपन्न

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की गरिमामयी उपस्थिति में इंडियन मीडिया कांग्रेस (आईएमसी) तथा ऑर्गनाइजेशन ऑफ यूनाइटेड वर्किंग जर्नलिस्ट्स (ओयूडब्ल्यूजे) द्वारा आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय मीडिया सम्मेलन 20 फरवरी 2026, शुक्रवार को कांस्टीट्यूशन क्लब नई दिल्ली में भव्य रूप से संपन्न हुआ।केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लेते हुए लोकतंत्र को सशक्त बनाने एवं राष्ट्र निर्माण में मीडिया की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पत्रकारों का दायित्व है कि वे पारदर्शिता,जवाबदेही तथा जागरूक जनचर्चा को सुनिश्चित करें और समाज के समक्ष सत्य को निष्पक्ष रूप से प्रस्तुत करें।पूर्व केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री मुख्तार अब्बास नक़वी ने सम्मेलन का विधिवत उद्घाटन किया।कार्यक्रम की




अध्यक्षता डॉ. पवित्र मोहन सामंतराय,मुख्य सलाहकार, ने की। इस अवसर पर संजय दास अध्यक्ष, रजनीकांत सामंतराय (उपाध्यक्ष), प्रद्युम्न दास (महासचिव), प्रसन्न प्रुस्ती (कोषाध्यक्ष), कमलकांत दास (संपादक), हिमत सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुश्री आकांक्षा ने किया।सम्मेलन में मीडिया उद्योग के समक्ष उपस्थित समकालीन चुनौतियों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया तथा आईएमसी और ओयूडब्ल्यूजे द्वारा कार्यरत पत्रकारों के हितों एवं कल्याण की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गई।अंत में वरिष्ठ पत्रकार प्रभात प्रुस्ती ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## Ballia के कुंवर सिंह चौराहे पर पुलिस के सामने मारपीट, VIDEO वायरल; दोनों पक्षों से एक-एक हिरासत में





**बलिया** शहर के कुंवर सिंह चौराहे पर शनिवार को युवकों के दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। यह घटना करीब 20 मिनट तक चलती रही और खास बात यह रही कि पूरी घटना पुलिस की मौजूदगी में हुई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। पुलिस लाइन के नजदीक स्थित चौराहे पर हुई इस मारपीट का वीडियो भी सामने आया है, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कुछ युवक मिलकर एक युवक की पिटाई कर रहे हैं। इस दौरान एक पुलिसकर्मी बीच-बचाव करने की कोशिश करता दिखता है, लेकिन दबंगों पर उसका कोई असर नहीं पड़ता और मारपीट जारी रहती है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के लगभग 20 मिनट बाद सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मारपीट का शिकार हुए युवक को हिरासत में लिया। युवक पुलिस से यह कहते हुए नजर आया कि 'आप लोग जान से मरवाएंगे हमको, कोतवाली में मारेंगे। मैं पागल नजर आ रहा हूं।' विरोध के बावजूद पुलिस उसे गाड़ी में बैठाकर कोतवाली ले गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक क्षितिज त्रिपाठी ने बताया कि दोनों पक्षों से एक-एक व्यक्ति को थाने लाया गया है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है और वायरल वीडियो को भी साक्ष्य के रूप में देखा जाएगा।

## 25 और अटल कैंटीन प्रारम्भ, अब दिल्ली में कुल 71 अटल कैंटीन बन रहीं गरीब को भोजन का सहारा: वीरेन्द्र सचदेवा

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का कल एक सफल वर्ष पूर्ण होने की पूर्व संध्या पर दिल्ली सरकार एवं संगठन के नेताओं की भागीदारी में दिल्ली में 25 नई अटल कैंटीनों का लोकार्पण हुआ और कार्यरत सभी 71 कैंटीनों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन करके सरकार एवं संगठन प्रतिनिधियों ने वहां खाना खा रहे लाभार्थियों से बातचीत की।दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कृष्णा नगर विधानसभा में जिला अध्यक्ष दीपक गाबा एवं निगम पार्षद संदीप कपूर, नीमा भगत, राजू सचदेवा एवं मीनाक्षी शर्मा की उपस्थिति में अटल कैंटीन का लोकार्पण किया। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कस्तूरबा नगर विधानसभा में विधायक नीरज बसोया एवं निगम पार्षद शरद कपूर की उपस्थिती में अटल कैंटीन का लोकार्पण किया।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने इस अवसर पर कहा कि भाजपा के चुनाव मेनीफेसटो 2025 को पूरा करते हुए दिल्ली सरकार ने 25 और अटल कैंटीन प्रारम्भ की, अब दिल्ली में कुल 71 अटल कैंटीन बन रहीं गरीब का भोजन सहारा। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अटल कैंटीन की प्रेरणा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों से मिली है,जिन्होंने हमेशा गरीब,श्रमिक और वंचित वर्ग के कल्याण को प्राथमिकता दी।

यह कैंटीन मेहनतकश मजदूरों, रिक्शा चालकों, दिहाड़ी श्रमिकों और जरूरतमंद परिवारों के लिए बड़ी राहत साबित होगी, जहाँ उन्हें बहुत ही कम लागत में पौष्टिक भोजन सुलभ होगा।दिल्ली भाजपा संगठन की ओर से वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों ने स्थानीय विधायकों द्वारा अटल कैंटीनों में आयोजित उद्घाटन समारोहों में भाग लिया जिसमें विशेष रुप से विजेन्द्र गुप्ता, प्रवेश साहिब सिंह, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, डॉक्टर पंकज सिंह, रविन्द्र इंद्रराज, सरदार अरविंदर सिंह लवली, कुलजीत सिंह चहल, रामवीर सिंह बिधूड़ी, प्रवीण खंडेलवाल, योगेन्द्र चंदोलिया, कमलजीत सहरावत, बांसुरी स्वराज, विनय सहस्त्रबुद्धे, सरदार राजा इकबाल सिंह, विष्णु मित्तल, सरदार आर पी सिंह, सतीश गर्ग, प्रवीण शंकर कपूर, आदेश गुप्ता, विनय रावत, योगिता सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, सारिका जैन, सुनीता कांगड़ा, ब्रजेश राय, राजीव बब्बर, रमेश बिधूड़ी, प्रवेश वही, डॉक्टर रोहित उपाध्याय, विनोद बछेती, किशन शर्मा, नरेश कुमार एरोन, सोना कुमारी, संतोष ओझा, सुनील यादव, मोहन लाल गिहारा, सीएल मीणा, विनोद सहरावत, रवींद्र सोलंकी, वीरेंद्र बब्बर, राज शर्मा, माया बिष्ट, डॉ यूके चौधरी, अजय खटाना, श्रीमती सत्य शर्मा, शिखा रॉय, मास्टर जय भगवान, अनीता जैन, नितिन त्यागी, संकेत गुप्ता, सुंदर सिंह तंवर शामिल है। जिन विधायकों के विधानसभा में अटल कैंटीन का का उदघाटन किया गया उनमे मुख्य रूप से रेखा गुप्ता, विजेंद्र गुप्ता, नीरज बसोया, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा, रविन्द्र इन्द्रराज, कपिल मिश्रा, राजकरण खत्री, सूर्य प्रकाश




खत्री, राजकुमार भाटिया, दीपक चौधरी, मनोज कुमार शौकीन, राजकुमार चौहान, करनैल सिंह, तिलक राम गुप्ता, पूनम शर्मा, अशोक गोयल, हरीश खुराना, कैलाश गंगवाल, श्याम शर्मा, प्रद्युमन सिंह राजपूत, संदीप सहरावत, नीलम पहलवान, कैलाश गहलोत, कुलदीप सोलंकी, उमंग बजाज, सरदरा तरविन्दर सिंह मारवाह, सतीश उपाध्याय, अनिल शर्मा, गजेन्द्र यादव, करतार सिंह तंवर, चंदन कुमार चौधरी, शिखा राय, रविकांत, रविन्द्र सिंह नेगी, अभय वर्मा, डॉ अनिल गोयल, संजय गोयल, जितेन्द्र महाजन आदी शामिल हैं।

स्वतंत्र प्रभात
जो लिखेगा, वही टिकेगा , वही दिखेगा

स्वतंत्र प्रभात के राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक अखबार, पत्रिका एवं ऑनलाइन चैनल में काम करने हेतु अनुभवी लोगों की आवश्यकता है।

जिला, तहसील एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरोचीफ, संवाददाता और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छुक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें।

अपना बायोडाटा भेजे : 9511151254

www.swatantraprabhat.com www.epaper.swatantraprabhat.com

## संक्षिप्त खबरें

### फुलरुवा में आज लगेगा निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन शिविर




**मिश्रिख (सीतापुर)** ओम साई ग्लोबल फाउंडेशन के तत्वावधान में ग्राम पंचायत फुलरुवा में एक विशाल निःशुल्क मोतियाबिंद जांच एवं ऑपरेशन (लेंस प्रत्यारोपण) शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 22 फरवरी 2026 (रविवार) को ग्राम पंचायत भवन में आयोजित होगा।शिविर सुबह 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक चलेगा। शिविर में डॉ. सतेंद्र सिंह (नेत्र परीक्षक, लखनऊ) एवं डॉ. रंजीत सिंह (नेत्र सर्जन) अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में मोतियाबिंद के मरीजों की जांच की जाएगी तथा चयनित मरीजों का आईओएल (लेंस) विधि से निःशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। पंचायत सहायक बृजेश कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित मरीजों के लिए आना-जाना, रहने एवं खाने की व्यवस्था, दवाइयां तथा ऑपरेशन पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। आयुष्मान कार्ड धारकों को विशेष चिकित्सीय सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। ऑपरेशन के इच्छुक मरीजों को अपने साथ आधार कार्ड एवं राशन कार्ड की फोटोकॉपी, दो पासपोर्ट साइज फोटो तथा चालू मोबाइल नंबर लाना अनिवार्य होगा।आयोजक ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि जिन लोगों को आंखों से धुंधला दिखाई देता है या मोतियाबिंद की समस्या है, वे इस निःशुल्क शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए 9198268977 पर संपर्क किया जा सकता है।

### लखनऊ में फर्जी फर्म से दिखाया 4.70 करोड़ रुपये का व्यापार, 37 लाख की टैक्स चोरी की




**लखनऊ।** जालसाजों ने फर्जी फर्म बनाकर विभिन्न कंपनियों से 4.70 करोड़ रुपये का व्यापार दर्शाया। इसके बाद 37 लाख रुपये इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) चोरी कर ली। जांच में फर्जीवाड़े की पुष्टि होने पर जीएसटी विभाग के उपायुक्त ने मुकदमा दर्ज कराया। छानबीन में साइबर क्राइम टीम और महानगर पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। फर्जीवाड़े का मास्टरमाइंड और कुछ अन्य लोग फरार हैं। उनकी तलाश जारी है। पुलिस उपायुक्त अपराध एवं साइबर अपराध कमलेश दीक्षित ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान पारा के सलेमपुर पतौरा निवासी दीपक कुमार, पारा के ही बुद्धेश्वर निवासी प्रशांत तिवारी और हरदोई के संडीला निवासी छात्र कैलाश मौर्या के रूप में हुई है। मामले को लेकर तीन नवंबर 2025 को राज्य कर खंड-19 के उपायुक्त अशोक कुमार त्रिपाठी ने महानगर थाने में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर केएस इंटरप्राइजेज फर्म बनाकर 37 लाख रुपये टैक्स चोरी के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया था। जांच में पता चला कि पूरे रैकेट का मास्टरमाइंड अनुपम गोगोई है। इनके साथ ही दीपक, प्रशांत, कैलाश और कुछ अन्य व्यापारियों के गिरोह में शामिल होने की पुष्टि हुई। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दीपक ने बताया कि 2019 में वह हत्या के आरोप में जेल गया था। 11 महीने बाद जेल से छूटा था।

इसके बाद इंटरनेट मीडिया के माध्यम से उसकी दोस्ती प्रशांत और कैलाश से हुई। कम समय में रुपये कमाने के लालच में इन्होने फर्जीवाड़े का रास्ता चुना। जांच में सामने आया कि अनुपम गोगोई ने फर्जी बिजली बिल, किरायानामा इस्तेमाल कर फर्म का जीएसटी पंजीकरण कराया। फर्म का पता महानगर के भगवती चरण वर्मा मार्ग पर दिखाया। फर्जीवाड़े के नाम पर एचडीएफसी बैंक में खाता खोला। कई मजदूरों को 10-15 हजार रुपये देकर विभिन्न बैंकों में उनके दस्तावेजों से खाते खुलवाए। उसने इन्हीं खातों में करोड़ों रुपये का लेनदेन दिखाकर टैक्स चोरी की थी। पूछताछ में यूपी, पंजाब समेत देश के कई राज्यों के व्यापारियों की मिलीभगत भी सामने आई है। आरोपितों के पास से कई बैंकों की पासबुक, चेकबुक, मोबाइल और अन्य सामान बरामद किए हैं।

# पान मसाला की कीमतों में उछाल, उपभोक्ता और दुकानदार परेशान

**● कालाबाजारी की आशंका, प्रशासन से जांच की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** नगर में पान मसाला की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी से आम लोग परेशान हैं। कीमतों में आए इस उछाल का सीधा असर उपभोक्ताओं की जेब पर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने कुछ दुकानदारों पर कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। नगर की नई बाजार स्थित पान विक्रेता सचिन चौरसिया ने बताया कि थोक बाजार में पान मसाला के दाम तेजी से बढ़े हैं। पहले जो पैकेट 165 रुपये में मिलती थी, अब वही 220 रुपये में मिल रही है। ऐसे में खुदरा विक्रेताओं को भी मजबूरन दाम बढ़ाने पड़ रहे हैं।

उन्होंने बताया कि पहले 5 रुपये प्रति पाउच बिकने वाला पान मसाला अब 7 से 8 रुपये में बेचा जा रहा है। ग्राहक बढ़ी कीमत सुनकर हैरान हो रहे हैं और कई लोगों ने खरीदारी कम कर दी है। इससे फुटकर दुकानदारों की बिक्री पर भी असर पड़ रहा है। उपभोक्ता मयंक त्रिवेदी का कहना है कि आसपास के बाजारों में कीमतें अपेक्षाकृत कम हैं, जबकि नगर में अधिक वसूली की जा रही है। उन्होंने पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं सनत कुमार ने बताया कि अलग-अलग ब्रांड के दाम अलग हैं, लेकिन कुछ दुकानदार माल की कमी का हवाला देकर




डेढ़ गुना तक वसूली कर रहे हैं। इससे उपभोक्ताओं में नाराजगी है। ग्राहकों का कहना है कि यदि जल्द ही कीमतों पर नियंत्रण नहीं किया गया तो कालाबाजारी को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि बाजार की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट की जाए। हालांकि चिकित्सक तंबाकू उत्पादों के सेवन से बचने की सलाह देते हैं, लेकिन अचानक बढ़ी कीमतों ने नियमित उपभोक्ताओं को असमंजस में डाल दिया।

## डीएम ने तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**● शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण से निस्तारण कराए अधिकारी - डीएम**

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 56शिकायतें आयी, 05 का तत्काल हुआ निस्तारण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**महराजगंज/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में तहसील महराजगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी



अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील महराजगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 24, पुलिस 07, विकास 16 एवं अन्य 09 कुल 56 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 05 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा, उप जिलाधिकारी महराजगंज गौतम सिंह, बीडीओ वर्षा सिंह सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गाज़ीपुर डेयरी फार्म में अवैध झुग्गियों और कथित अवैध गतिविधियों का खुलासा: समाज सेवक मनोज भाटी को जान से मारने की धमकी मिली

**● पुलिस के कार्रवाई न करने पर उठे सवाल: मनोज भाटी ने ष्ठष्टक्कईस्ट दिल्ली के पास लिखित शिकायत की**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गाज़ीपुर** डेयरी फार्म ईस्ट दिल्ली के गाज़ीपुर डेयरी फार्म इलाके में DUSIB सरकारी ज़मीन पर बनी अवैध झुग्गियों, कथित अवैध गतिविधियों और एडमिनिस्ट्रेटिव कार्रवाई न करने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। हाई कोर्ट के आदेश के बाद अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू होने के बावजूद, ग्राउंड लेवल पर तनाव, धमकियां और कानून-व्यवस्था से जुड़े गंभीर मुद्दे सामने आ रहे हैं। स्थानीय सोशल वर्कर मनोज भाटी ने 'इनक्रेडिबल भारत न्यूज़' को दिए एक इंटरव्यू में आरोप लगाया कि गाज़ीपुर डेयरी फार्म के C ब्लॉक, लेन नंबर 7 में DUSIB की ज़मीन पर बनी झुग्गियों में लंबे समय से अवैध कब्ज़ा और कथित अवैध गतिविधियां चल रही हैं। उनका कहना है कि मीडिया में इस मुद्दे को पब्लिसाइज़ करने और उठाने के बाद, उन्हें सोशल मीडिया पर जान से मारने और बम से उड़ाने की धमकियां मिलीं गैरकानूनी कब्ज़े और हाई कोर्ट के आदेश के बाद तनाव बढ़ा रिपोर्ट्स के मुताबिक, विवादित ज़मीन दिल्ली अर्बन शेल्टर इम्प्रूवमेंट बोर्ड (DUSIB) की है, जिस पर सालों से गैरकानूनी कब्ज़े का आरोप है। पिटीशनर धर्मेंद्र दास की अर्ज़ी के बाद, हाई कोर्ट ने कब्ज़ा हटाने के लिए एक डेडलाइन तय की थी हालांकि, कार्रवाई शुरू होने पहले ही लोकल लेवल पर विरोध और तनाव पैदा हो गया है। लोकल सूत्रों के मुताबिक, कब्ज़ा हटाने की कार्रवाई के बारे में सुनकर, कई बाहर से आए बंगाली परिवारों में असुरक्षा की भावना महसूस हुई और उन्होंने सोशल मीडिया पर जान से मारने की धमकियां देना शुरू कर दिया सोशल मीडिया पर धमकियां: डर का माहौल मनोज भाटी के मुताबिक, उन्हें बंगाली मुजाहिदा नाम की एक महिला के कथित तौर पर चलाए जा रहे नेटवर्क से जुड़े सोशल मीडिया अकाउंट्स, खासकर @monikhan-jxz और @sukhbirsingh-h8i, से धमकी भरे मैसेज मिले, जो गैरकानूनी कब्ज़े से जुड़े थे। मैसेज में साफ लिखा था कि उन्हें देखते ही गोली मारने और बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी उनका आरोप है कि इलाके में डर और दबाव का माहौल बनाने के लिए पब्लिक कमेंट्स के तौर पर धमकियां पोस्ट की गई। भाटी का कहना है कि ये सिर्फ पर्सनल धमकियां नहीं हैं, बल्कि गैर-कानूनी कामों के खिलाफ बोलने वालों को चुप कराने की कोशिश है। मनोज भाटी पहले भी वहां रहने वालों की गैर-कानूनी गतिविधियों का पर्दाफाश कर चुके हैं, जिसमें गैर-कानूनी मस्जिदें, मदरसे और बांग्लादेशी इमिग्रेंट्स की फेक आई-डी शामिल हैं।

**पुलिस के कार्रवाई न करने का आरोप**

मनोज भाटी ने कहा कि उन्होंने गाजीपुर मंडी पुलिस स्टेशन के SHO बाल कृष्ण उपाध्याय को मौखिक रूप से और व्हाट्सप्प के ज़रिए डिजिटल सबूत, स्क्रीनशॉट और डिटेल्स भेजे, और कार्रवाई की मांग की। उनका आरोप है किः अभी तक FIR दर्ज नहीं की गई है उन्हें साइबर जांच शुरू होने की जानकारी भी नहीं दी गई है पीड़ित की सुरक्षा के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है ये आरोप गाज़ीपुर की लोकल पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाते हैं।

**DCP ईस्ट दिल्ली को लिखित शिकायत**

19 फरवरी, 2026 को, मनोज भाटी ने डिप्टी कमिश्नर ऑफ़ पुलिस, ईस्ट दिल्ली को तुरंत कार्रवाई की मांग करते हुए एक लिखित शिकायत दी। शिकायत में उन्होंने कहा कि अगर उन्हें अब भी इंसाफ नहीं मिला, तो वे कानून पर विश्वास नहीं रखेंगे।

**उन्होंने एडमिनिस्ट्रेशन से ये मांगें की हैं:**

» धमकी के मामले में तुरंत FIR दर्ज की जाए।

» संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट्स की साइबर जांच की जाए।

» आरोपियों की पहचान की जाए और सख्त कार्रवाई की जाए।

» उन्हें और उनके परिवारों को पुलिस सुरक्षा दी जाए।

» लोकल पुलिस स्टेशन की लापरवाही की जांच की जाए।

**गैर-कानूनी गतिविधियों के आरोप और इलाके की चिंताएं**

स्थानीय लोगों का दावा है कि विवादित झुग्गियों में कथित तौर पर गैर-कानूनी गतिविधियां चल रही हैं, जिससे इलाके में क्राइम और असुरक्षा बढ़ गई है। हालांकि, इस मामले में एडमिनिस्ट्रेशन की तरफ से कोई ऑफिशियल कन्फर्मेशन नहीं आई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर निष्पक्ष जांच और ट्रांसपेरेंट कार्रवाई नहीं की गई, तो यह मामला कानून-व्यवस्था के लिए एक बड़ी चुनौती बन सकता है।

**कानून और न्याय व्यवस्था पर बड़े सवाल**

कानूनी जानकारों का मानना है कि न्यायिक प्रक्रिया से जुड़े मुद्दों पर धमकी देना कानून के राज को चुनौती देना है। सोशल मीडिया के ज़रिए क्रिमिनल धमकी देना इंडियन पीनल कोड और ढ्ढञ्ज एक्ट के तहत एक गंभीर अपराध माना जाता है।यह मुद्दा अब सिर्फ़ ज़मीन का झगड़ा नहीं रहा। यह एडमिनिस्ट्रेटिव अकाउंटेबिलिटी, नागरिकों की सुरक्षा, कोर्ट के आदेशों का पालन और कानून के राज की विश्वसनीयता से जुड़ा एक बड़ा मुद्दा बन गया है। ये मुद्दे एडमिनिस्ट्रेशन पर नागरिकों के भरोसे पर भी असर डालेंगे।

# बीमारी के चलते क्षेत्रीय वन अधिकारी की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** बीमारी के चलते क्षेत्रीय वन अधिकारी कोंच पंकज भान सिंह की मौत हो जाने की दुखद घटना सामने आयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नदीगांव रोड कोंच स्थित क्षेत्रीय वन कार्यालय में सरकारी आवास में रहने वाले क्षेत्रीय वन अधिकारी पंकज भान सिंह (43) मूल निवासी ग्राम गोडे थाना चिलबिला जिला प्रतापगढ़ की तबियत शनिवार की शाम करीब 6 बजे अचानक बिगड़ गई। मौके पर मौजूद वन अधिकारी की पत्नी और साले इनको पहले एक प्राइवेट नर्सिंग होम और फिर वहां से सीएचसी लेकर गए जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि वन अधिकारी पंकज भान सिंह बीते कुछ महीनों से गंभीर





रूप से बीमार चल रहे थे जिसके चलते उनके पैरों सहित शरीर के कई अंग प्रभावित थे। दो रोज पहले ही उरई राजकीय मेडिकल कॉलेज में भी उन्होंने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई थी और चिकित्सक की सलाह पर दवा का सेवन कर रहे थे। उक्त घटना के बाद पत्नी प्रतिमा सिंह का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक वन अधिकारी के दो बेटे प्रतीक (20) और शिवांश (17) हैं जो लखनऊ में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। मृतक वन अधिकारी 2022 से कोंच में पदस्थ थे। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम ज्योति सिंह, कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह, एसएसआई विमलेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर लल्लूराम रावत सीएचसी पहुंच गए थे।

### एशियन इंटरनेशनल स्कूल में छात्र-छात्राओं को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं



**टूण्डला-** बसई रोड पर स्थित एशियन इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई।स्कूल के चेयरमैन राजेन्द्र यादव ने बताया कि संस्थान पिछले लगभग 20 वर्षों से शिकोहाबाद में संचालित हो रहा है और अब टूण्डला में भी छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने बताया कि स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। डांस, म्यूजिक, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल सहित विभिन्न खेल गतिविधियों की समुचित व्यवस्था की जाएगी, ताकि बच्चों का शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास संतुलित रूप से हो सके। चेयरमैन ने बताया कि शिकोहाबाद शाखा का परीक्षा परिणाम 99.6 प्रतिशत रहा है और टूण्डला में इसे 99.8 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।रविवार को विद्यालय परिसर में भक्ति संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा,जिसमें भजन सम्राट अनूप जलोटा अपनी प्रस्तुति देंगे।

## डीएम ने नवनिर्मित संकुल भवन का किया उद्घाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विकास खण्ड महराजगंज की ग्राम पंचायत सुल्तानपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूह की महिलाओं के विकास के लिए नवनिर्मित निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति के भवन का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी ने पंचायत भवन के परिसर में वृक्षारोपण किया गया तथा स्वयं सहायता समूहों के आजीविका संवर्धन हेतु विकास महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत पखनपुर को रु0 15 लाख तथा आकाश महिला ग्राम संगठन ग्राम पंचायत हरदोई को रु0 30 लाख 80 हजार का सामुदायिक निवेश निधि का चेक प्रदान किया। समिति के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को स्वयं सहायता समूह की दीदियों द्वारा निर्मित उत्पाद भेट किये, निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति का गठन 17 मई 2022 को हुआ था, जिसके अन्तर्गत 13 ग्राम पंचायतों के 14 ग्राम संगठन तथा उनमे गठित 228 महिला स्वयं सहायता समूह आते है। संकुल भवन का निर्माण में मनरेगा (9.97 लाख) राज्य वित्त (1.5 लाख) तथा निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति द्वारा अपने स्टार्टअप फण्ड से ऑफिस सेटअप हेतु (49 हजार) से व्यय किया गया है। कार्यक्रम में निर्मल महिला संकुल स्तरीय समिति से सम्बन्धित स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा स्वयं से निर्मित उत्पाद (सजावटी झालर, अचार, आलू पापड़, आलू चिप्स, देशी घी, कम्पोस्ट खाद, हर्बल गुलात, नर्सरी के पौधे आदि प्रदर्शन हेतु स्टॉल लगाया गया।

जिलाधिकारी ने विकास खण्ड की टीम द्वारा किये गये अच्छे कार्य की सराहना की तथा स्वयं सहायता समूहों की दीदियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0 सतीश प्रसाद मिश्रा, उपायुक्त (स्वतः रोजगार) सविता सिंह, खण्ड विकास अधिकारी महराजगंज वर्षा सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बछरावां शिव बहादुर सिंह, ग्राम प्रधान संत लाल सहित संकुल स्तरीय समिति के पांच पदाधिकारी अध्यक्ष किरन, उपाध्यक्ष रामरानी, सचिव शाहजहाँ बानो, उपसचिव माधुरी, कोषाध्यक्ष तारावती, स्वयं सहायता समूह की दीदियों तथा ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मुटरु रामदास सेवा समिति ट्रस्ट के कार्य की हो रही सराहना जनता ने सच्चे समाजसेवी हरिओम मिश्रा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दिल्ली** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय मुटरु रामदास सेवा समिति ट्रस्ट ने एक अनोखी और सराहनीय पहल की घोषणा था। इस पहल के तहत संस्था ने निर्णय लिया है कि अब पक्षियों और छोटे जीवों के लिए विशेष 'पक्षी घर' (बर्ड हाउस) बनाए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने इस पहल की जानकारी देते हुए कहा कि इंसान जब बारिश, धूप या ठंड से परेशान होता है तो अपने घर की चारदीवारी में सुरक्षित रहता है। लेकिन पक्षियों के पास ऐसा कोई स्थायी आश्रय नहीं होता। बारिश में उनके घोंसले भीग जाते हैं, गर्मी में उन्हें छाया नहीं मिल पाती और कई बार तेज़ हवाओं से उनके छोटे-छोटे बसेरे टूट जाते हैं। इन परिस्थितियों ने समिति को यह सोचने पर मजबूर किया कि क्यों न पक्षियों के लिए भी घर बनाए जाएं। मुटरु रामदास सेवा समिति ट्रस्ट विगत कई वर्षों से समाजहित में कार्य करता आ रहा है। कभी गरीबों को भोजन उपलब्ध कराना, तो कभी सामाजिक जागरूकता अभियान चलाना- संस्था ने हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। अब पक्षियों के लिए आशियाना बनाना संस्था की संवेदनशीलता और दूरदृष्टि को दर्शाता है। जानकारी के अनुसार, ये पक्षी घर लकड़ी, टिन और पर्यावरण के अनुकूल सामग्रियों से बनाए जाएंगे। इनका आकार छोटा और सुरक्षित होगा, ताकि इनमें पक्षी आसानी से रह सकें। इन्हें पेड़ों, छतों और खुले स्थानों पर लगाया जाएगा, जहां पक्षियों की आवाजाही ज़्यादा होती है। संस्था का लक्ष्य है कि शुरुआत में अपने बजट के अनुसार सैकड़ों पक्षी घर बनाए जाएंगे और धीरे-धीरे पूरे जिले से लेकर पुरे प्रदेश में इन्हें फैलाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने इस कार्य योजना को सराहा और अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है। कई लोगों ने कहा कि यह कदम न केवल पक्षियों को जीवनदान देगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगा। ग्रामीणों और बच्चों में भी इस योजना को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि पक्षियों का अस्तित्व पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। पक्षी फसलों की रक्षा करते हैं, कीटों को नियंत्रित करते हैं और प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखते हैं। लेकिन आधुनिकता और शहरीकरण की दौड़ में उनके बसेरे लगातार नष्ट हो रहे हैं। ऐसे में समिति की यह पहल न केवल जीव-जंतुओं के प्रति करुणा का प्रतीक है, बल्कि पर्यावरण संतुलन की दिशा में भी एक सार्थक कदम है। अध्यक्ष पप्पू यादव और उप अध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने अपील करते हुए कहा है कि 'हम सब अपने घरों में सुरक्षित रहते हैं, लेकिन प्रकृति के ये छोटे जीव हमारी ही तरह आश्रय के हकदार हैं। मुटरु रामदास सेवा समिति ट्रस्ट इस दिशा में छोटा सा प्रयास कर रहा है। यह नम्बर जारी करते हुए 9467001446 मेरा अनुरोध है कि समाज के सभी लोग आगे आएं और इस कार्य में सहयोग दें, ताकि हम एक बड़ा बदलाव ला सकें। 'समिति की यह पहल केवल पक्षियों के लिए घर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक संदेश भी देती है - कि यदि इंसान प्रकृति के हर जीव-जंतु का ख्याल रखे, तो जीवन और भी सुंदर और संतुलित हो सकता है।

## संपूर्ण समाधान दिवस में 32 शिकायतें, चार का मौके पर निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** तहसील परिसर में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 शिकायतें दर्ज की गई, जिनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एडीएम वित्त एवं राजस्व अमृता सिंह ने की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष मामलों में समयबद्ध और निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

गुरबक्शगंज निवासी महेश कुमार ने खीरो थाना क्षेत्र के पूरे चिरौंजी मजरे चांदेमऊ गांव के एक व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने और निर्वाचक नामावली में जालसाजी करने का आरोप लगाया। शिकायत में कहा गया कि परिवार रजिस्टर में पिता के स्थान पर चाचा का नाम दर्ज करा दिया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव पर माता प्रसाद पुत्र पूरन का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की भी शिकायत की गई।

वहीं, नौरंग सिंह का पुरवा गांव की ईश्वरदेई, निर्मला, छिटाना, महादेव और राकेश ने सहन की भूमि पर प्रस्तावित आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण का विरोध जताया। ग्रामीणों का कहना था कि उनके मकान आबादी की भूमि पर बने हैं और घरों के सामने आंगनबाड़ी केंद्र बनने से असुविधा होगी।

धनाभाद गांव के करीब 40 ग्रामीण भी तहसील पहुंचे। बृजेश सिंह, प्रकाश, अशोक, कुलदीप, दिनेश कुमार, रितिक कुमार, गोवर्धन, अनूप, शिव शंकर, सर्वेश, सेजल, राम जानकी, सुंदर और समा सहित अन्य लोगों ने ग्राम सभा की भूमि पर अवैध प्लाटिंग का आरोप लगाया। उन्होंने भूमि की सुरक्षा और निष्पक्ष जांच की मांग की। समाधान दिवस के दौरान एसडीएम मिथलेश त्रिपाठी, तहसीलदार शिवम राठौड़, सीओ अमित कुमार सिंह, एसडीओ शिवम वर्मा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि प्रत्येक प्रकरण की गंभीरता से जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### दक्षिणी दिल्ली के आली विहार में मां-बेटे की निर्मम हत्या, डबल मर्डर से इलाके में सनसनी

**दक्षिणी दिल्ली के आली विहार में डबल मर्डर।**

**एक महिला और उसके मासूम बेटे की हत्या।**




**दक्षिणी दिल्ली।** दक्षिणी पूर्वी जिले के आली विहार में मां-बेटे की हत्या दक्षिणी दिल्ली में शनिवार शाम डबल मर्डर का मामला सामने आया है। आली विहार ई-ब्लाक स्थित एक मकान में रह रही महिला की उसके मासूम बेटे समेत हत्या कर दी गई है। डबल मर्डक से इलाके में सनसनी फैल गई है।

# आरेडिका में वंदे भारत प्रोटोटाइप रेक का सफल ट्रायल

**● महाप्रबंधक पीके मिश्रा ने किया निरीक्षण।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना परिसर में शुक्रवार को वंदे भारत प्रोटोटाइप रेक का ट्रायल हुआ। महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने पूरे ट्रायल का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान प्रथम चरण में ट्रेन की गति का परीक्षण हुआ। ड्राइवर केबिन से प्रमुख ऑनबोर्ड प्रणालियों का परीक्षण किया गया। पैंटोग्राफ और वैक्यूम सर्किट ब्रेकर (वीसीबी) के संचालन की जांच की गई। उच्च वोल्टेज प्रणाली का भी निरीक्षण हुआ। सभी क्रियाएं ड्राइवर डेस्क यूनिट से सफलतापूर्वक संचालित की गईं। इससे प्रणाली की समन्वित कार्यक्षमता का पता लगाया गया। एक लघु ट्रायल रन भी किया गया। ट्रैक्शन, गति और ओवरहेड इक्विपमेंट से लिए गए करंट का परीक्षण हुआ। प्रारंभिक संचालन के दौरान रेक को 10 किमी प्रति घंटा की निर्धारित सीमित गति पर चलाया गया। ब्रेक प्रतिक्रिया प्रणाली की जांच की गई। पैसेंजर एनाउंसमेंट और पब्लिक इंफॉर्मेशन सिस्टम (पीएपीआईएस) का परीक्षण भी सफल रहा। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष प्रकाश व्यवस्था की जांच की गई। महाप्रबंधक ने प्रकाश के सही एलाइनमेंट के निर्देश दिए। विद्युत क्यूबिकल्स की वैक्यूम और मैग्नेटिक क्लीनिंग सुनिश्चित करने को कहा गया। उद्देश्य उच्च सुरक्षा और विश्वसनीयता बनाए रखना है। महाप्रबंधक ने प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता विवेक खरे, मुख्य विद्युत डिजाइन अभियंता विजय, सीडब्ल्यूई अनुराग दत्त त्रिपाठी, सीमेंस के अनुराग गुप्ता तथा आरडीएसओ के अनुपम गुप्ता और विष्णु शंकर प्रसाद सहित सभी सहयोगियों



को बधाई दी। रेक का ट्रायल परियोजना की प्रगति की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। सीपीआरओ आरएन तिवारी ने बताया कि इसी साल 12 फरवरी को पूर्व में हुए निरीक्षण में जर्मन अभियंताओं ने भी भाग लिया। यह ट्रायल उच्च गति ट्रेनसेट निर्माण की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम में कारखाने के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। मेसर्स सीमेंस के प्रतिनिधि और अन्य उद्योग सहयोगी भी शामिल हुए।

# संक्षिप्त खबरें

## मार्ग दुर्घटना में क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी का निधन

**मनकापुर गोण्डा-** विकास खंड बभनजोत के क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा का अपने घर जाते समय रायबरेली रोड पर मऊ शिवाला अयोध्या के पास मार्ग दुर्घटना में निधन हो गया। मृतक के एक दो साल की पुत्री है। दुर्घटना की खबर सुनते ही ब्लाक में शोक छा गया, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त किया उनके साथ प्रधान संघ अध्यक्ष राहुल शुक्ल,ग्राम पंचायत अधिकारी वृजकेश मिश्रा, लेखाकार संजीव वर्मा, ग्राम पंचायत अधिकारी महेश सैनी, राजेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार, मुकेश मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## छात्र -छात्राओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम है रासेयो -रत्नेश

### -समापन समारोह

**रूद्रपुर, देवरिया।** रक्षा राव राजनाथ राव महाविद्यालय नारायणपुर देवरिया में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि रत्नेश त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के माध्यम से छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। उनमें श्रम की महत्ता सेवा भाव विभिन्न सामाजिक बुराइयों से लड़ने का जज्बा व एक दूसरे के साथ परस्पर ताल मेल से समाज की विभिन्न क्षेत्रों में जाकर अपनी प्रतिभा निखारने का भरपूर मौका मिलता है। सात दिनों के शिविर में स्वयंसेवक पढ़ाई के इतर सामाजिक समरसता की भावना सीखते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का पुरस्कार रंजय साहनी व सर्वश्रेष्ठ स्वयं सेविका का पुरस्कार शिव कुमारी को दिया। समारोह को कार्यक्रम अधिकारी डा विपुल सिंह डा राजेश सिंह सुखसागर शुक्ला कृष्ण महिमा उपाध्याय व शालिनी पांडे ने भी संबोधित किया। प्राचार्य डॉक्टर अविनाश सिंह ने सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। समारोह का संचालन प्रशासक अश्विनी द्विवेदी ने किया।जहां सुशील सिंह अमित चंद जवाहर राव सहित खुशी राव प्रीति यादव खुशी गुप्ता सबिया खातून सहित दर्जनों स्वयंसेवक तथा स्वयं सेविकाएं मौजूद रहे।

## तरकुलवा थाने का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को लेकर दिए निर्देश



**देवरिया।** आनन्द पाण्डेय, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने तरकुलवा थाने का औचक निरीक्षण कर प्रशासनिक व सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, अपराध पंजिका, लंबित विवेचनाएं और मालखाना प्रबंधन का बारीकी से अवलोकन किया। पुराने मुकदमाती माल के समयबद्ध निस्तारण तथा अभिलेखीकरण को सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। हवालात में बंदियों की सुरक्षा, स्वच्छता, पेयजल व प्रकाश व्यवस्था की जांच की। मेस, आरक्षी बैरक और शस्त्रागार का निरीक्षण कर साफ-सफाई व शस्त्रों के नियमित परीक्षण पर जोर दिया। सीसीटीएनएस कार्यालय में अपराध संबंधी ऑनलाइन प्रविष्टियों और डेटा अपडेट की स्थिति भी परखी। निरीक्षण के दौरान संजय रेड्डी, क्षेत्राधिकारी नगर एवं प्रभारी थानाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

## गोला तहसील पर समाधान दिवस में कुल आए 70 मामलों में मात्र तीन मामलों का हुआ निस्तारण



**गोलाबाजार गोरखपुर-** गोला तहसील पर आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार गोला सत्येंद्र मौर्य ने किया। इस संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 70 मामले आए जिसमें से मौके पर तीन का निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार गोला तहसील के संपूर्ण समाधान में मुख्य राजस्व अधिकारी को आना था। वह नहीं आए। उपजिलाधिकारी गोला अमित कुमार जायसवाल किसी आवश्यक कार्य के कारण अनुपस्थित रहे। उपनगर गोला के वार्ड न 11 सुअरज निवासी बंशी धर ने अपने सभासद पर चक नाली पर जबरन चक रोड़ बनवाने का आरोप लगाते प्रार्थना पत्र दिया है। इसके अतिरिक्त अन्य मामले राजस्व बिजली खाद्यान्न विकाश पेंशन पुलिस आदि से संबंधित आए।इस अवसर पर राजस्व निरीक्षक सहित अन्य विभागों से अधिकारी भारी संख्या में उपस्थित रहे।

# श्री शनिदेव मंदिर, सगरा तपोभूमि में संगीतमयी रामकथा का दिव्य आयोजन

### ●-शेषावतार लक्ष्मण की महिमा से गुंजायमान हुआ परिसर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** इटियाथोक-खरगूपुर मार्ग स्थित श्री शनिदेव मंदिर, सगरा तपोभूमि में चल रही संगीतमयी श्री राम कथा, श्री हनुमत महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। 17 फरवरी से प्रारंभ यह आध्यात्मिक महोत्सव 23 फरवरी 2026 तक चलेगा, जबकि 24 फरवरी को विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित है। इस पावन आयोजन में कथा व्यास के रूप में पूज्य महामंडलेश्वर रामकिशोर दास रामायणी (मथुरा-वृंदावन) श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा का रसपान करा रहे हैं। यज्ञाचार्य के रूप में विद्वान हरि नारायण शास्त्री वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री हनुमत महायज्ञ संपन्न करा रहे हैं। आयोजन के निवेदक पूज्य प्रेम नारायण दास जी महाराज (अयोध्या धाम) हैं तथा संरक्षक व विनीत रूप में पूज्य बमपति जी महाराज, महंत श्री शनिदेव मंदिर, समस्त व्यवस्था का संचालन कर रहे हैं।





**शेषावतार लक्ष्मण की भावपूर्ण कथा**

कथा के दौरान व्यास जी ने भगवान लक्ष्मण के शेषावतार स्वरूप का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि त्रेता युग में जब भगवान राम ने अवतार लिया, तब उनके अनुज लक्ष्मण वास्तव में अनंत शेषावतार थे। शेषनाग वही दिव्य शक्ति हैं जिनके फनों पर यह पृथ्वी टिकी है और जो भगवान विष्णु के शय्या स्वरूप हैं। व्यास जी ने कहा कि लक्ष्मण जी का जीवन त्याग, तपस्या और सेवा का अद्वितीय उदाहरण है। चौदह वर्षों का वनवास, निद्रा का त्याग, प्रभु श्रीराम और माता सीता की अनन्य सेवा तथा लंका युद्ध में मेघनाद वध–ये सभी प्रसंग श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रहे हैं। लक्ष्मण रेखा के प्रसंग को उन्होंने मर्यादा और धर्म की सीमा बताते हुए कहा कि 'जहाँ मर्यादा है, वहीं सुरक्षा है।'

**संत सम्मेलन और महायज्ञ से आध्यात्मिक वातावरण**

23 फरवरी को प्रस्तावित विराट संत सम्मेलन में विभिन्न क्षेत्रों से आए संत-महात्मा धर्म और समाज पर अपने विचार रखेंगे। श्री हनुमत महायज्ञ में प्रतिदिन आहुति दी जा रही है, जिससे पूरा क्षेत्र मंत्रोच्चार और भक्ति रस से सराबोर है। 24 फरवरी को दोपहर 2 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्र की समस्त श्रद्धालु जनता को आमंत्रित किया गया है।


**समाज को मिला सेवा और समर्पण का संदेश**

कथा के माध्यम से संतों ने कहा कि लक्ष्मण जी का शेषावतार हमें सिखाता है कि सच्ची भक्ति सेवा और समर्पण में है। परिवार और समाज में कर्तव्य पालन ही धर्म का मूल है। श्री शनिदेव मंदिर प्रांगण में चल रहा यह आध्यात्मिक आयोजन न केवल धार्मिक अनुष्ठान है, बल्कि सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण का भी माध्यम बन रहा है।

# भागवत कथा में श्रीकृष्ण व रूक्मिणी के विवाह प्रसंग का हुआ वर्णन

### ●विदर्भ के राजा भीष्मक के घर पुत्री के रूप में रुक्मिणी का हुआ था जन्म

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा टोला महुलानी में आयोजित नौ दिवसीय भागवत कथा नवाह ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण व रूक्मिणी की विवाह प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा व्यास क्षेत्रीय पुरोहित पंडित माधवाचार्य ने बताया कि विदर्भ के राजा भीष्मक के घर रुक्मिणी का जन्म हुआ था। बाल अवस्था से ही रूक्मिणी भगवान श्रीकृष्ण को सच्चे हृदय से पति के रूप में चाहती थी। लेकिन उनका भाई रुक्मिणी का विवाह गोपल राजा शिशुपाल के साथ कराना चाहता था लेकिन रुक्मिणी ने जब अपने भाई की इच्छा जानी तो उन्हें बड़ा दुख हुआ। अतः शुद्धमति के अंतपुर में एक सुदेव नामक ब्राह्मण आता-जाता था। रुक्मिणी ने उस ब्राह्मण से कहा कि वे श्रीकृष्ण से विवाह करना चाहती हैं, इसलिए सात श्लोकों में लिखा हुआ मेरा यह पत्र आप श्रीकृष्ण तक पहुंचा देना। कथा व्यास ने बताया कि रुक्मिणी ने स्वयं को प्राप्त करने के लिए पत्र के माध्यम से उपाय भी बताया था। पत्र में रुक्मिणी ने लिखा कि वह प्रतिदिन पार्वती की पूजा करने के लिए मंदिर जाती हैं वहीं मंदिर में श्रीकृष्ण आकर उन्हें ले जाएं। पत्र के माध्यम से रुक्मिणी ने कहा कि अगर आप मुझे स्वीकार नहीं करेंगे तो मैं आपको पति के रूप में पाने के लिए हजारों जन्म लेती रहूंगी। कथा व्यास माधवाचार्य ने बताया कि पार्वती के पूजन के लिए जब रुक्मिणी मंदिर गई तो उसी समय प्रभु श्रीकृष्ण रुक्मिणी का हरण कर द्वारिका ले गए और रुक्मिणी के पिता ने रीति रिवाज के साथ भगवान श्री कृष्ण के साथ अपनी पुत्री रूक्मिणी का विवाह कर दिए। विवाह के दौरान इंद्र लोक से सभी देवताओं द्वारा पुष्पों की वर्षा की तथा खुशियां लुटाई। कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण व गोपियों का वर्णन करते हुए बताया कि गोपियों ने भी भगवान श्रीकृष्ण से उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा प्रकट की थी। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों की इस कामना को पूरी करने का वचन दिया। अपने वचन को पूरा करने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने महारास का आयोजन किया। इसके लिए शरद पूर्णिमा की रात को यमुना तट पर गोपियों को मिलने के लिए कहा। सभी गोपियां सज-धजकर नियत समय पर यमुना तट पर पहुंच गईं। कृष्ण की बांसुरी की धुन सुनकर सभी गोपियां अपनी सुध-बुध खोकर कृष्ण के पास पहुंच गईं। उन सभी गोपियों के मन में कृष्ण के नजदीक जाने, उनसे प्रेम करने का भाव तो जागा, लेकिन यह पूरी तरह वासना रहित था। इसके बाद भगवान ने रास आरंभ किया। माना जाता है कि वृंदावन स्थित निधिवन ही वह स्थान है, जहां श्रीकृष्ण ने महारास रचाया था। यहां भगवान ने एक अद्भुत लीला दिखाई थी।

इस दौरान पंडित चंद्रभूषण शास्त्री, रमेश पाण्डेय, मुख्य यजमान लौजारी पत्नी विन्द्रावन पाल, उमेश पाण्डेय, सुदर्शन पाल, दशरथ, महेन्द्र, शंकर सहित क्षेत्र के तमाम धर्मानुरागी भक्त गण मौजूद रहे।

# गोरखपुर पुलिस की त्वरित सख्ती: नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पीपीगंज थाने ने 24 घंटे में दबोचा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** महिला एवं बाल सुरक्षा को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने वाली गोरखपुर पुलिस ने एक बार फिर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई का उदाहरण पेश किया है। थाना पीपीगंज क्षेत्र में नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म की जघन्य घटना के आरोपी को पुलिस ने महज घंटों के अंदर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पूरे क्षेत्र में राहत की लहर दौड़ गई है और कानून-व्यवस्था को लेकर जनता में पुलिस की सक्रियता की सराहना हो रही है। यह कार्रवाई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान 'महिला अपराध मुक्त गोरखपुर' के तहत हुई। पुलिस अधीक्षक उत्तरी के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज के सतर्क पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष पीपीगंज अरुण कुमार सिंह की अगुवाई वाली टीम ने रात-दिन की मेहनत के बाद आरोपी को उसके ठिकाने से पकड़ लिया। टीम में शामिल उपनिरीक्षक विकास मिश्रा (चौकी प्रभारी जंगल कौड़िया), उपनिरीक्षक अनिकेत भारती, कांस्टेबल प्रभाकर सिंह और कांस्टेबल अमरनाथ यादव ने समन्वित तरीके से छापेमारी कर आरोपी को बिना किसी रियायत के हिरासत में लिया।

मामला थाना पीपीगंज के मुकदमा संख्या 53/2026 से जुड़ा है। आरोपी अशोक निषाद (पुत्र बृज बिहारी निषाद), निवासी मेंहदरिया, थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 65(2) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5द्व/6 के गंभीर आरोप लगे हैं। पुलिस के अनुसार, पीड़िता की शिकायत पर तत्काल एफआईआर दर्ज की गई और उपलब्ध साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज तथा स्थानीय सूत्रों के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई। मात्र कुछ घंटों में ही आरोपी को उसके घर के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी को मेडिकल जांच के लिए भेज दिया गया है। पुलिस अब उससे पूछताछ कर पूरे मामले की गहराई में जा रही है। एसएसपी डॉ. कौस्तुभ ने स्पष्ट संदेश दिया है कि नाबालिगों के साथ होने वाले किसी भी अपराध में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम दिन-रात काम कर रही है। ऐसे जघन्य अपराधियों को कोई भी बच नहीं सकता।' पुलिस अधीक्षक उत्तरी ने भी इस सफलता पर टीम को बधाई दी और कहा कि महिला एवं बाल अपराधों पर नजर रखने के लिए विशेष निगरानी दल गठित किए गए हैं। क्षेत्राधिकारी कैम्पियरगंज ने बताया कि पीपीगंज थाना क्षेत्र में पिछले एक महीने में ऐसे तीन मामलों में त्वरित गिरफ्तारी हुई है, जिससे अपराधियों में खौफ का माहौल है। गिरफ्तारी के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की प्रशंसा की। एक स्थानीय निवासी ने कहा, 'पहले ऐसे मामले लंबे समय तक लटकते थे, लेकिन अब पुलिस तुरंत एक्शन ले रही है।' प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि कोई भी संदिग्ध गतिविधि देखने पर तुरंत 112 या थाने में सूचना दें।

# गोरखपुर में दो गुटों में बवाल: 10 मिनट तक सड़क पर चले ईंट-पत्थर, दुकान और गाड़ियों में तोड़फोड़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** तिवारीपुर थाना क्षेत्र शनिवार दोपहर उस समय रणक्षेत्र में तब्दील हो गया, जब दो गुटों के बीच मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया। करीब 10 मिनट तक सड़क पर ईंट-पत्थर चलते रहे, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। दबंग युवकों ने एक चाय की दुकान में घुसकर तोड़फोड़ की और बाहर खड़ी कई गाड़ियों को भी निशाना बनाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना दोपहर लगभग 12:30 बजे दुल्हन मैरेज हाउस के पास स्थित एक चाय की दुकान पर शुरू हुई। बताया जा रहा है कि रूद्रपुर और अंधियारीबाग क्षेत्र के युवकों के बीच किसी पुरानी रंजिश को लेकर पहले तीखी बहस हुई। देखते ही देखते मामला हाथापाई में बदल गया। इसी दौरान एक पक्ष के 10 से अधिक युवक दौड़ते हुए मौके पर पहुंचे और सीधे दुकान में घुसकर हमला बोल दिया।

अचानक हुए हमले से दुकान पर मौजूद दूसरे गुट के युवक घबरा गए और जान बचाने के लिए दुकान की छत पर चढ़ गए। नीचे खड़े हमलावरों ने उन पर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। जवाब में छत पर मौजूद युवक भी चिल्लाते रहे। हमलावर बेल्ट लहराते हुए गालियां देते और धमकियां देते नजर आए। सड़क पर भगदड़ मच गई और आसपास के दुकानदारों ने एहतियातन शटर गिरा दिए। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें युवक खुलेआम उत्पात मचाते दिख रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर समय रहते पुलिस नहीं पहुंचती तो बड़ा हादसा हो सकता था। सूचना मिलते ही तिवारीपुर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। थाना प्रभारी के नेतृत्व में दो चौकी इंचार्जों की टीम आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी में जुटी है। पुलिस का कहना है कि अंधियारीबाग और तरंग क्रॉसिंग क्षेत्र के युवकों के बीच पुराना विवाद चल रहा था, जिसकी वजह से यह झड़प हुई। मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही जा रही।

# ग्रामसभा रामचक के सरकारी इंटरलॉकिंग मार्ग पर कब्जा

### ●-लेखपाल की फर्जी रिपोर्ट पर मामला निस्तारित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रुद्रपुर,देवरिया।** तहसील रुद्रपुर में शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में ग्राम सभा रामचक स्थित सरकारी धन से निर्मित इंटरलॉकिंग सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण का गंभीर मामला एक बार फिर प्रशासन के सामने आ खड़ा हुआ। समाधान दिवस की सुनवाई के दौरान पूर्व मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक जयप्रकाश निषाद, उपजिलाधिकारी (न्यायिक) नम्रता सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की मौजूदगी में इस प्रकरण को दोबारा उठाया गया। प्रार्थी राणाप्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि पूर्व समाधान दिवस में दिए गए आवेदन पर लेखपाल द्वारा की गई स्थलीय जांच केवल कागजी खानापूर्ति रही। मौके की वास्तविक स्थिति को दरकिनार कर तथ्य विरुद्ध रिपोर्ट लगाई गई और अतिक्रमण जस का तस रहने के बावजूद प्रकरण को निस्तारित दिखा दिया गया। आवेदन में स्पष्ट किया गया है कि जिस इंटरलॉकिंग मार्ग पर अतिक्रमण किया गया है, उसका निर्माण ग्राम पंचायत द्वारा सरकारी धन से कराया गया था। इसके व्यय का विवरण ई-ग्राम स्वराज पोर्टल से प्राप्त कर प्रमाण स्वरूप संलग्न किया गया है। बावजूद इसके सार्वजनिक मार्ग को निजी कब्जे में लेने पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की जांच कर कार्रवाई का आश्वासन तो दिया है। लेकिन अब देखना यह है कि इस बार कार्रवाई कागजों तक सीमित रहती है या मौके पर भी दिखाई देती है।

# पट्टा भूमि विवाद गहराया, अदालत का वाद निरस्त होने के बाद पट्टाधारक आमरण अनशन पर

### ●- जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश के बावजूद कब्जा न मिलने से छितौनी के लाभार्थी धरने पर, अवैध कब्जा हटाने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**खड्डा, कुशीनगर।** जिले में पट्टा भूमि को लेकर विवाद अब और तेज हो गया है। नगर पंचायत छितौनी, तहसील खड्डा के वार्ड नंबर 13 सुभाषनगर के मुसहर पट्टाधारक शनिवार से आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। उनका आरोप है कि वर्ष 2016 में आवंटित आवासीय पट्टे की जमीन पर अब तक उन्हें कब्जा नहीं दिलाया गया, जबकि मामले में जिलाधिकारी न्यायालय से जुड़ा आदेश भी सामने आ चुका है। प्राप्त दस्तावेज के अनुसार, जिलाधिकारी न्यायालय, कुशीनगर (तहसील खड्डा) में वर्ष 2019 में दर्ज वाद संख्या 01727/2019 धारा 66, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 के अंतर्गत विचाराधीन था। न्यायालय के आदेश में उल्लेख है कि वादीगण द्वारा कई वर्षों से अपने वाद की पैरवी नहीं की गई और न ही साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, जिसके आधार पर न्यायालय ने वाद को निरस्त कर दिया।

हालांकि पट्टाधारकों का कहना है कि न्यायालयीय प्रक्रिया के बावजूद उनकी आवंटित भूमि (गाटा संख्या 2158) पर अभी भी अवैध कब्जा बना हुआ है। उनका आरोप है कि दबंगों के डर से वे अपने पट्टे की जमीन पर झोपड़ी या मकान तक नहीं बना पा रहे हैं। इसी के विरोध में आज नथुनी, रामप्रित, रामप्यारे, जीतन, रामबली, रामचन्द्र, गिरधारी, बाबूलाल, लालजी, नन्दु, रामधारी सहित दर्जनों लाभार्थी आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। अनशनकारियों ने प्रशासन से तत्काल अवैध कब्जा हटाकर जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की है। पट्टाधारकों ने चेतावनी दी है कि जब तक उन्हें उनका हक नहीं मिलेगा, तब तक अनशन जारी रहेगा और किसी भी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। वहीं स्थानीय प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और वार्ता के प्रयास जारी बताए जा रहे हैं।

# दहेज में 5 लाख और कार की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को पीटकर घर से निकाला, चार पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सहजनवां -गोरखपुर –** सहजनवां क्षेत्र में दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न, मारपीट, तोड़फोड़ और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, उरूवा थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर निवासी सुमित्रा (परिवर्तित नाम), पुत्री गामा प्रसाद यादव, की शादी 7 जुलाई 2021 को सहजनवां थाना क्षेत्र के सुरगहना निवासी प्रीतम यादव, पुत्र सांभर यादव, के साथ हुई थी। पीड़िता के परिजनों का आरोप है कि शादी में करीब चार लाख रुपये नकद, गहने और अन्य घरेलू सामान उपहार स्वरूप दिए गए थे। ससुर को सोने की चेन भी भेंट की गई थी। विवाह के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष के लोग कम दहेज लाने का ताना देने लगे और अतिरिक्त पांच लाख रुपये नकद तथा एक कार की मांग करने लगे। पीड़िता ने जब इसकी जानकारी अपने मायके वालों को दी तो उन्होंने आर्थिक असमर्थता जताई। आरोप है कि इसके बाद पति शराब के नशे में मारपीट करने लगा और सास-ससुर व ननद भी प्रताड़ना में शामिल हो गए।

इसी दौरान पीड़िता ने एक बच्ची को जन्म दिया। आरोप है कि 30 अक्टूबर 2023 को मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया गया। इसके बाद पीड़िता ने पारिवारिक न्यायालय में वाद दायर किया। समझौते के बाद पति उसे पुनः ससुराल ले गया, लेकिन प्रताड़ना का सिलसिला थमा नहीं। पीड़िता का आरोप है कि 18 फरवरी 2026 की रात करीब 9:30 बजे पति शराब के नशे में घर पहुंचा और घर के भीतर शराब पीने की जिद करने लगा। पत्नी द्वारा विरोध करने पर वह गाली-गलौज करने लगा। डर के कारण पीड़िता ने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया, लेकिन पति ने लात मारकर दरवाजा तोड़ दिया और उसे घर से भगा दिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति प्रीतम यादव, ससुर सांभर यादव, सास मीना देवी और ननद काजल यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की ।

# कोतवाली में आधी रात गुंडागर्दी- कार से पहुंचे बदमाशों की हवाई फायरिंग, पुरानी रंजिश में घर पर चढ़कर दी जान से मारने की धमकी—तीन गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर शुक्रवार की रात उस समय सनसनी फैल गई, जब चार पहिया वाहन से पहुंचे दबंगों ने एक घर के बाहर जमकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग कर दी। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 20 फरवरी 2026 की रात्रि में थाना कोतवाली अंतर्गत गंगेज होटल के बगल स्थित दुर्गाबाड़ी मोहल्ले में पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने वादिनी के घर पर धावा बोल दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी चार पहिया वाहन से पहुंचे और घर के बाहर खड़े होकर अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने जान से मारने की नीयत से हवाई फायर कर इलाके में दहशत फैला दी।

फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग सहम गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली में मु0अ0सं0 32/2026 के तहत धारा 191(2), 191(3), 109(1), 115(2), 352, 333, 351(3) भा.न्या.सं. में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद अभियुक्तों—आर्थक प्रताप सिंह, विपिन और अनीश शुक्ला—को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और घटना में प्रयुक्त वाहन व असलहे के संबंध में भी जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद दुर्गाबाड़ी इलाके में तनाव का माहौल रहा, हालांकि पुलिस की सक्रियता से स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है, लेकिन साथ ही इलाके में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग भी उठाई है। कोतवाली पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी और फायरिंग जैसी घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मजबूत पैरवी की जाएगी।

# फर्जी संबद्धता कांड में दो इंटर कॉलेजों पर मुकदमा दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जिले में शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करते हुए प्रशासन ने अमान्यता प्राप्त इंटरमीडिएट कक्षाओं के संचालन के मामले में कड़ी कार्रवाई की है। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देश पर दो इंटर कॉलेजों के प्रधानाध्यापकों के विरुद्ध थाना महुआडीह में मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई श्री जगरनाथ राव श्री कृष्ण प्रताप राव इंटरमीडिएट कॉलेज तथा मंजूर अली इंटर कॉलेज के खिलाफ की गई है। आरोप है कि कक्षा 11 व 12 के छात्रों का अवैध रूप से अन्य संस्थाओं से मिलीभगत कर पंजीकरण व नामांकन करा कर उन्हें बोर्ड परीक्षा में शामिल कराया गया। मामला तब खुला जब एक छात्रा ने जनता दर्शन में नामांकन व प्रवेश पत्र न मिलने की शिकायत की। जांच में अनियमितताओं की पुष्टि हुई। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गौरा रामपुर कारखाना की प्रधानाध्यापिका की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ। क्षेत्राधिकारी नगर संजय रेड्डी ने बताया कि सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगा। शिक्षा विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी अब सवाल उठने लगे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित



**चुनार, मीरजापुर।** तहसील सभागार में जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियों की जन समस्याएं सुनी और निस्तारण के निर्देश दिये। मीरजापुर खुर्द निवासिनी रानी देवी ने शिव प्रसाद, खदेरु आदि के विरुद्ध शिकायती पत्र में कहा कि गाँव के ही शिव प्रसाद पुत्र जवाहिर से 25 मई को एक आवासीय भूखंड मय टिन शेड क्रय किया है, बृहस्पतिवार को विक्रेता, उसका भाई व अन्य आकर कब्जा करने की धमकी देने लगे, जिसे रोके जाने की मांग किया। ग्राम बघेड़ी निवासिनी मुन्नी देवी ने ग्राम प्रधान के विरुद्ध दिये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके पति की स्वाभाविक मृत्यु 04-10-2025 को घर पर ही हो गई थी, ग्राम प्रधान द्वारा उसके पति का मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है।आज दिवस में कुल 79 प्रार्थना पत्र आये जिसमें से मात्र एक प्रार्थना पत्र का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। शेष को गुणवत्ता के आधार पर निस्तारण हेतु संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी राजेश कुमार वर्मा, सीओ मंजरी राव, तहसीलदार ईवेंद्र सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### अवैध शराब बनाकर बेचने वाले दो अभियुक्त गिरफ्तार

**चुनार,मिर्जापुर।** आगामी होली के त्यौहार के मद्देनजर अपराध को रोकने के अभियान क्रम में शनिवार को चुनार पुलिस द्वारा कोतवाली क्षेत्र के मालिक सोनकर पुत्र स्व सीताराम सोनकर निवासी ग्राम देवरिया थाना चुनार जनपद मिर्जापुर व बिंदु देवी पत्नी राजकुमार सोनकर निवासी ग्राम देवरिया थाना चुनार जनपद मिर्जापुर को 20 - 20 लीटर कच्ची शराब एवं शराब बनाए जाने वाले उपकरण के साथ गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

### आज भदोही आएंगे प्रभारी मंत्री

**भदोही।** जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार में नगर विकास सहित अन्य विभागों के मंत्री ए.के. शर्मा आज 22 फरवरी को शाम 4 बजे भदोही पहुंचेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह सड़क मार्ग से जनपद आगमन के बाद कलेक्ट्रेट ज्ञानपुर में अधिकारियों के साथ विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे। इसके साथ ही जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर विभिन्न योजनाओं की प्रगति की जानकारी लेंगे। प्रभारी मंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न, नकल का कोई मामला नहीं



**भदोही।** जनपद में 21 फरवरी शनिवार को आयोजित बोर्ड परीक्षा की प्रथम व द्वितीय पाली शांतिपूर्वक संपन्न हुई। किसी भी परीक्षा केंद्र से नकल या अनुचित साधनों के प्रयोग की सूचना नहीं मिली। प्रथम पाली में हाईस्कूल गृह विज्ञान विषय में 7,371 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 6,997 उपस्थित व 374 अनुपस्थित रहे। इंटरमीडिएट व्यवसायिक प्रश्नपत्र में 306 पंजीकृत छात्रों में से 291 उपस्थित और 15 अनुपस्थित रहे। वहीं संस्कृत बोर्ड की पूर्व मध्यमा हिंदी परीक्षा में 286 परीक्षार्थियों में से 193 उपस्थित व 93 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट इतिहास विषय में 4,101 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 3,825 उपस्थित व 276 अनुपस्थित रहे। प्रशासन की सतर्कता और कड़ी निगरानी के बीच सभी परीक्षाएं निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गईं। अधिकारियों के अनुसार केंद्रों पर सुरक्षा एवं निरीक्षण व्यवस्था प्रभावी रही।

# जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद चुनार का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार,मीरजापुर ।** जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने शनिवार को नगर पालिका परिषद चुनार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा भवन मानचित्र,जन्म मृत्यु नामांतरण आटि पटलो का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन मानचित्र व जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र रजिस्टर का अवलोकन किया। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चुनार को निर्देशित किया कि भवन मानचित्र नियमानुसार लम्बित प्रार्थना पत्रो का निस्तारण किया जाए एवं जन्म मुत्यु प्रमाण पत्र कम बनाए जाने पर निर्देशित किया गया कि प्राप्त आवेदन पत्रो समय के अर्नगत जन्म मुत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। राजस्व निरीक्षक कक्ष में अभिलेखों के समुचित रखरखाव सही न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि रैक लगाकार दस्तावेजा व्यवस्थित ढंग से रखा जाए। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कक्ष का निरीक्षण किया गया बताया गया कि 85 सफाई कर्मी एवं कुल कर्मचारियो की संख्या 141 है।आदर्श नगर पालिका के अंतर्गत निर्मित दुकानों के आवंटन में पारदर्शिता बरतते हुए निर्धारित किराया व प्रीमियम तय कर नीलामी कराएं ताकि आय में वृद्धि हो सके। निरीक्षण के दौरान चकईपुर में निर्मित सीसी सड़क के निर्माण के लिए तैयार आगणन पर आपत्ति जताते हुए असंतोष प्रकट किया। मुहल्ले में एक अन्य सीसी सड़क के लगभग चालीस लाख रुपये के आगणन पर भी असंतोष जताया और निर्देशित किया कि कार्य के सापेक्ष हनिरीक्षण के दौरान नगर में चल रहे विकास संबंधी निर्माण कार्यो के सम्बधं में जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चुनार विजय कुमार यादव को निर्देशित किया कि शासन से प्राप्त धन का सदुपयोग करते हुए सभी परियोजनाएं गुणवत्तापूर्ण ढंग व समय से पूर्ण कराई जाएं तथा कार्य में विलंब करने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि पूर्ण परियोजनाओ का उपयोगिता प्रमाण पत्र भेज दिया जाए। अमृत सरोवर, वंदन योजना के तहत घाट तथा उपवन निर्माण कार्य विलंब पर असंतोष जताया। जिलाधिकारी ने उपवन योजना के लिए प्रभागीय वनाधिकारी से वार्ता कर समन्वय स्थापित करते हुउ कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का निर्देश दिया। 15वें वित्त के कार्य तत्काल शुरू कराने तथा नगर के विद्यालयों में एमडीएम शेड निर्माण कराने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आई जी आर व अन्य शिकायतो का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे यदि आवश्यकता पड़े तो स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण करें। निरीक्षण के दौरान चेयरमैन नगर पालिका चुनार मंसूर अहमद, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद चुनार विजय यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# एससीएसपी योजना के अंतर्गत किसानों को बीज वितरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सीखड़, मिर्जापुर।** किसानों को उन्नत तकनीक से जोड़ने तथा खेती को अधिक लाभकारी बनाने के उद्देश्य से एससीएसपी (स्ष्टस्क्क) योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सीखड़ एवं ग्राम रामगढ़ में बीज एवं कृषि इनपुट वितरण के साथ किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जयसुधा (डिपार्टमेंट ऑफ जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग), जो एससीएसपी प्रोजेक्ट की इंचार्ज भी हैं, तथा डॉ. विजय पी. (डिपार्टमेंट ऑफ प्लांट फिजियोलॉजी, इंस्टीट्यूट ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज) की प्रमुख भूमिका रही। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने उन्नत मक्का उत्पादन तकनीक, बीज चयन, फसल प्रबंधन एवं लागत कम करने के उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। संवाद सत्र में किसानों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। किसानों ने बताया कि सरकार द्वारा निर्धारित एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) पर उन्हें अपनी उपज की बिक्री नहीं हो पाती है, जिससे उन्हें वास्तविक लाभ नहीं मिल पा रहा। उन्होंने इस विषय पर ठोस पहल की मांग की। साथ ही साइलोज मक्का के मामले में कंपनियों द्वारा उचित मूल्य न दिए जाने की समस्या भी उठाई गई। कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम सीखड़, पोस्ट सीखड़, ब्लॉक सीखड़, जिला मिर्जापुर, उत्तर प्रदेश के 25 अनुसूचित जाति किसानों को मक्का (Maize) हाइब्रिड बीज किस्म डीकेसी 9108 प्लस का वितरण किया गया। इसी क्रम में ग्राम रामगढ़ के 25 किसानों को कृषि इनपुट के रूप में तिरपाल (Tarpaulin) एवं कर्सी (हैंडल सहित) वितरित किए गए। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि बीज वितरण के साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम से उन्हें खेती से जुड़ी नई जानकारियां प्राप्त हुई हैं, जो उनकी आय बढ़ाने में सहायक होंगी। आयोजकों ने बताया कि एससीएसपी योजना के अंतर्गत आगे भी इस प्रकार के प्रशिक्षण एवं संसाधन वितरण कार्यक्रम जारी रहेंगे, जिससे किसानों को निरंतर लाभ मिलता रहेगा। उक्त अवसर पर विजय संग्राम विनोद सहित सैकड़ों किसान भाई उपस्थित रहे।

# शिक्षा मित्र व अनुदेशकों में दौड़ी खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीखड़ मीरजापुर।** वर्षों से अपनी मानदेय बढ़ौतरी करने की मांग कर रहे शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई,जब मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा से उनकी मानदेय बढ़ौतरी की घोषणा कर दी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के घोषणा से शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों में हर्ष व्याप्त हो गया, और शिक्षा मित्रों व अनुदेशकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया है। शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों ने लम्बे समय से अपनी मानदेय बढ़ौतरी को लेकर काफी प्रयत्नशील रहें, उनके खुशी का ठिकाना तब देखने को मिला जब शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में एक अप्रैल से शिक्षा मित्रों का मानदेय 10 दस हजार रुपए से बढ़ाकर 18 हजार रुपए महीना करने की घोषणा की तथा अनुदेशकों का 17 हजार रुपए महीना करने की घोषणा की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की इस घोषणा से शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों में खुशी की लहर दौड़ गई। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया।साथ ही शिक्षक संघ ने भी शिक्षा मित्रों एवं अनुदेशकों के मानदेय वृद्धि पर उन्हें बधाई दी है। सीखड़ विकास खण्ड के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष सूरजीत सिंह शिक्षा मित्र? संघ व्लाक अधयक्ष महेशदत्त उपाध्याय, अभयराज मिश्रा , योगेंद्र सिंह, सुभाष चन्द्र, रेखा रानी , रेशमा सिंह, कंचन पाठक,मनोज तिपाठी , चन्दन , प्रतिभा पांडेय, शकुंतला त्रिपाठी, रंजना चतुर्वेदी, अनुदेशिका प्रियंका चतुर्वेदी बधाई देते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मण्डलायुक्त व पुलिस महानिरीक्षक द्वारा तहसील मड़िहान में सुनी गई जन समस्याए

**●सम्बन्धित को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के दिए गए निर्देश जमीन सम्बन्धी मामलों में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम कराये निस्तारण**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर ।** शनिवार को मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल 'राजेश प्रकाश' व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर 'आर.पी. सिंह' द्वारा जनपद मीरजापुर के तहसील मड़िहान में फरियादियों की समस्या सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया तथा अधीनस्थों को निर्देश दिया कि शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाए, समाधान ऐसा करें कि फरियादी संतुष्ट हो जाए और उन्हें दोबारा शिकायत करने की जरूरत न पड़े एवं यह भी निर्देश दिया कि जनशिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाए। राजस्व से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाए तथा शिकायतों का निस्तारण कागजों तक सीमित न हो, शिकायतकर्ता की शिकायत का वास्तविक निस्तारण हो । भूमि विवाद, चकरोड व अवैध कब्जा आदि की शिकायतों का निस्तारण राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर करें । संबंधित थाना प्रभारी को असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए निरोधात्मक कार्यवाही किए जाने का निर्देश दिया गया ।

# सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**● सीएम डैशबोर्ड में जनपद की रैंकिंग सुधार को लेकर सीडीओ की अध्यक्षता में विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**भदोही-** सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की साप्ताहिक समीक्षा सहित निर्माणाधीन निर्मित 85 इंडिकेटर्स की समीक्षा जिलाधिकारी शैलेष कुमार के कुशल निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। इस अवसर पर ने विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों के सतत् प्रयास से माह जनवरी में जनपद के रैंकिंग 15वें स्थान आने पर अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिया कि रैंकिंग में सुधार लाये। जनपद की निर्माणाधीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समीक्षा की गयी। जिसमें सभी कार्य को समय के साथ गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्हें शीघ्र पूर्ण कर मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर अंकित किया जाय। जिससे जनपद की रैंकिग में सुधार हा सके। उद्योग विभाग को टूलकिट वितरण में पूर्ण पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित सभी सूचनाएं समयबद्ध व शत-प्रतिशत अद्यतन रहनी चाहिए। शासन की प्राथमिक योजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नही की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी कार्यालयाध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों में कोई नई परियोजना आ रही है तो डीएसटीओ के माध्यम से जिला प्रशासन से अवलोकित अवश्य कराकर कार्य प्रारम्भ करें। साथ ही सम्बन्धित जॉच अधिकारियों को निर्देश दिया कि मौके पर जो भी कार्य हो रहा है उस कार्य का डाईग चार्ट, स्टीमेट, कार्य प्रोवेजन सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से अवश्य प्राप्त कर ली जाय। उसी के अनुसार कार्य सुनिश्चित कराये। विलम्बित होने वाली कार्यो पर मुख्य विकास अधिकारी ने गहरी नाराजगी जताते हुए सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-सीमा के भीतर मानक गुणवत्ता के अनुरूप कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित कराये। इस कार्य में लापरवाही, शिथिलता कत्तई बर्दाश्त नही की जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संतोष चक, जिला विकास अधिकारी ज्ञान प्रकाश, उप कृषि निदेशक अश्वनी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवम पाण्डेय, नीरव सिंह, सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# 710 से सीधे 60420 पहुँचा बिजली का बिल, एक महीने से चक्कर काट रहा बुजुर्ग

**● मीटर रीडर और बिजली विभाग की लापरवाही का नतीजा, बिजली बिल सुधार और कार्यवाही की मांग**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही-** अभोली ब्लॉक के पाली विद्युत उपकेंद्र से जुड़े मतेथू गांव में बिजली विभाग की लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां मीटर रीडर और जिम्मेदार अधिकारियों की कथित अनदेखी के चलते एक उपभोक्ता को स्टोर मीटर रीडिंग के नाम पर एक ही महीने में लगभग 60420 हजार रुपये का भारी-भरकम बिजली बिल थमा दिया गया। मामला पाली विद्युत उपकेंद्र से जुड़ा है। गांव निवासी 75 वर्षीय रमाशंकर दुबे के अनुसार अगस्त महीने में उनका बिजली बिल मात्र 710 रुपये था, जबकि सितंबर में अचानक बिल बढ़कर करीब 61 हजार रुपये पहुंच गया। भारी बिल देखकर वह हैरान रह गए और तत्काल पावर हाउस पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित का आरोप है कि पिछले एक महीने से वह विभागीय अधिकारियों के दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। विभागीय कर्मचारियों ने मीटर के 'स्टोर' हो जाने को बिल बढ़ने का कारण बताया, मगर उपभोक्ता का कहना है कि यदि मीटर स्टोर था तो समय रहते इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई। रमाशंकर दुबे का कहना है कि जब बिल 5-10 हजार रुपये तक पहुंचा था, तब भी विभाग सूचना देकर समस्या का समाधान कर सकता था, लेकिन 60 हजार रुपये का बिल भेजे जाने के बाद जानकारी देना विभागीय लापरवाही को दर्शाता है। इस पूरे मामले में मीटर रीडर और संबंधित जेई की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि ट्विटर पर शिकायत करने के बावजूद फर्जी निस्तारण दिखाकर मामले को बंद कर दिया गया। उन्होंने जिलाधिकारी और योगी आदित्यनाथ सहित विद्युत विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर बिल संशोधन और दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# आगामी पर्वों को लेकर सुरियावां थाने में पीस कमेटी की बैठक, सौहार्दपूर्ण उत्सव की अपील

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** होली, ईद-उल-फितर, नवरात्रि व रामनवमी सहित आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से थाना सुरियावां परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार मिश्रा, तहसीलदार भदोही एवं थानाध्यक्ष सुरियावां की मौजूदगी में विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं, गणमान्य व्यक्तियों, ग्राम प्रधानों व डिजिटल वॉलंटियरों ने भाग लिया। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और सुझाव लिए। सभी से अपील की गई कि त्योहारों को आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाएं तथा शासन की गाइडलाइन का पालन करें। बिना अनुमति शोभायात्रा या धार्मिक जुलूस न निकालने और सड़क बाधित कर आयोजन न करने की हिदायत दी गई। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अफवाह या भ्रामक सूचना फैलाने वालों के विरुद्ध कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आमजन से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

# बीएड छात्रों का चित्रकूट भ्रमण, समावेशी शिक्षा मॉडल का किया अध्ययन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएड तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकूट का दौरा कर शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक अनुभव प्राप्त किया। भ्रमण की शुरुआत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) से हुई, जहां डॉ. अखिलेश पांडेय के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने संस्थान की संरचना, कार्यप्रणाली एवं शैक्षिक अवधारणाओं को विस्तार से समझा। इसके उपरांत छात्र-छात्राएं जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय पहुंचे। यहां प्रोफेसर रीना पांडे के नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कराया गया तथा डॉ. नीतू मिश्र एवं डॉ. संध्या पांडेय ने प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में डीन डॉ. निहार रंजन मिश्र, हेड (सामान्य) डॉ. नीतू मिश्र, हेड (विकलांग) डॉ. मुकुल पाण्डेय, डॉ. विश्वेष पाण्डेय, ललित कला विभाग के हेड एवं डीन डॉ. गुलाबधर सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। भ्रमण दल को महाविद्यालय से डॉ. अभिमन्यु यादव, डॉ. विपुल यादव एवं डॉ. राममूर्ति बिंद ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ में डॉ. जयप्रकाश शर्मा, डॉ. लोकपति त्रिपाठी, डॉ. संजय कुमार चौबे, डॉ. सुधीर कुमार रंजन, डॉ. मोनिका, डॉ. जय सिंह यादव, डॉ. लता, डॉ. राजेश यादव, डॉ. अभिषेक एवं राजेश जी भी शामिल रहे। शैक्षिक गतिविधियों के साथ विद्यार्थियों ने गुप्त गोदावरी, कामतानाथ मंदिर तथा रामघाट स्थित मतगजेंद्र मंदिर में दर्शन कर आध्यात्मिक अनुभव भी प्राप्त किया।

# अग्निवीर धीरज गुप्ता को नम आंखों से अंतिम विदाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** औराई क्षेत्र के जेठूपुर गांव निवासी अग्निवीर धीरज गुप्ता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु से पूरे जनपद में शोक की लहर है। जम्मू-कश्मीर के नगरोटा में तैनात धीरज का पार्थिव शरीर सैन्य वाहन से वाराणसी स्थित मिलिट्री कैंप लाया गया, जहां सैन्य अधिकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। शनिवार सुबह तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर जनपद पहुंचते ही बाबूसराय, औराई और घोसिया में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हाथों में तिरंगा लिए लोग अपने वीर सपूत के अंतिम दर्शन को सड़कों पर खड़े रहे। 'अग्निवीर धीरज गुप्ता अमर रहें' के नारों से वातावरण गूंज उठा और हर आंख नम दिखी। जिलाधिकारी शैलेष कुमार पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक सहित जनप्रतिनिधियों ने पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। भोगांव गंगा घाट पर सैन्य सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। धीरज की असामयिक मृत्यु से क्षेत्र स्तब्ध है। अंतिम यात्रा में उमड़ा जनसैलाब उनके प्रति लोगों के प्रेम, सम्मान और देशभक्ति की भावना को दर्शाता रहा।

# संक्षिप्त खबरें

## मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन कल (22 फरवरी को)




ब्यूरो प्रयागराज- राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा माननीय कार्यपालक अध्यक्ष/ वरिष्ठ न्यायमूर्ति, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज श्री सत्य प्रकाश त्रिपाठी की अध्यक्षता में कल दिनांक 22.02.2026 को पूर्वाहन 10:00 बजे रामदुलारी बच्चू लाल जायसवाल पीजी कॉलेज नवाबगंज, सोरांव में मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया गया है। मेगा/वृहद विधिक सहायता एवं सेवा शिविर में विभिन्न विभागों की योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे तथा अधिक से अधिक लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित कराया जाएगा एवं योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## माधव ज्ञान केंद्र में तीन दिवसीय क्षेत्रीय संगीत कार्यशाला का समापन




नैनी, प्रयागराज विद्या भारती से संबद्ध काशी प्रांत के सरस्वती विद्या मंदिर माधव ज्ञान केंद्र नैनी प्रयागराज में प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र के संयोजन में चल रहे तीन दिवसीय क्षेत्रीय संगीत कार्यशाला का समापन विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद्र जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।विद्यालय के मीडिया प्रभारी संजय कुमार मिश्र ने बताया कि समापन अवसर पर पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र संयोजक, सह क्षेत्र संयोजक, प्रांत संयोजक एवं सहप्रांत संयोजकों के साथ-साथ महानगर के समस्त शिशु एवं विद्या मंदिरों के संगीताचार्यों को भी आमंत्रित कर संगीत के पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान की गई और गीतों का अभ्यास कराया गया। समापन सत्र में भी अखिल भारतीय सह संगीत प्रमुख एवं क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री डॉ राम मनोहर एवं अखिल भारतीय संगीत प्रमुख एवं प्रख्यात ध्रुपद गायक विनोद कुमार द्विवेदी का मार्गदर्शन मिला।प्रतिभागियों को संबोधित करते हु? क्षेत्रीय संगठन मंत्री हेमचंद जी ने बताया कि विद्या भारती द्वारा निर्धारित एवं संकलित गीतों से देश के प्रति आदर, भक्ति एवं संस्कृति के प्रति प्रेम एवं जागरण का भाव होता है, भाषण से अधिक गीत प्रभावशाली होता है इससे व्यक्ति का मानसिक विकास भी होता है उन्होंने कहा कि जितने भी गीत निश्चित हुए हैं उन सब को अपने-अपने विद्यालयों में बच्चों से कंठस्थ कराकर विद्यालय में समय-समय पर होने वाले कार्यक्रमों में उन गीतों का प्रस्तुतीकरण करवाया जाए द्य और समय-समय पर सभी प्रांत संयोजक अपने-अपने प्रांत के विद्यालयों में जाकर प्रवास करें और बच्चों एवं संगीताचार्यों को इसका अभ्यास कराएं।तीन दिवसीय कार्यशाला को 8 सत्रों में बांटा गया था, इस कार्यशाला में 3 अखिल भारतीय गीतों के साथ-साथ क्षेत्रीय स्तर पर भी 4 गीतों को शामिल कर 7 गीतों की श्रृंखला बनाई गई द्य प्रतिभागियों में गोरक्ष प्रांत से दिग्विजय मिश्र, अरुणिमा श्रीवास्तव, जगदीश कुमार कानपुर प्रांत से बृजेश कुमार अवध क्षेत्र से अलिक सरकार, शिव प्रकाश पाण्डेय तथा काशी प्रांत से दीनबंधु सिंह, राम जी मिश्र अविनाश राय, भरत सिंह सहित लगभग 18 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।कार्यशाला में आए हुए प्रतिभागियों एवं अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य अजय कुमार मिश्र ने परिचय क्षेत्रीय सहसंयोजक बृजराज दुबे ने तथा संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संगीत संयोजक मनोज कुमार गुप्ता ने किया

# फूलपुर में समाधान दिवस में कुल 332 प्रकरण सुनवाई के लिए आयें, 10 प्रकरणों का मौके पर किया गया निस्तारण।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ब्यूरो प्रयागराज- जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को तहसील फूलपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए निर्देशित किया कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने शिकायतों का निस्तारण समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के लिए निर्देशित किया है। इस अवसर पर तहसील परिसर में विभिन्न विभागों के द्वारा उनसे सम्बंधित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन करते हुए जानकारी प्राप्त की एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए पात्र लोगो को योजनाओं से लाभान्वित कराये जाने हेतु निर्देशित किया है। जिलाधिकारी ने तहसील में पोषण अभियान के अन्तर्गत 3 महिलाओं- उर्मिला, सोनी, राधिका की गोदभराई एवं 2 बच्चों-आरूषि एवं अर्चित का अन्नप्राशन भी कराया। इसके साथ ही उन्होंने गर्भवती महिलाओं को लगाये जाने वाले टीको के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाले बिंदुओं में से एक है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने शिकायतकर्ता का फीडबैक लेने और शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट भी कराये जाने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में आयें हुए वरासत, अवैध कब्जा व अन्य शिकायतों का शीघ्रता से निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। प्रार्थनापत्रों की अलग-अलग सूची बनाकर सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील फूलपुर में कुल 332 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें राजस्व विभाग से सम्बंधित 210, पुलिस विभाग की 59, विकास विभाग की 15, समाज कल्याण विभाग की 01, शिक्षा विभाग की 01, चकबंदी विभाग की 04, विद्युत विभाग की 08 व अन्य विभागों से सम्बंधित 34 शिकायतें थी, जिनमें से 10 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जिलाधिकारी ने शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों को आज ही प्राप्त करते हुए उनको निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को हिदायत देते हुए कहा है कि शिकायतों का निस्तारण अनिवार्य रूप से निर्धारित समयसीमा के अन्तर्गत हो जाना चाहिए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी फूलपुर जूही, जिला विकास अधिकारी जी0पी0 कुशवाहा, तहसीलदार सुरेश चन्द्र सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

**●जर्जर भवन पर किरायेदार नहीं रोक सकते ध्वस्तीकरण, जन सुरक्षा सर्वोपरि।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ब्यूरो प्रयागराज इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सार्वजनिक जन सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्पष्ट किया है कि यदि कोई भवन जर्जर और खतरनाक स्थिति में पाया जाता है तो उसके ध्वस्तीकरण में किरायेदार बाधा नहीं बन सकते। ऐसे हालात में उन्हें भवन खाली करना अनिवार्य होगा। खंडपीठ ने कहा कि व्यक्तिगत अधिकार, सार्वजनिक हित और जन सुरक्षा के अधिकार पर प्रभावी नहीं हो सकते। यदि भवन से आम जनता की जान को खतरा है तो प्रशासन को वैधानिक अधिकारों के तहत तत्काल कार्रवाई करने की स्वतंत्रता है। यह आदेश न्यायमूर्ति नीरज तिवारी और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने मुक्तेश्वर महादेव मुक्तेश्वरी दुर्गा धर्मार्थ सेवा समिति वाराणसी व अन्य की याचिका पर पारित किया। आदेश के मुख्य बिंदु जर्जर और खतरनाक भवन की स्थिति में सार्वजनिक सुरक्षा सर्वोच्च मानक है किरायेदार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई में अवरोध नहीं बन सकते प्रशासन को कानून के तहत त्वरित कार्रवाई का अधिकार व्यक्तिगत अधिकार बनाम सार्वजनिक हित की स्थिति में सार्वजनिक हित को वरीयता यह फैसला स्पष्ट रूप से सार्वजनिक सुरक्षा के सिद्धांत को मजबूत करता है। अदालत ने यह संदेश दिया है कि यदि किसी संरचना से जनहानि की आशंका है तो प्रशासन की कार्रवाई को कानूनी संरक्षण प्राप्त है। हालांकि हर मामले में जर्जर घोषित करने की प्रक्रिया पारदर्शी और तकनीकी परीक्षण पर आधारित होनी चाहिए। प्रशासनिक निर्णय का आधार इंजीनियरिंग रिपोर्ट और वैधानिक नोटिस होना अनिवार्य है, अन्यथा विवाद की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। तथ्य यह है कि सार्वजनिक सुरक्षा संवैधानिक दायित्व है। अदालत ने उसी सिद्धांत को लागू किया है।

# केरल में एसआईआर के बाद अंतिम मतदाता सूची जारी, राज्य में कुल 2.69 करोड़ मतदाता, इसी लिस्ट पर होगा चुनाव।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




ब्यूरो प्रयागराज- केरल में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन- एसआईआर) प्रक्रिया पूरी होने के बाद अंतिम मतदाता सूची में कुल 2,69,53,644 मतदाता दर्ज किए गए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी रतन यू. केलकर के कार्यालय ने यह जानकारी दी। अंतिम आंकड़े विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद जारी किए गए। अद्यतन मतदाता सूची का आधिकारिक प्रकाशन 21 फरवरी को किया जाएगा और यही सूची आगामी विधानसभा चुनावों में लागू रहेगी। 23 दिसंबर को प्रकाशित ड्राफ्ट मतदाता सूची में 2.54 करोड़ मतदाता दर्ज थे। एसआईआर की पहली चरण की प्रक्रिया के दौरान राज्य भर में 2.78 करोड़ फॉर्म वितरित किए गए थे। जांच, सुनवाई और आवश्यक संशोधनों के बाद मतदाताओं की अंतिम संख्या बढ़कर 2.69 करोड़ हो गई है। अंतिम सूची के अनुसार, राज्य में 1.31 करोड़ पुरुष और 1.38 करोड़ महिला मतदाता हैं, जो दर्शाता है कि केरल में महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है। इसके अलावा 2,23,558 प्रवासी (ओवरसीज) मतदाता भी अंतिम सूची में शामिल किए गए हैं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के अनुसार, राज्य की सभी 140 विधानसभा सीटों पर सुनवाई के बाद प्रारूप सूची से 53,229 नाम हटाए गए। इनमें वे लोग शामिल हैं जिनकी गणना अवधि के दौरान मृत्यु हो गई, जिन्होंने विदेशी नागरिकता प्राप्त कर ली, जो अन्य स्थानों पर स्थानांतरित हो गए या जिनके नाम दोहराव (डुप्लीकेट) पाए गए। प्रारूप सूची के प्रकाशन के बाद निर्वाचन आयोग ने सुनवाई के लिए 36,88,948 नोटिस जारी किए थे। अब इन सभी मामलों का निपटारा कर दिया गया है। इनमें 19,32,688 ऐसे मतदाता थे जिनका विवरण 2002 की मतदाता सूची से लिंक नहीं हो पाया था (नो मैपिंग श्रेणी), जबकि 17,56,260 मतदाताओं के रिकॉर्ड में स्थानीय स्तर पर विसंगतियां पाई गई थीं। पिछले वर्ष 27 अक्टूबर से 30 जनवरी 2026 के बीच आयोग ने मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए प्राप्त 13,51,151 नए आवेदन (फॉर्म-6) स्वीकार किए। इसके अतिरिक्त, प्रवासी मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए 1,59,111 आवेदन (फॉर्म-6ए) भी मंजूर किए गए। इसी अवधि में नाम जोड़ने या हटाने से जुड़े कुल 24,28,639 आवेदनों पर कार्रवाई की गई, जबकि 3,93,333 प्रपत्रों के जरिए मौजूदा प्रविष्टियों में संशोधन किए गए। अंतिम मतदाता सूची तैयार होने के साथ ही अब राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों पर जोर दिया जा रहा है।

# राहुल गांधी का हमला- 'बहुत मुमकिन है एपस्टीन फाइल्स में पीएम मोदी का नाम हो'

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ब्यूरो प्रयागराज- नेता विपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी किया। जिसमें उन्होंने यूएस ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स, अडानी मामले के तार जोड़े। उन्होंने पीएम मोदी पर जबरदस्त हमला करते हुए कहा कि बहुत मुमकिन है कि उनका नाम भी एपस्टीन फाइल्स में हो। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी और उद्योगपति अनिल अंबानी के नाम तो हैं ही। इस पूरे प्रकरण को राहुल ने अलग तरह से समझाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसे समझौते पर सहमति क्यों दी, 'पूर्ण समर्पण' क्यों किया। इसका जवाब उन पर लगे 'ग्रिप्स' (पकड़) और 'चोक्स' (गला घोंटना) में छिपा है। यानी राहुल यह कहना चाहते हैं कि पीएम मोदी को नियंत्रित करके यूएस ट्रेड डील कराई गई है। वरना किसानों, मजदूरों के साथ इतना बड़ा धोखा नहीं होता। राहुल गांधी ने यह भी दावा किया कि इस समझौते से भारत एक 'डेटा कॉलोनी' बन जाएगा। राहुल गांधी ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने संसद में अपने हालिया भाषण का जिक्र किया।राहुल ने कहा, 'मैंने संसद में ट्रेड डील पर अपने भाषण में कहा कि हमारे किसानों को अमेरिकियों को खुश करने के लिए क्यों बलिदान किया गया? भारत की ऊर्जा सुरक्षा से क्यों समझौता किया गया, अमेरिका को हमारे तेल आपूर्ति पर निर्देश देने की अनुमति कैसे मिली? अमेरिका से आयात को। सालाना 100 अरब डॉलर बढ़ाने पर सहमति क्यों दी गई, बिना पारस्परिक वादे के? मैंने क्यों कहा कि यह समझौता भारत को डेटा कॉलोनी में बदल सकता है? मोदी जी ने ऐसे समझौते पर सहमति क्यों दी जहां भारत इतना कुछ देता है और बदले में इतना कम मिलता प्रतीत होता है? इस पूर्ण समर्पण का जवाब पीएम पर लगे 'ग्रिप्स' और 'चोक्स' में है। '

**राहुल गांधी इसी वीडियो में कहते सुने जा सकते हैं -** 'हम जानते हैं कि हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल्स में है। अनिल अंबानी का नाम है। बहुत संभव है कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का भी नाम हो...।ऐसा लग रहा है कि प्रधानमंत्री चीन और अमेरिका के बीच फंसे हुए हैं। पर असली दिक्कत ये नहीं है, असली दिक्कत है उनकी नक़ली छवि! 'राहुल ने कहा कि 'मैंने ग्रिप और चोक शब्दों का इस्तेमाल इसलिए किया क्योंकि उस खेल में आप विरोधी को कैसे नियंत्रित करते हैं, इसका पता चलता है। लेकिन ये राजनीतिक क्षेत्र में भी मौजूद हैं। और राजनीति के मेरे अनुभव में, मैंने देखा है कि राजनीतिक ग्रिप्स और राजनीतिक चोक्स ज्यादातर छिपे होते हैं। औसत व्यक्ति उन्हें नहीं देख सकता। '

**उन्होंने आगे कहा-** 'और आपको ध्यान से देखना पड़ता है कि चोक कहां लगाया जा रहा है और ग्रिप्स कहां रखे गए हैं। तो यह विचार इसके पीछे था। इसने बहुत शक्तिशाली ढंग से व्यक्त किया कि हमारे प्रधानमंत्री क्या कर गुजर रहे हैं। ' एलओपी ने कहा कि एक तरफ व्यवसायी गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिका में आपराधिक मामला है और दूसरी तरफ एपस्टीन फाइल्स है। 'तीन मिलियन (30 लाख) फाइलें जारी नहीं की गई। हम सभी जानते हैं कि (केंद्रीय मंत्री) हरदीप पुरी फाइलों में शामिल हैं, हम जानते हैं कि अनिल अंबानी फाइलों में शामिल हैं और हम यह भी जानते हैं कि प्रधानमंत्री का नाम आता है और बहुत मुमकिन है कि पीएम का नाम उन फाइलों में शामिल हो।

# प्रयागराज में 2 बड़े हाउसिंग प्रोजेक्ट्स; 1500 बीघे में 3000 करोड़ से होंगे तैयार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ब्यूरो प्रयागराज- मुख्यमंत्री विस्तारीकरण योजना के तहत प्रयागराज विकास प्राधिकरण (PD) दो नई बड़ी आवासीय योजनाएं विकसित करने जा रहा है. इन योजनाओं के तहत झूंसी और हेतापट्टी क्षेत्र में तीन हजार से अधिक आवासीय और व्यावसायिक भूखंडों (PLATS) की बिक्री की जाएगी. इन दोनों प्रोजेक्ट्स पर करीब 2500 से 3000 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है. झूंसी में 1000 बीघा में बनेगी आवासीय योजनाः प्रयागराज विकास प्राधिकरण के वीसी ऋषिराज ने बताया कि झूंसी क्षेत्र में पीडीए करीब 1000 बीघा भूमि पर आवासीय योजना विकसित करेगा. इस योजना में लगभग 2000 भूखंड तैयार किए जाएंगे, जिनकी बिक्री आम लोगों के लिए की जाएगी. आवासीय क्षेत्र में लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पार्कों का भी निर्माण किया जाएगा, ताकि बुजुर्गों को टहलने और बच्चों को खेलने की बेहतर सुविधा मिल सके. हेतापट्टी में 500 बीघा में विकसित होगी दूसरी योजनाः दूसरी आवासीय योजना हेतापट्टी क्षेत्र में विकसित की जाएगी. यहां करीब 500 बीघा भूमि पर एक हजार से अधिक आवासीय और व्यावसायिक भूखंड तैयार किए जाने की योजना है. झूंसी क्षेत्र के मुकुंदपुर, चकिया हिनौता और चक हिनौता गांवों में करीब 1000 बीघा भूमि ली जाएगी, जिसके लिए 500 से अधिक काश्तकारों से भूमि अधिग्रहण किया जाएगा. वहीं, हेतापट्टी क्षेत्र के नीमीं खुर्द, नारायणपुर सहित तीन गांवों में लगभग 200 से अधिक काश्तकारों से 500 बीघा भूमि ली जाएगी. दोनों आवासीय योजनाओं के विकास पर करीब 2500 से 3000 करोड़ रुपये की धनराशि खर्च होने का अनुमान है. पीडीए अधिकारियों के अनुसार, इन योजनाओं से प्रयागराज के तेजी से बढ़ते शहरी विस्तार को नई दिशा मिलेगी और आम लोगों को नियोजित आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी.

# सुप्रीम कोर्ट ने बाबरी नाम पर मस्जिद निर्माण रोकने की मांग ठुकराई; याचिका में दी गई दलील भी खारिज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



ब्यूरो प्रयागराज। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बाबर के नाम पर किसी भी मस्जिद के बनने या उसका नाम रखने पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने इस दलील को भी खारिज कर दिया कि ऐसी संरचनाएं एक 'क्रूर हमलावर' का सम्मान करती हैं। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की बेंच ने शुक्रवार को एक थोड़ी देर सुनवाई के बाद याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में मांग की गई थी कि बाबर एक हिंदू-विरोधी हमलावर था। वह हिंदुओं की हत्या में शामिल था। इसलिए इसके नाम पर कोई कोई मस्जिद नहीं बनाई जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बन रही मस्जिद का भी जिक्र किया। कील ने कहा कि बाबर के क्रूर हिंदू-विरोधी हमलावर होने के बावजूद मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के नाम पर एक मस्जिद का निर्माण हो रहा है। बाबर के नाम पर मस्जिद के निर्माण को लेकर हालिया विवाद पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद से शुरू हुआ। टीएमसी विधायक रहते हुए हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद के निर्माण की घोषणा की थी। कई हिंदू संगठनों और मुस्लिम धर्मगुरुओं ने मस्जिद के नाम को लेकर आपत्ति जताई थी। हालांकि, भारी विरोध के कारण उन्हें टीएमसी से निलंबित कर दिया गया। इसके बाद हुमायूं कबीर ने 'जनता उन्नयन पार्टी' नाम नया राजनीतिक दल बनाया। फिलहाल, हुमायूं की ओर से अभी मुर्शिदाबाद में 'बाबरी मस्जिद' का निर्माण कराया जा रहा है। अयोध्या के विवादित ढांचे को गिराए जाने की बरसी पर 6 दिसंबर 2025 को हुमायूं कबीर ने इसकी नींव रखी। हुमायूं कबीर ने कहा कि निर्माण कार्य तीन साल के भीतर पूरा हो जाएगा। इस ढांचे के निर्माण में लगभग 55 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मस्जिद के द्वार की ऊंचाई 14 मीटर होगी। इसकी चौड़ाई 5 मीटर होगी। अकेले द्वार के निर्माण की अनुमानित लागत लगभग 5 करोड़ रुपये होगी। कैदी की आत्महत्या पर पूरी तरह से राज्य की ज़िम्मेदारीः इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ?10 लाख का मुआवज़ा दिया।

# क्रिएटिव बाइट्स कार्निवल कार्यक्रम का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



नैनी,प्रयागराज स्थित मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को कक्षा 1 एवं 2 के विद्यार्थियों द्वारा 'क्रिएटिव बाइट्स कार्निवल' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक एस. के. मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा 1 के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक वेलकम डांस से हुई, जिसने उपस्थित सभी अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा हिंदी कविता, अंग्रेजी कविता तथा अनेक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बच्चों के आत्मविश्वास और उत्साह ने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम में बच्चों के माता-पिता ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शाइमा मसीए द्वारा विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में अत्यंत हर्ष और उत्साह का वातावरण रहा।

## 9वीं अंतर वाहिनी पीएसी पूर्वी जोन भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 का भव्य समापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

नैनी, प्रयागराज। 42वीं वाहिनी पीएसी के खेल मैदान में आयोजित तीन दिवसीय 29वीं अंतर वाहिनी पीएसी पूर्वी जोन भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता (भारोत्तोलन, योग एवं पावर लिफ्टिंग) वर्ष-2026 का समापन समारोह शनिवार 21 फरवरी 2026 को गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह प्रतियोगिता दिनांक 19 फरवरी 2026 से प्रारंभ होकर तीन दिनों तक उत्साह,अनुशासन एवं खेल भावना के साथ आयोजित की गई।समापन समारोह के मुख्य अतिथि अखिलेश कुमार सिंह कुलपति राजेन्द्र सिंह रज्जू भाईया विश्वविद्यालय,प्रयागराज रहे। आयोजक सचिव सेनानायक 42 वीं वाहिनी पीएसी राजेश कुमार श्रीवास्तव आईपीएस उपस्थिति में वाहिनी खेल ग्राउंड में किया गया ।इस अवसर पर आयोजक सचिव एवं सेनानायक 42वीं वाहिनी पीएसी नैनी (द्वक्र) द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा सभी टीम प्रबंधकों से परिचय प्राप्त किया गया।प्रतियोगिता में 42वीं, 04वीं, 12वीं, 20वीं, 33वीं, 34वीं, 36वीं, 37वीं, 39वीं एवं 48वीं वाहिनी पीएसी सहित कुल 10 वाहिनियों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। सभी टीमों ने अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत किया।मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न खेलों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही प्रतियोगिता के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले निर्णायक मंडल के सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।सम्पूर्ण प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 36वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी ने प्रथम स्थान एवं 42वीं वाहिनी पीएसी नैनी प्रयागराज ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर गौरव हासिल किया। समापन अवसर पर पीएसी पूर्वी जोन के ध्वज को अगली प्रतियोगिता हेतु सम्मानपूर्वक सुरक्षित रखा गया।मुख्य अतिथि द्वारा प्रतियोगिता के सफल आयोजन की सराहना करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा औपचारिक रूप से प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की गई। कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को जलपान कराया गया। इस अवसर पर शिविरपाल अरविंद कुमार सिंह, सहायक शिविरपाल शहरदास, सूबेदार मेजर राधेश्याम यादव, निर्णायक मंडल के सदस्य, मीडिया प्रतिनिधि, समस्त टीम प्रबंधक, प्रतिभागी एवं वाहिनी के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### फुटबॉल प्रतियोगिता के फ़ाइनल में पहुंची झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य उपासना मरांडी



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** नावा मार्सल क्लब पंचायत फूलझीझिरी ग्राम दलदली खेदामारा के तत्वाधान में दलदली मैदान में तीन दिवसीय फाइनल फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फाइनल फुटबॉल मैच का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी, प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक भगत, मुखिया बिनय सोरेन ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त कर एवं फुटबॉल को उछाल कर किया। पहुंचे हुए मुख्य अतिथियों का क्लब के अध्यक्ष सहित अन्य सदस्यों ने फूल माला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत कर सम्मानित किया। केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी ने अपने संबोधन में ने कहा कि खेल एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जो युवाओं को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाता है। वहीं फाइनल फुटबॉल मैच हिरणपुर देवा टीम एवं सपदहा के बीच खेला गया। जिसमे हिरणपुर देवा टीम ने सपादहा को एक गोल से हराकर जीत हासिल की। आयोजकों ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 24 टीमों ने हिस्सा लिया है। जिसके फाईनल में विजेता टीम हिरणपुर देवा को प्रथम पुरस्कार बड़ा खस्सी , द्वितीय पुरस्कार सपादहा को एक छोटा खस्सी प्राइज स्वरूप दिया गया । मौके पर महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष शुभसिनी मुर्मू, सिल्वन्ति मुर्मू अजीमुद्दीन अंसारी, पूर्व मुखिया गोमस्ता हेमब्रोम, बबलू मास्टर, कायलु अंसारी सहित अन्य झामुमो कार्यकर्त्ता एवं सैकड़ों खेलप्रेमी मौजूद थे।

### होली पर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील, पाकुड़िया थाना में आयोजित बैठक में थाना प्रभारी ने दिए निर्देश



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** पाकुड़िया थाना परिसर में 21फरवरी को शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी, मनोज महतो की अध्यक्षता में विधिवत् सम्पन्न हुई।आहूत बैठक में ए,एस,आई नगेन्द्र कुमार,पूर्व मुखिया शिवशंकर भगत, मुखिया हृदयानंद भगत,सांसद प्रतिनिधि खुर्शीद आलम,राजू विमल,जहांगीर अंसारी, कालीदास टुडू,ढेना मरांडी, इस्लाम मियां,एवम बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।बैठक में थाना प्रभारी ने होली पर्व को उत्साह पूर्ण एवम सामाजिक सौहार्द के साथ, मनाने व अफवाहों पर ध्यान न दें।इस अवसर उन्होंने स्पष्ट रुप से कहा- बच्चा चोर या संदिग्ध व्यक्ति की सूचना मिलने पर थाना को या ग्राम पंचायत,प्रधान को सूचित करें।इस अवसर पर ए,एस,आई नगेन्द्र कुमार ने बताया कि साइबर क्राइम से बचें।यदि, अनजान काल आवे तो 1930पर सूचना अवश्य ही दें।बैठक में पेय जल एवम अन्य कई सामाजिक विषयों पर सौम्यता पूर्ण चर्चा हुई।बैठक का समापन थाना प्रभारी मनोज महतो के स्निग्ध,मृदु मुस्कान भरे धन्यवाद से हुआ।

### फूलझीझिरी राय टोला में उपासना मरांडी की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर, गांव में लौटी रौशनी



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** प्रखंड के पंचायत फूलझिझरी ,राय टोला में ट्रांसफार्मर ख़राब हो जाने से पिछले कई दिनों से ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर थे। स्थानीय लोगों की परेशानी की सूचना मिलते ही केंद्रीय समिति सदस्य उपासना मरांडी ने तुरंत पहल करते हुए विभाग से समन्वय स्थापित किया और नए 25 कभीए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था करवाई। नए ट्रांसफार्मर को स्थापित कराने में स्थानीय झामुमो प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक भगत का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। उनकी सक्रिय भूमिका से पूरा कार्य और तेजी तथा सुचारू रूप से संपन्न हो सका। तेज और संवेदनशील कार्रवाई के बाद नया ट्रांसफार्मर स्थापित हो चुका है, जिसके बाद राय टोला में बिजली आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है। ग्रामीणों में रौशनी लौटने के साथ खुशी और राहत की लहर देखी जा रही है। गांववालों ने उपासना मरांडी जी के इस त्वरित प्रयास की सराहना की और दोनों का आभार व्यक्त किया।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय की ओर से एकदिवसीय मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप संपन्न

### ●50 से अधिक लोगों का किया गया हेल्थ चेकअप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के बैनर तले फार्मेसी विभाग के सहयोग एवं आईक्यूएसी विभाग के समन्वय से शनिवार को दारू प्रखंड के हरली स्थित पंचायत भवन में एकदिवसीय मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा निःशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। शिविर में 50 से अधिक ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान रक्तचाप (बीपी), डायबिटीज सहित सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद बेहरा एवं विभागाध्यक्ष (एचओडी) डॉ आलोक राय की निगरानी में डी.फार्म एवं बी.फार्म के विद्यार्थियों ने बीपी, शुगर आदि की जांच की। उनकी देखरेख में ही जरूरतमंद लोगों को आवश्यक दवाइयां भी निःशुल्क वितरित की गई। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रीति व्यास एवं डॉ राजकुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित करता रहेगा। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार एवं उपकुलसचिव विजय कुमार, ललित मालवीय व राकेश कुमार मिश्रा सहित अन्य ने ऐसे कार्यक्रम की सराहना की। कुलपति प्रो पीके नायक ने कहा कि विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ सामाजिक दायित्वों के निर्वहन को भी समान महत्व देता है। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने कहा कि एनएसएस और फार्मेसी विभाग का यह संयुक्त प्रयास समाज और विद्यार्थियों दोनों के लिए लाभकारी है। बताते चलें कि कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग एवं एनएसएस इकाई की भूमिका महत्वपूर्ण रही, जिसमें फार्मेसी विभाग के प्राचार्य डॉ सच्चिदानंद बेहरा, विभागाध्यक्ष डॉ. आलोक राय, सह प्राध्यापक शिवम कुमार, गौतम कुमार पांडेय, सरिता टुडु, गुलफ्शा नाज़, रोहित लाल, वरूण कुमार, एनएसएस अधिकारी डॉ प्रीति व्यास व डॉ राजकुमार सहित अन्य के नाम शामिल हैं।

**फार्मेसी विभाग के इन विद्यार्थियों की रही सहभागिता**

दवा वितरण करने में मोनिका कुमारी, रंजन कुमार, मेडिकेशन हिस्ट्री में मो राजिक डायबिटीज जांच में घनश्याम कुमार एवं अन्य जांच में वारिस रज़ा, विकास कुमार, विजय महतो, कौशल यादव, सुप्रिया, मनिता, मधु, आनंद, सुजीत, बॉबी, संजू, अर्जुन, हर्ष राज, स्वप्निल देव, अजय, पंकज, विवेक, सौरभ, रोशन चंदन श्रवण उर्मिला पूजा सहित अन्य की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

## बदलते मौसम में बच्चों की सेहत के लिए आरोग्यम कुणाल अस्पताल की सराहनीय पहल, निशुल्क ओपीडी सेवा से अभिभावक हुए लाभान्वित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**हजारीबाग, झारखंडः-** शहर के प्रतिष्ठित आरोग्यम कुणाल महिला एवं शिशु अस्पताल में शनिवार को एक बार फिर बच्चों के लिए विशेष निशुल्क ओपीडी सेवा का सफल आयोजन किया गया। बदलते मौसम को देखते हुए आयोजित इस स्वास्थ्य शिविर में अभिभावकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही और बड़ी संख्या में बच्चों ने विशेषज्ञ परामर्श का लाभ उठाया। शिविर के दौरान शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सुरभि कुमारी ने 20 से अधिक बच्चों का विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के क्रम में बच्चों की लंबाई, वजन, पोषण स्तर, टीकाकरण की स्थिति तथा शारीरिक एवं मानसिक विकास का आकलन किया गया। कई बच्चों में मौसमी सर्दी-जुकाम, हल्का बुखार, एलर्जी तथा संक्रमण से जुड़े लक्षण पाए गए। ऐसे मामलों में आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई तथा अभिभावकों को विस्तृत चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। डॉ. सुरभि कुमारी ने बताया कि मौसम में हो रहे बदलाव का असर सबसे पहले बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता पर पड़ता है। उन्होंने अभिभावकों को सलाह दी कि बच्चों को धूल, प्रदूषण और ठंडी हवा से बचाएं, नियमित रूप से हाथ धोने की आदत डालें, संतुलित एवं ताजा भोजन दें तथा समय पर टीकाकरण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि हर परिवारों तक गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा पहुंचाना अस्पताल का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि हर शनिवार आयोजित होने वाली यह निशुल्क ओपीडी सेवा समाज के प्रति अस्पताल की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। हमारा प्रयास है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों को भी विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह सहज और निःशुल्क उपलब्ध हो। आगे भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन नियमित रूप से किया जाता रहेगा। अस्पताल की प्रशासक जया सिंह ने कहा कि बच्चों का स्वास्थ्य किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी है। अस्पताल प्रबंधन बच्चों के समुचित उपचार, पोषण मार्गदर्शन और समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा स्वस्थ, सुरक्षित और सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर हो। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन से अभिभावकों में संतोष का माहौल देखा गया तथा उन्होंने अस्पताल प्रबंधन के इस प्रयास की सराहना की।

### थायराइड मशीन की खराबी दूर अब नियमित हो रही जांच, मेडिकल कॉलेज प्रशासन का दावा

**ललितपुर।** विटामिन डी और थायराइड की जांच न होने से मरीज परेशान के बाद स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय प्रशासन हरकत में आ गया है। झांसी मंडल के आयुक्त के निर्देश पर मामले की जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि पैथोलॉजी विभाग में स्थापित थायराइड जांच मशीन में तकनीकी खराबी आने के कारण कुछ समय के लिए जांच बाधित हो गई थी। अब मशीन को दुरुस्त कर दिया गया है और थायराइड की जांच पुनः शुरू कर दी गई है। बताया गया है कि विटामिन डी की जांच पैथोलॉजी विभाग में प्रतिदिन नियमित रूप से की जा रही है। 20 फरवरी 2026 को थायराइड की लगभग 80 जांचें की गई, जबकि 24 फरवरी 2026 को अब तक करीब 50 जांचें पूरी की जा चुकी हैं। प्रशासन का कहना है कि वर्तमान में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, ललितपुर में विटामिन डी और थायराइड दोनों की जांच सुचारु रूप से संचालित हो रही हैं।

## महाशिवरात्रि मेले मे संस्कृतिक कार्यक्रम का युवा नेत्री उपासना मरांडी ने किया उद्धघाटन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** मोंगलाबांध गाँव मे सात दिन से से जारी महाशिवरात्रि मेला के अंतिम दिन शुक्रवार की रात आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्धघाटन झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य व युवा नेत्री *उपासना मरांडी* ने किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए उपासना मरांडी ने कहा कि महाशिवरात्रि मेला के दौरान आयोजित होने वाली सांस्कृतिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति की धरोहर है.विषेश रूप से मेला के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन होने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। महाशिवरात्रि मेला का आयोजन होने से आपसी भाईचारे का संदेश देती है। सात दिन तक आयोजित होने वाली मेला में आने वाले श्रद्धालुओ की मनोरंजन के लिए ही कार्यक्रम का आयोजन किया गया किसी भी अवसर पर आयोजित होने वाली सार्वजनिक कार्यक्रम को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने में सभी वर्गो के लोगों का सहयोग होना अनिवार्य है। उपस्थित लोगों से कहा आप सब शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम का लुत्फ उठाइये। हमसे आप सब को जो सहयोग चाहिए मे हमेशा सहयोग करने के लिए तैयार हूं। इससे पहले उद्धघाटन स्थल पहुंची उपासना मरांडी का कमेटी के सदस्यों द्वारा पुष्प गुच्छा देकर और माला पहना कर जोरदार स्वागत किया। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन पत्रकार संतोष साहा ने किया। मौके पर मेला कमेटी के दीपक साहा, कार्तिक पाल, सुरज रविदास सहित अन्य थे।

## सहियाओं के मानदेय पर विधानसभा में उठा सवाल, सरकार देगी एकमुश्त 24 हजार रुपये

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के तीसरे दिन सहियाओं के मानदेय का मुद्दा प्रमुखता से उठा। विधायक स्टीफन मरांडी ने सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि मईयां सम्मान योजना के तहत 2,500 रुपये दिए जाते हैं, जबकि स्वास्थ्य सहियाओं को मात्र 2,000 रुपये मानदेय मिलता है, जो अनुचित है। उन्होंने सहियाओं का मानदेय बढ़ाने की मांग की। इससे पहले निर्मल महतो ने भी सहियाओं की समस्याओं को सदन में उठाते हुए कहा कि कोरोना काल में सहियाओं ने अभूतपूर्व कार्य किया है, इसके बावजूद वे अक्सर कम मानदेय को लेकर धरना देने को मजबूर रहती हैं। उन्होंने सहियाओं को कम से कम 10,000 रुपये मासिक मानदेय देने की मांग की। स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने जवाब में कहा कि राज्य में कुल 39,964 सहिया कार्यरत हैं और सरकार उनके प्रति पूरी तरह संवेदनशील है। उन्होंने बताया कि कोरोना अवधि के दौरान एक सहिया, रेनी देवी, की मृत्यु भी हुई थी। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में एक सहिया की औसत मासिक आय लगभग 12,000 रुपये है। अंसारी ने घोषणा की कि सरकार 8 मार्च को राज्य की 42,000 सहियाओं को एकमुश्त 24,000 रुपये प्रदान करेगी। सरकार का कहना है कि यह कदम सहियाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिरी दो महिला समेत 5 घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के सोहास-नौगढ़ मार्ग पर शनिवार की दोपहर एक सड़क हादसा 5लोग घायल हो गए। सिद्धार्थनगर थाना क्षेत्र के सोहास मार्ग पर जमुआर घाट के पास सोहास की तरफ़ से नौगढ़ आ रही टेंपो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गहरी खाई में गिर गई। टेंपो में सवार अफजल खान (35 ) पुत्र इम्तियाज खान, निवासी ग्राम महरिया, थाना सदर, नैनमती पत्नी पारस, ग्राम अमरपुर, थाना उसका बाजार सुनील कुमार (25 ) पुत्र रामजस, ग्राम कोल्हुआ टोला रजीया, थाना लोटन त्रिवेणी (35 ) पुत्र रामसेवक, ग्राम धौरिकुइयां, थाना सदर सोगरा खातून (40 ) पत्नी जीशान अहमद, ग्राम धौरिकुइयां टोला बनकसिया, थाना सिद्धार्थनगर शामिल है, मौजूद लोगों की मदद से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इस संबध में प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि टेंपो अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। पुलिस टीम मौके पर पहुंची, लेकिन इससे पहले ही स्थानीय लोगों ने घायलों की मदद कर उन्हें अस्पताल भेज दिया।

## चंदवा की लुकुईया घाटी फिर बनी हादसे की वजह, कार-ट्रक भिड़ंत में एक की मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चंदवा, झारखंडः-** शुक्रवार की देर रात करीब 8:00 बजे चंदवा थाना क्षेत्र के लुकुईया घाटी में दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। विपरीत दिशा से आ रही ट्रक और कार की आमने-सामने की जोरदार टक्कर में लोहरदगा निवासी प्रकाश साहू की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। मिली जानकारी के अनुसार प्रकाश साहू, जो लोहरदगा के पावरगंज के रहने वाले थे, अपनी पत्नी के साथ नगर मंदिर क्षेत्र में एक रिश्तेदार की शादी समारोह में शामिल होने आए थे। शादी समाप्त होने के बाद दोनों कार से वापस लोहरदगा लौट रहे थे। इसी दौरान लुकुईया घाटी में सामने से आ रही ट्रक से उनकी हुंडई कार की सीधी भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और प्रकाश साहू वाहन की सीट में ही फंस गए। उन्हें बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिल सका और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना ग्रामीणों ने तत्काल चंदवा थाना को दी। सूचना मिलते ही चंदवा थाना प्रभारी रणधीर कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय युवा समाजसेवी नौशाद आलम एवं ग्रामीणों के सहयोग से हाइड्रा मशीन की मदद से वाहन में फंसे शव को बाहर निकाला गया। घायल महिला को तुरंत चंदवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि ट्रक उड़ीसा से लोहे की एंगल लोड कर आ रहा था।

**ग्रामीणों में आक्रोश, सड़क निर्माण पर उठे सवाल**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि लुकुईया घाटी में हाल ही में बने सड़क मार्ग अत्यंत खतरनाक हैं। उनका आरोप है कि सड़क की डिजाइन और मोड़ इतने जोखिमपूर्ण हैं कि हर तीन-चार दिन में दुर्घटना हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि यह सड़क सुरक्षा के बजाय हादसों को न्योता दे रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से सड़क की तकनीकी जांच कराने और आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की जानलेवा घटनाओं को रोका जा सके। इस हृदयविदारक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

## आजसू जिला अध्यक्ष ने कुंदन कुमार शर्मा के समर्थन में की विशाल पदयात्रा

### ●सैकड़ों लोग हुए शामिल, नगर निकाय चुनाव में दिखाई दिया जनसमर्थन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवघर, झारखंडः-** नगर निकाय चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य द्वारा महापौर पद के प्रत्याशी कुंदन कुमार शर्मा के समर्थन में भव्य पैदल पदयात्रा आयोजित की गई। पदयात्रा के दौरान जनसंपर्क अभियान वार्ड 12 एवं 13 सहित विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किया गया, जहाँ स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। आदर्श लक्ष्य ने आम जनता से आगामी 23 फरवरी को होने वाले मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि कुंदन कुमार शर्मा एक युवा, ऊर्जावान, कर्मठ और जनसमर्पित प्रत्याशी हैं। उन्होंने कहा कि महापौर प्रत्याशी का लक्ष्य देवघर के समग्र विकास, स्वच्छता, बेहतर आधारभूत संरचना और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देना है।उन्होंने आगे कहा कि देवघर की जनता परिवर्तन चाहती है और यह परिवर्तन तभी संभव है जब नेतृत्व ईमानदार, पारदर्शी और विकास के प्रति प्रतिबद्ध हो। मैं सभी मतदाताओं से आग्रह करता हूँ कि 23 फरवरी को अपने परिवार, मित्रों और पड़ोसियों के साथ मतदान केंद्र पहुँचें और देवघर के उज्ज्वल भविष्य हेतु कुंदन कुमार शर्मा को अपना आशीर्वाद दें। 'पदयात्रा में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक और स्थानीय नागरिक शामिल हुए और उन्होंने महापौर प्रत्याशी कुंदन कुमार शर्मा को पूर्ण समर्थन देने का संकल्प लिया। जनसैलाब ने यह स्पष्ट संकेत दिया कि देवघर में परिवर्तन की लहर प्रबल है और जनता विकासोन्मुख नेतृत्व चाहती है।

## चंदवा में राष्ट्रीय स्तर के हिंदू संगठनों के नेताओं का जुटान, मिलिंद परांडे के स्वागत में उमड़ा उत्साह

### ●चंदवा में विश्व हिन्दू परिषद के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे का जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चंदवा, झारखंडः-** शनिवार को विश्व हिन्दू परिषद के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे का रांची से बालूमाथ जाने के क्रम में चंदवा मेन रोड स्थित भाजपा नेता महेंद्र साहू का भव्य स्वागत किया गया। वे बालूमाथ में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में शामिल होने के लिए जा रहे थे, जहां वे मुख्य वक्ता के रूप में सहभागिता करेंगे। चंदवा में यह स्वागत कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के रमेश प्रसाद साहू के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान रमेश प्रसाद साहू एवं महेंद्र साहू द्वारा अंगवस्त्र एवं रुद्र माला पहनाकर मिलिंद परांडे का आत्मीय स्वागत किया गया। 'जय श्री राम ', 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा और वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखा गया। मार्ग में अल्प समय के लिए रुककर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। चंदवा में कुछ समय रुकने के बाद मिलिंद परांडे बालूमाथ के लिए रवाना हो गए। इस अवसर पर दिनेश प्रसाद, रविराज, धनेश प्रसाद, आशीष गुप्ता, मंटू केसरी, अधिवक्ता अरुण प्रिंस, रवि पांडुरंगा, मोहिनीश कुमार, विनय वर्मा, अमित गुप्ता, गोविन्द अग्रवाल, अजय कुमार, मनीष गुप्ता, दीपक निषाद, राजेश प्रसाद, उदय कुमार, विश्वनाथ अग्रवाल, कृष्णा पाण्डेय, राजेश चंद्रवंशी, विकास मित्तल, नितिन कुमार, कृष्ण कुमार, राहुल गुप्ता और राजु कुमार सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सीबीएसई 10वीं अंग्रेजी की परीक्षा सकुशल संपन्न

**प्रतापगढ़।** सीबीएसई कक्षा 10 वीं अंग्रेजी की परीक्षा जनपद प्रतापगढ़ में सीबीएसई के सात विद्यालयों न्यू एंजिल्स सीश सेशस्कूल, डॉल्फिन पब्लिक स्कूल, संस्कार ग्लोबल स्कूल, आत्रेय एकेडमी, जवाहर नवोदय विद्यालय, आइंस्टीन पब्लिक स्कूल लालगंज तथा जे एमजी पब्लिक स्कूल कालाकांकर मे प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे के बीच सम्पन्न हुई,जिसमें कक्षा 10 के 4418 परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे,उसमें से 4385 परीक्षार्थी उपस्थित हुए तथा 33 परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए उपस्थित नहीं हुए। कक्षा 10वीं के अंग्रेजी पेपर में कुल 80 अंकों के प्रश्न पूछे गए थे और सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य था।सीबीएसई ने विद्यार्थियों को सलाह दी थी कि वे संतुलित तैयारी के साथ परीक्षा में शामिल हों।सीबीएसई 10 वीं अंग्रेजी पेपर देकर बाहर जिले के सीबीएसई कोऑर्डिनेटर तथा प्रिंसिपल न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिपिन कुमार सोनी ने बताया कि परीक्षा सभी परीक्षा केंद्रों पर प्रवेक्षकों के देखरेख में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की चेयरपर्सन डॉ. शाहिदा ने बताया कि अब 10 वीं कक्षा की अगली परीक्षा विज्ञान विषय की होगी, जो 25 फरवरी को आयोजित की जायेगी।

## श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बिहार सरकार के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी का भव्य स्वागत

### ●शिक्षा और संस्कार से ही मजबूत होगा राष्ट्र का भविष्य : भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिसर में उनके आगमन पर शिक्षकों, अभिभावकों एवं समाज के प्रबुद्ध लोगों ने उत्साहपूर्वक उनका अभिनंदन किया। विद्यालय के अभिभावक रंजीत चंद्रवंशी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक के. कुमार ने मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी को शॉल ओढ़ाकर एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया गया। इस दौरान मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक होना चाहिए। उन्होंने सहकारिता की भावना को मजबूत करने तथा प्रकृति के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने पर बल दिया। मंत्री ने विद्यालय के शैक्षणिक वातावरण और अनुशासन की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के अभिभावक रंजीत चंद्रवंशी व प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार ने कहा कि मंत्री का विद्यालय आगमन छात्रों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के दौरान नरेश कुमार सिंह, संदीप चंद्रवंशी, ऋतुराज सिंह, अरुण चंद्रवंशी, अरविंद कुमार विक्की, सुनील कुमार, बिरेन्द्र कुमार एवं घनश्याम कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## महेश शरदचंद्र सोनाक ने व्यवहार न्यायालय लातेहार का किया निरीक्षण, लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर दिया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लातेहार, झारखंडः-** माननीय मुख्य न्यायाधीश महेश शरदचंद्र सोनाक, झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा शनिवार को व्यवहार न्यायालय, लातेहार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने न्यायिक कार्यों की प्रगति, लंबित वादों की स्थिति, न्यायालयीन व्यवस्थाओं तथा आधारभूत संरचनाओं की विस्तृत समीक्षा की। मुख्य न्यायाधीश ने न्यायिक प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने पर विशेष बल देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता को शीघ्र और सुलभ न्याय उपलब्ध कराना न्यायपालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर सत्य प्रकाश सिन्हा, रजिस्ट्रार जनरल, झारखंड उच्च न्यायालय, रांची भी उनके साथ उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम में मुख्य न्यायाधीश ने बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ संवाद कर विभिन्न प्रशासनिक एवं न्यायिक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही न्यायालय परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए न्यायिक सेवा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हेतु आवश्यक सुझाव भी दिए। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान न्यायिक पदाधिकारी, अधिवक्ता एवं न्यायालय कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### दुष्कर्म का प्रयास किए जाने पर विधवा ने की शिकायत

**कोंच(जालौन)-** एक विधवा महिला ने पास के गांव के एक व्यक्ति द्वारा आए दिन उसके साथ अश्लील हरकत करने और अब दुष्कर्म का प्रयास करने की शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। थाना कैलिया क्षेत्र के एक गांव की निवासी विधवा महिला ने शनिवार को समाधान दिवस में सीओ परमेश्वर प्रसाद को शिकायती पत्र देकर बताया कि पास के गांव पीपरी कलां निवासी एक व्यक्ति आए दिन उसके साथ अश्लील हरकत करता था जिससे परेशान होकर मजबूरन अपना घर छोड़कर वह उरई स्थित एक कॉलोनी में रहने लगी। बीते करीब एक सप्ताह पूर्व उक्त व्यक्ति ने कॉलोनी स्थित उसके कमरे पर पहुंचकर बलपूर्वक उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया और विरोध करने पर उक्त व्यक्ति ने गाली गलौज कर उसके साथ मारपीट की और धमकी भी दी। पीड़ित विधवा ने बताया कि डर के मारे उसने कॉलोनी में अपना कमरा भी छोड़ दिया है लेकिन अब उक्त व्यक्ति फोन कर लगातार उसे परेशान कर रहा है। मामले को लेकर पीड़ित विधवा ने सीओ से उक्त व्यक्ति के खिलाफ कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। सीओ ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिलाया है।

### क्षेत्राधिकारी घोरावल के नेतृत्व में करमा में पीस कमेटी की प्रभावी बैठक सम्पन्न




### सौहार्द और शांति के साथ मनाए जाएं त्योहार -क्षेत्राधिकारी

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** आगामी पर्व रमजान, होली एवं ईद-उल-फितर के दृष्टिगत शनिवार को क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में द्वारा थाना करमा पर थाना क्षेत्र के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं पीस कमेटी के सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की गई।बैठक में त्यौहारों को पारंपरिक उल्लास, आपसी भाईचारे एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गई। क्षेत्राधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि कानून-व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाह, भ्रामक अथवा आपत्तिजनक पोस्ट प्रसारित न करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु सभी से सहयोग के लिए अपील किया गया। धर्मगुरुओं एवं उपस्थित नागरिकों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही।

### तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, चालक पर केस

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण हुए सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने नामजद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पूराकलां मजरा झिट्टीपुरा निवासी काशीराम पुत्र गिरजा कुशवाहा ने तहरीर देकर बताया कि उनके लगभग 70 वर्षीय पिता 15 फरवरी 2026 को शाम करीब 6:30 बजे पूराकलां से सारसेड़ जा रहे थे। जैसे ही वह सारसेड़ जाने वाले रोड पर साहू की पुलिया के पास पहुंचे, तभी पूराकलां की ओर से आ रही बाइक संख्या यू.पी.94 ए.के. 5292 के चालक नरेंद्र पुत्र विंद्रावन राजपूत निवासी सारसेड़ ने तेज व लापरवाही से वाहन चलाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें पहले सीएचसी तालबेहट ले गए, जहां से हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। बाद में जेएमसी मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल झांसी में उपचार चला, लेकिन सुधार न होने पर ग्वालियर ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 व 106(1) के तहत एफआईआर संख्या 0017 दर्ज कर ली है।

### मारपीट कर धमकाने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के ग्राम बरौदास्वामी में गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बरौदास्वामी निवासी पप्पू पुत्र किशन बरार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 19 फरवरी 2026 को शाम करीब 7 बजे वह अपने दरवाजे पर खड़ा था। इसी दौरान गांव के ही श्यामा पुत्र निरपत और रविन्द्र पुत्र श्यामा बरार वहां पहुंचे और उसके साथ गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। पीड़ित की शिकायत पर थाना जखौरा पुलिस ने बीएनएस की धारा 115(2), 351(3) व 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एनएसएस शिविरों में विद्यार्थियों को सामाजिक मुद्दों पर किया जा रहा जागरूक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**कोंच(जालौन)-** विभिन्न महाविद्यालयों में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविरों में विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर जागरूक करने का काम किया जा रहा है। अशोक शुक्ला महिला महाविद्यालय के शिविर में घरेलू हिंसा और मतदाता जागरूकता जैसे मुद्दों पर बात की गई, सेठ बद्रीप्रसाद स्मृति महाविद्यालय के शिविर में दहेज उन्मूलन को लेकर जागरूक किया गया। सूरज ज्ञान और एमपीडीसी महाविद्यालय में भी जन जागरूकता से प्रेरित कार्यक्रम स्वयंसेवकों द्वारा आयोजित किए गए। अशोक शुक्ला महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना में विशेष शिविर के चौथे दिन छात्राओं को घरेलू हिंसा मतदाता जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर जागरूक किया गया जागरूक किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्रबंधक विपिन शुक्ला ने कहा, घरेलू हिंसा होने के मुख्य कारण छात्राओं का शिक्षित न होना है। शिक्षा का अभाव अगर है तो छोटी-छोटी बातों पर घर परिवार का माहौल बिगड़ जाता है। उन्होंने लोकतंत्र में मतदान के महत्व पर भी प्रकाश डाला। संचालन डॉ अखिलेश विक्रम ने किया। प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार द्विवेदी, डॉ वीरेंद्र त्रिपाठी, धनेंद्र श्रीवास्तव, महेंद्र परिहार ने भी स्वयंसेवकों को जागरूक किया। सेठ बद्रीप्रसाद स्मृति महाविद्यालय का विशेष शिविर ग्राम जुझारपुरा में चल रहा है जिसमें शनिवार को दहेज उन्मूलन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि गांव के पूर्व प्रधान अनुज प्रताप सिंह ने दहेज प्रथा को समाज के लिए घातक बताते हुए कहा कि दहेज जैसी कुरीति को समाप्त करने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने युवाओं से दहेज मुक्त विवाह का संकल्प लेने और सामाजिक परिवर्तन का नेतृत्व करने का आह्वान किया। कॉर्डिनेटर कन्हैया नीखर, कार्यवाहक प्राचार्य ब्रजेंद्र सिंह निरंजन, कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर निरंजन, स्वयंसेविका राखी, नैंसी एवं नूरीश अली ने भी विचार प्रस्तुत करते हुए दहेज न लेने और न देने की अपील की।

### बोलेरो की टक्कर से युवक गंभीर घायल, इलाज के दौरान हालत नाजुक

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बोलेरो की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम छिल्ला निवासी रामेश्वर ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 4 फरवरी 2026 की रात करीब 8.30 बजे उनका पुत्र राहुल मोटरसाइकिल से अपने परिजनों को लेने जा रहा था। इसी दौरान मिर्चवारा और मसरौरा कलां के बीच पड़ौरिया बांध स्थित ढाबे के पास ललितपुर की ओर से आ रही बोलेरो (यू.पी.78 बी.ई.7346) के चालक जंगपाल ने वाहन को तेज व लापरवाही से चलाते हुए जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे जिला अस्पताल ललितपुर में भर्ती कराया, जहां हालत गंभीर होने पर झांसी रेफर कर दिया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए उसे ग्वालियर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। परिजनों के अनुसार राहुल के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं, दाहिना हाथ काम नहीं कर रहा तथा पैर में फ्रैक्चर है और वह अभी भी बिस्तर पर है।

## तहसील परिसर में डीलक्स शौचालय की बदतर हालत सुधारने की उठी आवाज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कोंच(जालौन)-** बीते वर्षों पूर्व तहसील परिसर में सांसद निधि से निर्मित डीलक्स शौचालय की बदहाल स्थिति है कि सुधरने का नाम नहीं ले रही है और जिम्मेवारों द्वारा कोई कार्यवाही अमल में न लाए जाने से इसकी उपयोगिता शून्य साबित हो रही है। शनिवार को समाधान दिवस एक अधिवक्ता ने शिकायत दर्ज कराते हुए कार्यवाही किए जाने की मांग की है। एसडीएम ज्योति सिंह को शिकायती पत्र देते हुए अधिवक्ता रामबाबू निरंजन ने बताया कि तहसील परिसर में आम जनता और अधिवक्ताओं की सुविधा के लिए लाखों रुपये की लागत से इस डीलक्स शौचालय का निर्माण कराया गया था ताकि तहसील में आने वाले लोगों को आपात स्थिति में लघुशंका और दीर्घशंका की स्वच्छ व सुव्यवस्थित सुविधा उपलब्ध हो सके। लेकिन नियमित साफ-सफाई के अभाव में शौचालय की हालत खराब हो चुकी है। अंदर गंदगी और दुर्गंध फैली रहती है जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ता ने कहा कि शौचालय की देखरेख के लिए कोई स्थायी सफाईकर्मी तैनात नहीं किया गया है जिससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और सुविधा उपयोगहीन होती जा रही है। अधिवक्ता ने कहा कि जनहित के लिए बनाई गई इस व्यवस्था की अनदेखी करना सार्वजनिक धन का दुरुपयोग है। अधिवक्ता ने प्रशासन से शौचालय की नियमित सफाई और स्थायी कर्मचारी की नियुक्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## एएसपी ने सर्किल के थानों के अपराधों की समीक्षा की, दिए दिशा निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कोंच(जालौन)-** एएसपी प्रदीप कुमार ने शनिवार को कोतवाली में सर्किल के सभी थानों के अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं को जल्द निपटा कर सामान्य स्तर पर लाने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने अधीनस्थों को अपराधों पर कारगर नियंत्रण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अलावा थानेदारों को अपने अपने हल्का क्षेत्रों पर खास निगाह रखने के भी कड़े निर्देश दिए, साथ ही बीट को लेकर भी जरूरी हिदायतें दीं।

एएसपी ने सभी थानेदारों को अपराध नियंत्रण का पाठ पढाते हुए अपराधों की विंदुवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पुलिस का सबसे पहला काम है अनुशासित ढंग से रह कर अपना काम करना और परस्पर समन्वय स्थापित करते हुए बढिया परिणाम हासिल करना। उन्होंने कहा कि जो भी काम उन्हें दिए गए हैं उनके प्रति पूरी तरह से सचेष्ट रहें। ऐसा करके तथा अपराधियों पर पैनी नजर रख कर वे अपराधों पर कारगर ढंग से नियंत्रण रख सकते हैं। फरियादी के साथ अच्छा व्यवहार करना और उसकी समस्या का समाधान करना पुलिस का दायित्व है। उन्होंने पिकेट और गश्त पर ध्यान केंद्रित किए जाने पर भी बल दिया। इस दौरान सीओ परमेश्वर प्रसाद, कोतवाल ब्रजेश बहादुर सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक लल्लूराम, दरोगा शिवनारायण सिंह, नितीश कुमार, शुभम परमार, कैलिया एसओ अवनीश कुमार, नदीगांव शशिकांत सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

## शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये सुनिश्चित-जिलाधिकारी

**●सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित प्रभागीय वनाधिकारी,मुख्य पशु चिकित्साधिकारी,अधिशासी अभियन्ता सिंचाई,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अधिशासी अभियन्ता जल जीवन मिशन शहरी को जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने के दिये निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश-** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में फरवरी महीने के तृतीय शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस रावर्टसगंज में जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना। इस दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्राप्त शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाये। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि जन मानस के शिकायतों का निस्तारण जनपद स्तर पर हो जाये उन्हें इसके लिए अन्यत्र भटकाना न पड़े उन्होंनें कहा कि प्रत्येक कार्यालय दिवस पर अधिकारी अपने कार्यालय में उपस्थित होकर जनसामान्य की समस्याओं/शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल, सम्पूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं का फीडबैक लेते हुए शिकायतों का निस्तारण किया जाये, जिससे कि शिकायतकर्ता को किसी प्रकार की समस्या न हो और उनके प्रकरण का निस्तारण समय से किया जा सके, शिकायतों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण न होने पर सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित पाये गये प्रभागीय वनाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, अधिशासी अभियन्ता जल जीवन मिशन शहरी को जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वृद्धा पेंशन के 04 लाभार्थियों का निस्तारण, राशकार्ड में 02 लाभार्थियों का नाम जोड़ कर निस्तारण, दिव्यांगजनो को कृत्रिम उपकरण हेतु 02 आवेदन प्राप्त हुआ, समाज कल्याण विभाग के स्टाल पर वृद्धजनों की समस्याओं को सुनते हुए, अपूर्ण आवेदनों को मौके पर ही दुरुस्त कराया गया, कई पात्र वृद्धजनों की वृद्धावस्था पेंशन को तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए उन्हें योजनाओं से जोड़ा गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज ने 127 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित किये गये और 5 टीम को क्षेत्र में भेजकर 10 प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस राबर्ट्सगंज में कुल 20 मामले निस्तारित हुए, बाकी 107 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमेन्त कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, परियोजना अधिकारी डूडा सुधांशु शेखर शर्मा, डी0सी0 मनरेगा रवीन्द्र वीर सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहे। इसी तरह सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में तहसीलदार ओबरा नरेन्द्र राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में आये शिकायतकर्ताओं की शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर तहसीलदार ओबरा आदि ने 37 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 04 मामलें निस्तारित किये गये। इस प्रकार तहसील दिवस ओबरा में कुल 4 मामले निस्तारित हुए, बाकी 33 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इसी तरह सम्पूर्ण समाधान दिवस दुद्धी का आयोजन उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ, इस मौके पर तहसील में शिकायतकर्ता के माध्यम से प्राप्त प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी दुद्धी, तहसीलदार आदि ने 32 शिकायतों को सुनते हुए मौके पर ही 02 मामलें निस्तारित किये गये। बाकी 30 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये।

## समाधान दिवस में अधिकारियों ने सुनी जन शिकायतें

**●14 शिकायतों में से मौके पर निस्तारित की जा सकी 5 शिकायतें**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कोंच(जालौन)-** तहसील स्तरीय समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को कोंच तहसील कार्यालय कक्ष में एसडीएम ज्योति सिंह की अध्यक्षता एवं तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद, सीओ परमेश्वर प्रसाद की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान फरियादियों द्वारा पुलिस विभाग से जुड़ी 5 एवं राजस्व से जुड़ी 4 शिकायतों सहित अन्य विभागों से संबंधित 5 शिकायतें दर्ज कराई गई। मौके पर सिर्फ 5 शिकायतें ही निस्तारित की जा सकी, शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए एसडीएम, सीओ ने संबंधित विभागों के अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान एडीएम को शिकायती पत्र देकर कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष रामकिशोर पुरोहित ने नगर पालिका परिषद कोंच पर 15वें वित्त आयोग की धनराशि का दुरुपयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। श्री पुरोहित का कहना है कि इस धनराशि से जल संचय, साफ सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य संपादित कराए जाने चाहिए लेकिन खेतों में इंटरलॉकिंग कार्य कराया जा रहा है जो गलत है। वहीं समाधान दिवस में दर्ज कराई गई शिकायतों के निस्तारण के लिए एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पूरी गुणवत्ता और ईमानदारी के साथ स्थलीय मुआयना कर निर्धारित समय सीमा के अंदर शिकायतों का निस्तारण कर इसकी समुचित जानकारी शिकायतकर्ता को जरूर दें। सीओ ने भी पुलिस से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण के लिए अधीनस्थों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर विभिन्न विभागों से जुड़े अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### बीमारी से परेशान किसान ने की आत्महत्या



**उरई(जालौन)-** सिरसाकलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव लोना में लंबे समय से बीमार चल रहे एक 45 वर्षीय किसान ने कथित तौर पर विषाक्त पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान गांव निवासी अरविंद सिंह के रूप में हुई है। पुलिस को दी गई जानकारी के अनुसार, अरविंद सिंह ने शुक्रवार की देर शाम अपने घर पर विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिसके चलते उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजनों को जैसे ही इस बात की भनक लगी, वह उन्हें लेकर स्थानीय मेडिकल कॉलेज पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उनका इलाज शुरू किया लेकिन हालत गंभीर होने के कारण इलाज के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मृतक के बेटे अमन ने बताया कि उनके पिता पिछले करीब 12 वर्षों से बीमारी से जूझ रहे थे। इस बीमारी के कारण वह अक्सर मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान रहते थे और बीमारी से तंग आकर ही उन्होंने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। वहीं थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## हमले में गंभीर रूप से घायल हुआ युवक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**उरई(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के उमरारखेरा मोहल्ले में एक युवक पर दो हमलावरों ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हमलावर अपराधी प्रवृत्ति के हैं और पहले भी कई बार लूटपाट व मारपीट की घटनाओं में शामिल रह चुके हैं। उमरारखेरा उरई निवासी आनन्द राज पुत्र द्वारिका प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह शुक्रवार की दोपहर कोरी धर्मशाला स्थित अपनी दुकान पर सौदा लेने गया था। तभी उसी मोहल्ले के दो युवक मौके पर आए और बगैर किसी कारण गाली-गलौज करते हुए उसके साथ बुरी तरह मारपीट करने लगे। हमले में आनन्द राज के सिर और हाथ में फ्रैक्चर आ गया तथा कंधे पर गंभीर चोटें आई हैं। हमलावर घटना के बाद मौके से फरार हो गए। वहीं घायल आनन्द राज को पहले कोंच चौकी ले जाया गया, जहाँ से पुलिस ने उसे कोतवाली भेजा और फिर राजकीय मेडिकल चिकित्सालय उरई में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि उक्त दोनों हमलावर इलाके में भय का माहौल बनाए हुए हैं और कई बार लूटपाट तथा मारपीट जैसी घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। 5 फरवरी को भी आरोपियों ने उससे 10 हजार रुपए नकदी जबरन छीन ली थी, जिसकी शिकायत चौकी में दर्ज कराई गई थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। उधर, पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार से मिलकर सुरक्षा की गुहार एवं हमलावरों पर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने बताया है कि तहरीर प्राप्त हुई है, मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## इंटरमीडिएट की छात्रा युवक के साथ लापता, नकदी व जेवर ले जाने का आरोप

**●पिता ने थाना कैलिया में दी तहरीर, बरामदगी की मांग**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**कोंच(जालौन)-** थाना कैलिया क्षेत्र के एक किसान ने अपनी 19 वर्षीय पुत्री को नगदी व जेवरात सहित एक युवक द्वारा बहला-फुसलाकर साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित पिता ने थाना कैलिया पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी पुत्री 19 फरवरी को दोपहर करीब एक बजे इंटरमीडिएट की परीक्षा देने के लिए कमला नेहरू इंटर कॉलेज कोंच स्थित परीक्षा केंद्र गई थी। आरोप है कि छात्रा परीक्षा दिए बिना ही गांव के ही एक युवक के बहकावे में आकर उसके साथ चली गई। पिता का कहना है कि उनकी पुत्री घर से सोने की चेन, अंगूठी, चांदी की तोड़ियां, चांदी के सिक्के तथा 70 हजार रुपये नकद भी साथ ले गई है। यह राशि दो दिन पूर्व भैंस बेचकर घर में रखी गई थी। देर शाम तक पुत्री के घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बाद में जानकारी हुई कि वह उक्त युवक के साथ गई है। मामले को लेकर पीड़ित पिता ने पुलिस से पुत्री की सकुशल बरामदगी और युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### कोहरथा में दो दिवसीय अंतर्राज्यीय बॉलीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन

**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –घोरावल क्षेत्र के कोहरथा गांव में दो दिवसीय अक्षयवट त्रिपाठी स्मारक अंतर्राज्यीय बॉलीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि आजाद सिंह व विशिष्ट अतिथि आमोद रंजन, गोरखनाथ सिंह, रणविजय सिंह के हाथों से संयुक्त रूप फीटा काटकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मैच राजीन बनाम कोहरथा के बीच खेला गया, जिसमें कोहरथा विजयी रही।इस मौके पर अक्षयवट त्रिपाठी स्मारक क्लब के संरक्षक रामौतार सिंह, अध्यक्ष आजाद सिंह, सचीव श्रीपति त्रिपाठी शिवसागर,राजेश, प्रवीण त्रिपाठी, मुर्शीद जमाल, दीपक शर्मा, हनुमान जी, सीताराम आदिवासी, आशीष, धर्मेंद्र,पवन,रीशु सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।अन्त में सचिव श्रीपति त्रिपाठी ने आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## खनिज इंस्पेक्टर के ड्राइवर पर गुंडागर्दी का आरोप

**●डम्फर चालक से मारपीट कर 12 हजार रुपये मासिक एंट्री वसूली का दावा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** जिले में अवैध खनन और कथित वसूली को लेकर एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। खनिज विभाग से जुड़े खनिज इंस्पेक्टर के ड्राइवर पर डम्फर चालक से मारपीट करने और हर महीने 12 हजार रुपये एंट्री के नाम पर वसूली करने के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ित चालक ने कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

**12 हजार मासिक वसूली का आरोप**

पीड़ित डम्फर चालक का आरोप है कि क्षेत्र में वाहन चलाने के लिए उससे नियमित रूप से हर महीने करीब 12 हजार रुपये की अवैध एंट्री मांगी जाती थी। चालक का कहना है कि इस बार निर्धारित रकम न दे पाने पर आरोपी ड्राइवर ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित ने खुद को गरीब परिवार से बताते हुए कहा कि लगातार हो रही वसूली से उसकी आर्थिक स्थिति खराब हो गई थी।

**पहले भी उठती रही आवाज**

स्थानीय लोगों के मुताबिक यह कोई पहली घटना नहीं है। पिछले कई दिनों से आरोपी ड्राइवर की कार्यशैली को लेकर शिकायतें सामने आ रही थीं। आरोप है कि संबंधित खनिज इंस्पेक्टर की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। विभागीय गतिविधियों की सूचना पहले ही बाहर पहुंचने की भी चर्चाएं क्षेत्र में जोर पकड़ रही हैं।

**पुलिस तक पहुंचा मामला**

मारपीट की घटना के बाद पीड़ित चालक ने कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर दी है और सुरक्षा के साथ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सम्बन्धितों का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है और तथ्यों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिक गई हैं कि आरोपों की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों पर कब तक शिकंजा कसा जाता है।

## बिजली का तार चोरी कर बेचने की फिराक में था करन सिंह

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**ललितपुर।** बिजली तार चोरी का मामला सामने आया है। पुलिस ने अमरपुर मंडी में बिजली के तार काटकर एल्युमिनियम तार चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि उपनिरीक्षक भूपेंद्र सिंह मय अपनी टीम के साथ रोकथाम जुर्म जरायम, चेकिंग संदिग्ध वाहन, व्यक्ति एवं देखभाल क्षेत्र में मामूर होकर अमरपुर मंडी में पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि एक व्यक्ति बिजली के तार काटकर एल्युमिनियम तार निकाल रहा था और उसे एक प्लास्टिक की बोरी में भर रहा था। पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया और उसका नाम पता पूछा। आरोपी का नाम अमरपुर निवासी करन सिंह पुत्र रविंद्र सिंह बताया गया है। पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक प्लास्टिक बोरी में एल्युमिनियम तार और दो हथियार बरामद हुए। इसके अलावा, उसके पास से एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। पूछताछ में करन सिंह ने बताया कि वह जुए की लत के कारण बिजली के तार काटकर बेच देता था। उसने बताया कि वह अमरपुर मंडी में धरमकांटा पर काम करता था और उसे मंडी की जानकारी थी कि अमरपुर मंडी में बिजली सप्लाई नहीं है। इसलिए वह बिजली के तार काटकर एल्युमिनियम तार निकालता था और उसे कबाड़ में बेच देता था। पुलिस ने आरोपी करन सिंह को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ धारा 303/317 बीएनएस 2023 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बरामद एल्युमिनियम तार का वजन 25.850 किलो ग्राम पाया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है और बिजली चोरी की घटना पर रोक लगाने का प्रयास किया है।

### गाली देने से मना किया तो युवक पर लाठी-डंडों से हमला, दो नामजद

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र के ग्राम सैदपुर में गाली-गलौज का विरोध करने पर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सैदपुर निवासी अन्नू जैन ने महरौनी थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 17 फरवरी 2026 को वह अपने दोस्तों के पास जा रहे थे। तभी पूर्व प्रधान के मकान के सामने गांव के ही शिवबू पुत्र मुन्नालाल और मुन्नालाल पुत्र कपूर ने उन्हें रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने गाली देने से मना किया तो दोनों आरोपियों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आईं। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपी मौके से फरार हो गए। महरौनी पुलिस ने मामले में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कल्याणपुर थाने का किया औचक निरीक्षण



**कानपुर।** दिनांक 20.02.2026 को डॉ. विपिन ताडा, अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) द्वारा थाना कल्याणपुर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, अभिलेख कक्ष, मालखाना, आगंतुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर सहित समस्त आवश्यक रजिस्टरों एवं अभिलेखों का गहन अवलोकन किया गया। निरीक्षण में थाना कल्याणपुर में अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखरखाव, साफ-सफाई, अनुशासन तथा ड्यूटी के प्रति कर्मियों की सजगता संतोषजनक पाई गई। विशेष रूप से हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, जो मालखाना मुहर्रिर के पद पर कार्यरत हैं, द्वारा रजिस्टरों का उत्कृष्ट रखरखाव एवं वर्दी का सुसज्जित टर्नआउट प्रदर्शित किया गया, जिसकी अपर पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा सराहना की गई।उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा के लिए हेड कांस्टेबल जितेंद्र कुमार, थाना कल्याणपुर को नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### घर में घुसकर चोर, मंगलसूत्र समेत जेवरात उठा ले गए



**शादी में गया था परिवार, लौटने पर बिखरा मिला सामान**

**सिद्धार्थनगर-** जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के मल्हार बुजुर्ग गांव में अज्ञात चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए घर में घुसकर अलमारी और बक्सा तोड़कर जेवरात लेकर फरार हो गए।मल्हार बुजुर्ग निवासी सतीश कुमार मिश्रा पुत्र जगमोहन मिश्रा ने बताया कि वह बहराइच जनपद में अपनी बहन की बेटी की शादी में शामिल होने के लिए 17 फरवरी को घर में ताला लगाकर परिवार सहित गए थे। 20 फरवरी की रात वापस लौटने पर देखा कि छत के रास्ते अंदर घुसकर चोरों ने कमरों में रखी अलमारी और बक्सा तोड़ दिया है। उसमें रखा मंगलसूत्र, दो अंगूठी और एक पायल गायब थी। पीड़ित ने थाना त्रिलोकपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबध में थानाध्यक्ष चन्द्रकांत पाण्डेय ने बताया कि तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

### रेल यात्रा के दौरान मान्यता प्राप्त सम्पादकों व पत्रकारों को किराए में मिलने वाली रियायत की बहाली की माँग



**कानपुर।** एसोसियेशन ऑफ स्माल एण्ड मीडियम न्यूजपेपर्स ऑफ इण्डिया के उत्तर प्रदेश राज्य इकाई के अध्यक्ष श्याम सिंह पंवार ने रेलमंत्री, भारत सरकार को लिखा पत्र लिखकर रेल यात्रा के दौरान पत्रकारों को मिलने वाली रियायतों को बहाल करने की मांग की है। रेल यात्रा के दौरान मान्यता प्राप्त सम्पादकों व पत्रकारों को किराये में मिलने वाली रियायत की बहाली की माँग करते हुए एसोसियेशन ऑफ स्माल एण्ड मीडियम न्यूजपेपर्स ऑफ इण्डिया के उत्तर प्रदेश राज्य इकाई के अध्यक्ष श्याम सिंह पंवार ने रेलमंत्री, भारत सरकार, अश्विनी वैष्णव को एक पत्र लिखा है। रेलमंत्री को लिखे गये पत्र में कहा गया है कि मान्यता प्राप्त सम्पादकों व पत्रकारों को कोविड-19 महामारी के दौरान से रेल यात्रा में मिलने वाली रियायतों से वंचित कर रखा गया है। जबकि अपनी ड्यूटी / संस्थान के कार्यों के सम्बन्ध में सम्पादकों / पत्रकारों को देश के विभिन्न हिस्सों में यात्रा करनी पड़ती है, अतः आर्थिक दृष्टि से सहूलियत देना जरूरी है। इस विषय पर ध्यानाकर्षित करते हुए श्याम सिंह पंवार ने रेलमंत्री से मांग की है कि मान्यता प्राप्त सम्पादकों व पत्रकारों की रेलवे पास/किराये में रियायत की सुविधा को शीघ्र अति शीघ्र बहाल किया जाये।

## मांगों को लेकर 25 को जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन करेगा एनएफआईटीयू और एच एम केपी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नेशनल फ्रन्ट ऑफ इण्डियन ट्रेड यूनियन्स और हिन्द मजदूर किसान पंचायत अब आर पार की लड़ाई लड़ने जा रहा है। वह इसके लिए 25 फरवरी से देश के हर जिला मुख्यालय और श्रम कार्यालयों पर भी धरना और प्रदर्शन करेगा। मांगे अभी तक नहीं पूरी किए जाने के फल स्वरूप विरोध दिवस के रूप में इस आंदोलन की यह शुरुआत भारतीय मजदूर संघ के प्रमुख घटक 18 केंद्रीय महा संगठन व स्वतंत्र संगठन वाले एनएफआईटीयू के आवाहन पर की जा रही है। यह जानकारी देते हुए एनएफआईटीयू और हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव तथा यूपी के महासचिव राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि 25 फरवरी को पूरे देश में प्रदर्शन रैली, काले फीते युक्त रैली करते हुए जिलाधिकारी और श्रम कार्यालयों में उनके माध्यम से प्रधानमंत्री, केन्द्रीय मंत्री व राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौपने के साथ-साथ तत्काल निराकरण के लिए मांग की जायेगी। एनएफआईटीयू और हिन्द मजदूर किसान पंचायत के राष्ट्रीय सचिव तथा यूपी के महासचिव राकेशमणि पाण्डेय ने बताया कि सभी को बिना किसी छूट के सभी कर्मचारियों के लिए बने श्रम कानूनों



को कठोरता व एकरूपता से लागू किए जाने, इण्डस्ट्रीयल रिलेशन कोड और अकूपेशन सेफ्टी हेल्थ एण्ड वर्किंल कण्डीशन कोर्ट में श्रमिकों की चिन्ताओं को दूर किये जाने, इण्डिया लेबर कन्फ्रेन्स तुरन्त बुला कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए त्रिपक्षीय वार्ता पुर्नस्थापित और उनकी संस्तुतियों को कठोरता व समुचित रूप से लागू किये जाने, सभी कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन हर 05 वर्ष में निश्चित वेतन वृद्धि सुनिश्चित करने के साथ ही छः माह में मिलने वाले महंगाई भत्ते को शत प्रतिशत बढ़ाये जाने, भविष्यनिधि में सभी सदस्यों को न्यूनतम पेंशन रू0 7500/- मासिक निर्धारित करने के साथ ही10 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि अनिवार्य रूप से सम्मिलित किये जाने, सार्वजनिक क्षेत्र, संयुक्त क्षेत्र व निजी क्षेत्रों के कर्मचारियों को अवशेष भुगतान क्षतिपूर्ति सहित दिलाने, सभी क्षेत्रों में बैंकिंग सहित 05 दिन का कार्य दिवस घोषित किये जाने, बोनस के लिए वेतन सीमा समाप्त करने के साथ ही सम्पूर्ण प्राप्त वेतन का 01 माह का न्यूनतम पूरा पूरा वेतन बोनस के रूप में दिये जाने, न्यूनतम बोनस रू0 25000/- किए जाने,भारतीय संविधान और सिद्धांतों के मुताबिक के मुताबिक स्कीम वर्कस और कान्टेक्ट वर्कर को रेग्युलर किये जाने, सभी श्रम न्यायालयों में स्थायी पीठासीन अधिकारियों, सहायकों और कर्मचारियों के रिक्त स्थानों की पूर्ति करते हुए समयबद्ध सीमा के अन्तर्गत निर्णय कराये जाने, सभी आम भर्तियों पर रोक हटाकर नौकरी की सुरक्षा के साथ-साथ रोजगार की गारण्टी देने, टॉवर कर्मचारियों और इसी तरह से काम करने वाले विशेष कर्मचारियों के लिए सुरक्षा वेतनमान पर कठोर नियमावली बनाने, ठेकेदारी व सब ठेकेदारी समाप्त करने, पूरे देश में एक समान वेतन व नियमावली लागू करने, भारत व राज्य सरकार की समस्त कमेटियों में श्रमिको को प्रतिनिधित्व देने ,पूरे देश में नेशनल वेज पालिसी बनाने, सभी संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को एक समान कार्यवेतन सुविधा, अवकाश, ओवरटाइम और अन्य श्रम कानूनों का लाभ एक समान निर्धारिण और लागू आदि किए जाने को लेकर यह आंदोलन कब तक चलता रहेगा जब तक कि श्रमिक मजदूरों के हित में सभी मांगे पूरी नहीं कर दी जाएंगी।

## भाकियू ने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा



**सिद्धार्थनगर-** जिले के इटवा तहसील में शनिवार को भारतीय किसान यूनियन ( टिकैत गुट ) के तहसील अध्यक्ष सलीम अहमद सिद्दीकी की अध्यक्षता में व जिला उपाध्यक्ष तहसील प्रभारी मो0 मुनीफ खान के नेतृत्व में एक दिवसीय किसान पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें विचार विर्मश कर विभिन्न समस्याओं को लेकर तहसील प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया, इस दौरान लक्ष्मण चौधरी,सलीम अहमद, सुखदेव सिंह वर्मा, अरविन्द चौधरी,कन्हैया लाल पटेल,मो0 सादिक, उपेन्द्र कुमार यादव, राम सवार चौधरी आदि मौजूद रहे।

## विधायक विनय वर्मा ने 09 किसान परिवारों को 30 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक को किया वितरित

● तहसील शोहरतगढ़ में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत चेक वितरित करते विधायक विनय वर्मा व साथ मे एसडीएम विवेकानंद मिश्रा, तहसीलदार प्रकाश सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** तहसील शोहरतगढ़ में शनिवार को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत 09 किसान परिवारों को कुल 30 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक को विधायक विनय वर्मा ने वितरित किया। चेक पाकर किसानों में खुशी रही। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं राजस्व एवं आपदा विभाग की योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को



क्षतिपूर्ति एवं सहायता राशि वितरित की जा रही है। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शोहरतगढ़ तहसील में मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के तहत मेरे द्वारा 09 किसान परिवारों को कुल 30 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक देते हुए विधायक विनय वर्मा ने कहा कि कठिन समय में यह आर्थिक सहयोग हमारे अन्नदाता भाइयों के परिवारों को राहत देगा। पीएम नरेन्द्र मोदी व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किसानों के हित में संवेदनशील एवं प्रभावी योजनाएँ धरातल पर उतर रही हैं। किसान की समृद्धि ही प्रदेश और देश की समृद्धि है। इस दौरान एसडीएम शोहरतगढ़ विवेकानंद मिश्रा एवं तहसीलदार प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

## श्रीरामचरितमानस जीवन का आधार : देवी ज्योति किशोरी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** भनवापुर क्षेत्र के कमसार गांव स्थित राम जानकी मंदिर परिसर में आयोजित नौ दिवसीय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ के पहले दिन शुक्रवार शाम को कथावाचिका देवी ज्योति किशोरी ने रामचरितमानस की महिमा पर भावपूर्ण प्रवचन दिया। कथा पंडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा और जय श्रीराम के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथावाचिका ने कहा कि रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को दिशा देने वाला आध्यात्मिक प्रकाश स्तंभ है। उन्होंने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित यह महाकाव्य सभी



वर्गों के लिए सरल, सरस और कल्याणकारी है। इसमें वर्णित आदर्श, मर्यादा, त्याग, सेवा और समर्पण की भावना आज भी समाज को सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

उन्होंने कहा कि मानस का नियमित पाठ मन को शुद्ध करता है और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। भगवान श्रीराम के चरित्र को सत्य और कर्तव्य का आदर्श बताते हुए उन्होंने माता सीता को त्याग व मर्यादा तथा लक्ष्मण व हनुमान को सेवा और भक्ति का प्रतीक बताया।

कथा के दौरान बालकांड और अयोध्या कांड की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में रामचरितमानस का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक है। कथा श्रवण हेतु आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। अंत में आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान आयोजन समिति के व्यवस्थापक मनीष गुप्ता आचार्य दुर्गेश शुक्ल,विनय तिवारी,अनिल तिवारी, विश्वभर तिवारी, राजेन्द्र यादव, झब्बू तिवारी, जग्गन बरुण, गुरुदेव प्रसाद, शिव प्रसाद, सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लेकर भरी हुंकार, समस्याओं को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज प्रतापगढ़।** धान की बिक्री में आनलाईन पंजीकरण कराने वाले किसानों की खरीददारी न होने तथा लालगंज चौक पर अतिक्रमण की समस्या से नाराज वकीलों ने शनिवार को तहसील परिसर में नारेबाजी की। वहीं वकीलो ने प्रदेश सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा कानून को लेकर विधेयक लाए जाने की भी मांग उठाई। समस्याओं को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी व महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय के संयुक्त नेतृत्व में एडीएम आदित्य प्रजापति को सौंपा गया। रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने लालगंज नेशनल हाइवे के चौक पर वाहनों के साथ अन्य अतिक्रमण को लेकर प्रशासन से अभियान चलाए जाने को कहा। संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी ने एडीएम को बताया कि पोर्टल न चलने के कारण अभी तक आनलाईन पंजीकरण कराने वाले किसानों का धान क्रय नहीं किया गया है। वहीं ज्ञापन में हाल ही में प्रदेश के रामपुर, बाराबंकी व फतेहपुर जिलों में वकीलों की हत्या को लेकर प्रदेश सरकार से अधिवक्ता सुरक्षा कानून पर विधेयक की मांग भी उठाई गयी है। वकीलों ने समाधान दिवस में भी मांगो के समर्थन में नारेबाजी की। एडीएम ने ज्ञापन पर समुचित कार्रवाई का भरोसा दिलाकर वकीलो को शान्त कराया। इस मौके पर संतोष पाण्डेय, प्रवीण यादव, विपिन शुक्ल, नीरज सिंह, सुशील शुक्ला, केबी सिंह, मोहित जायसवाल, सुमित त्रिपाठी, जितेन्द्र कनौजिया, गीता सिंह, केके शुक्ला, लालता प्रसाद पाण्डेय, शिव नारायण पाण्डेय, आदि अधिवक्ता रहे।

## मृतक आश्रित को सौंपा बीस लाख का चेक



**लालगंज प्रतापगढ़।** एसबीआई की अगई शाखा में मृतक आश्रित को बीस लाख रूपये का बीमा का चेक सौंपा। अगई की एसबीआई शाखा के प्रबंधक आलोक रंजन मिश्र ने तहसील लालगंज अर्न्तगत बेवली गांव निवासी छब्बीस वर्षीय मो0 शकील के असामयिक निधन पर उसके पिता मो0 नसीम खान को शनिवार को दुर्घटना बीमा के तहत बीस लाख रूपये का चेक सौंपा। प्रबंधक ने बताया कि मृतक शकील खान बैंक शाखा में खाताधारक था। उसने दुर्घटना बीमा कराया था। इसके तहत मृतक आश्रित को दुर्घटना बीमा योजना के तहत चेक सौंपा गया। इस मौके पर क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार पाण्डेय, मनोज कुमार सिंह, अमित पाण्डेय, धीरज मिश्र आदि मौजूद रहे।

## एक सौ पचपन शिकायतों में तेरह का हुआ निस्तारण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक सौ पचपन शिकायतों में से तेरह शिकायतों का अफसरों ने निस्तारण कराया। अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी वृजनंदन राय के साथ अफसरो ने शिकायतो की सुनवाई की। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की चौरान्नवे आयीं। इनमे से एडीएम ने आठ शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया। पुलिस विभाग की बीस शिकायतों में दो का निस्तारण हुआ। इसके अलावा विकास विभाग सात, समाज कल्याण व बेसिक शिक्षा विभाग तीन-तीन, विद्युत व आपूर्ति पांच-पांच तथा अन्य विभागों की अठारह शिकायतें आयीं। विद्युत विभाग की शिकायतों में ज्यादातर बिल भुगतान को लेकर जुडी दिखी। वहीं राजस्व से जुडी शिकायतो मे चकरोड तथा तालाबी अराजी की जमीन पर अतिक्रमण के मामले सामने आये। अरएडीएम आदित्य प्रजापति ने शिकायतों की सुनवाई करते हुए मातहतो को मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की मौजूदगी में गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराए जाने के कड़े निर्देश दिये। अपर पुलिस अधीक्षक वृजनंदन राय ने पुलिस से जुडी शिकायतों को लेकर थानाध्यक्षों की पेंच कसी। दिवस का संचालन एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने किया। इस मौके पर सीओ आशुतोष मिश्र, ईओ इन्द्रप्रताप, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक लालगंज आलोक कुमार, अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र आदि अफसर मौजूद रहे।

## निष्प्रयोज्य राजकीय वाहन की नीलामी 14 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में

प्रतापगढ़। अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति ने बताया है कि जनपद न्यायाधीश प्रतापगढ़ के कार्यालय से सम्बन्धित निष्प्रयोज्य राजकीय वाहन (यूपी-72जी/0162, माडल-2013, टाटा इण्डिगो मांजा) की नीलामी आगामी 14 मार्च को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में किया जायेगा। नीलामी मे सम्मिलित होने से पूर्व इच्छुक बोलीदाता वाहन का निरीक्षण कर सकते हैं। सर्वाधिक बोली बोलने वाले को सम्पूर्ण धनराशि तत्काल जमा करनी होगी।

## बाल विवाह मुक्त भारत, सुरक्षित बचपन, सशक्त भविष्य

●बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम का सफल आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना पुलिस लाइन एवं तरुण चेतना संस्थान प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में पट्टी तहसील क्षेत्र के ग्राम सेवापट्टी में 'बाल विवाह मुक्त भारत' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बाल विवाह जैसी कुप्रथा के प्रति जागरूकता फैलाना तथा इसे जड़ से समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाना के प्रभारी संजय यादव ने बाल विवाह के दुष्परिणामों एवं




इससे जुड़े कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बाल विवाह न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित द्धठ्ठहै, बल्कि यह कानूनन अपराध भी है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से अपील की कि वे बाल विवाह जैसी कुरीति को रोकने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। इसी क्रम में तरुण चेतना संस्थान की निदेशक नसीम अंसारी ने बाल विवाह के सामाजिक, शैक्षिक एवं स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बालिकाओं की शिक्षा एवं सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि जागरूक समाज ही बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। उपस्थित लोगों रविवार को हादीहाल प्रतापगढ़ में होने राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में भी बताया गया। कार्यक्रम में तरुण चेतना के सह-निदेशक हकीम अंसारी, कांस्टेबल तौसीफ रजा, संदीप कुमार, हमारा बानो, रेखा पटेल सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बाल विवाह को रोकने और समाज को जागरूक बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को बाल विवाह न करने एवं न होने देने की शपथ दिलाई गई। आयोजकों ने आशा व्यक्त की कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा और बाल विवाह मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में सार्थक प्रगति होगी।

## डीएम - एसपी ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर-** विधायक जय प्रताप सिंह,जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन के साथ रतन सेन महाविद्यालय बांसी में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम के स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रतनसेन महाविद्यालय में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान यातायात व्यवस्था, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण, महिला सुरक्षा, वीआईपी आगमन-प्रस्थान मार्ग तथा आपातकालीन निकास व्यवस्था कराये जाने के बारे में सम्बन्धित को निर्देश दिया। इसके अलावा वर-बधू को दी जाने वाले सामानों की सूची का बैनर लगवाने का निर्देश दिया। पीने के पानी व अन्य आवश्यक व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक डा0 ज्ञानप्रकाश, उपजिलाधिकारी बांसी निखिल चक्रवर्ती, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सीडीओ ने उप कृषि निदेशक व भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, लापरवाही पर चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा कृषि भवन में स्थित उप कृषि निदेशक एवं भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव उपस्थित रहे। उप कृषि निदेशक कार्यालय की उपस्थित पंजिका के अवलोकन में कुल 17 कर्मचारी/कार्मिक का नाम अंकित पाया गया जिसमें आशुलिपिक विभा यादव मातृत्व अवकाश पर है, शेष कर्मचारी उपस्थित पाये गये, परन्तु कार्यालय में अवकाश पंजिका में संबधित कर्मचारी के अवकाश का विवरण अंकित नहीं पाया, जिसके संबधित पटल सहायक विजय कुमार सिंह को चेतावनी प्रदान की गयी तथा भविष्य में पुनरावृत्ति पाये जाने पर प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान करने के निर्देश दिये गये। गार्ड फाइल एवं वीडिंग रजिस्टर निरीक्षण के समय उपलब्ध नहीं कराया जा सका तथा कार्यालय में जागृति सिंह एवं प्रियंका पाण्डेय के मेज पर नेम पट्टिका न पाये जाने पर उप कृषि निदेशक को चेतावनी प्रदान करते हुए 03 दिवस के अन्दर अनुपालन सुनिश्चित कराकर अवगत कराने के निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त कार्यालय कक्ष का निरीक्षण किया गया तथा संबधित कर्मचारियो द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यो के संबध में जानकारी प्रदान की गयी तथा पत्रावली का अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान पुराने अभिलेखो की वीडिंग की कार्यवाही न कराये जाने पर 07 दिवस के अन्दर कार्यवाही संपादित करने के निर्देश दिये गये।

जिलाधिकारी द्वारा 23 अगस्त को उप कृषि निदेशक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया था। जिलाधिकारी द्वारा परिसर में स्थित पुराने जर्जर भवनो का मूल्यांकन कराकर उनके निष्पादन हेतु नियमानुसार कार्यवाही तथा परिसर की सुरक्षा हेतु बाउण्ड्री वाल निर्माण हेतु तत्काल प्रस्ताव प्रेषित किया जाय तथा बजट प्राप्त कर बाउण्ड्री वाल निर्माण कराया जाय। उप कृषि निदेशक द्वारा अभी तक उक्त के अनुपालन हेतु कार्यवाही पूर्ण न किये जाने पर 07 दिवस के अन्दर उक्त का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये। वरिष्ठ सहायक अजय सिंह के कक्ष में सफाई व्यवस्था ठीक पाये जाने तथा कक्ष में अभिलेख आदि व्यवस्थित तरीके से पाये जाने तथा संबधित कर्मचारी द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यो के संबध में सही जानकारी उपलब्ध कराने पर सराहना की गयी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा वर्तमान में संचालित फार्मर रजिस्ट्री कार्य एवं कैम्प



आयोजन की प्रगति समीक्षा की गयी जिसमें उनके द्वारा कृषि भवन में स्थापित वाररूम का निरीक्षण किया गया। फार्मर रजिस्ट्री की अपेक्षित प्रगति न पाये जाने पर तत्काल प्रगति सुनिश्चित कराने तथा जिन विकास खण्डो में कैम्प के दौरान कम प्रगति हो रही उसमें आ रही समस्याओ की जानकारी करने तथा उनका निदान कराने के अतिरिक्त उन विकास खण्डो में लगे हुए कर्मचारियो के कार्यो का मूल्यांकन कर शिथिल प्रगति वाले कर्मचारियो के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

भूमि संरक्षण अधिकारी द्वितीय कार्यालय की उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया गया जिसमें कुल 05 कर्मचारी का नाम अंकित पाया गया, अवर अभियन्ता आशीष कुमार यादव आकस्मिक अवकाश पर है, शेष कर्मचारी उपस्थित पाये गये।अवकाश पंजिका में अवकाश का अंकन पाया गया। गार्ड फाइल एवं वीडिंग रजिस्टर निरीक्षण के समय उपलब्ध नहीं कराया जा सका, संबधित पटल संजय कुमार को कारण बताओ निर्गत करने की कार्यवाही के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त कार्यालय कक्ष का निरीक्षण करने पर नेम पट्टि लगी पायी गयी परन्तु खिड़कियो पर गंदगी पाये जाने तथा जर्जर अवस्था में मेज पायी गयी। अवर अभियन्ता कक्ष में भी गंदगी पायी तथा अव्यवस्थित तरीके पाइप इत्यादि सामग्री रखी हुई पायी गयी।कार्यालय में आलमारी सही तरीके से रखी हुई पायी परन्तु बाक्स में पुराने अभिलेख रखे जाने की जानकारी दी गयी, जिसकी वीडिंग की कार्यवाही न कराये जाने पर 07 दिवस के अन्दर कार्यवाही संपादित करने के निर्देश दिये गये। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद में मिलेट्स व कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषको को चिन्हित कर उनका विवरण उपलब्ध कराने तथा उनके साथ 07 दिवस के अन्दर कार्यवाही के लिए निर्देश दिए गए।बैठक मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उप कृषि निदेशक को कार्यालय की साफ-सफाई व्यवस्था नियमित रूप से सुनिश्चित कराने तथा कार्यालय के कर्मचारियो की उपस्थिति पंजिका प्रत्येक सप्ताह में 02 बार अवश्य चेक करने एवं निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशो का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये।

## मतदाता सूची में सुधार के लिये आज विशेष अभियान, बीएलओ बूथ पर रहेंगे उपलब्ध

● एसआईआर विशेष अभियान में नये मतदाता बनने और संशोधन के लिये मौका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य प्रजापति ने बताया है कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोग द्वारा दावे और आपत्तियां प्राप्त करने हेतु रविवार को विशेष अभियान तिथि निर्धारित की गई है। विशेष अभियान तिथि में बूथ लेविल अधिकारियों द्वारा अपने मतदेय स्थल पर निर्धारित समय पूर्वान्ह 10:30 बजे से 04:30 बजे तक के मध्य आलेख्य निर्वाचक नामावली पढ़ी जाएगी तथा दावे-आपत्ति प्रपत्र-6, 7 व 8 पर घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) के साथ ली जाएगी। विशेष अभियान तिथि में गणना अवधि के दौरान अनुपस्थित/ स्थानांतरिक/ मृतक/ डुल्लीकेट (एएसडी) श्रेणी में मार्क किए गए निर्वाचको की सूची उपलब्ध रहेगी तथा पढ़ी जायेगी। विशेष अभियान तिथि में पर्याप्त प्रपत्र 6, 7 व 8 तथा घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) बीएलओ के पास उपलब्ध रहेगें। विशेष अभियान तिथि में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि प्रकाशित आलेख्य मतदाता सूची में यदि कही कोई कमी रह गई है तो उस कमी को दूर करने के लिए आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही की जाएगी। सभी मतदेय स्थलों पर बीएलओ और राजनैतिक दलों के बीएलए उपस्थित रहेगें। मतदाता टोल-फ्री नम्बर 1950 (एसटीडी कोड-05342)/लैण्डलाइन नम्बर 05342-297845 पर कॉल कर अपनी समस्या का समाधान करा सकते है। सुपरवाइजर्स/निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/ सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं पर्यवेक्षणीय अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहेगें। उन्होने जनसामान्य से अनुरोध किया है कि विशेष अभियान तिथि में अपने बूथ पर जाकर मतदाता सूची देख लें, यदि कोई त्रुटि हो या सुधार की आवश्यकता हो, तो तद्नुसार प्रपत्र-6 (नए मतदाताओं हेतु), प्रपत्र-7 (मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाता के नाम पर आपत्ति हेतु) या प्रपत्र-8 भरकर सम्बन्धित बीएलओ को आवेदन दे सकते है।

# संक्षिप्त खबरें

## दिल्ली सरकार में मंत्री कपिल मिश्रा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में की जनसुनवाई

### आम नागरिकों के आए 38 आवेदन को समाधान हेतु अधिकारियों को दिए स्पष्ट निर्देश



**नई दिल्ली, 21 फ़रवरी:** हर शनिवार की तरह आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर अपनी समस्याएं सीधे दिल्ली सरकार में मंत्री श्री कपिल मिश्रा के समक्ष रखीं। इस मौके पर कार्यालय मंत्री श्री बृजेश राय उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता को एक ऐसा मंच प्रदान करना था, जहां वे बिना किसी मध्यस्थ के अपनी शिकायतें सीधे सरकार तक पहुंचा सकें और उनके समाधान की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। कपिल मिश्रा ने 38 शिकायतकर्ता से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उनकी समस्याओं को विस्तार से सुना। कई मामलों में उन्होंने मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों से दूरभाष पर बात की और समस्याओं के शीघ्र समाधान के निर्देश दिए जिन मामलों में तत्काल समाधान संभव था, उनमें तुरंत कार्रवाई शुरू करवाई गई, जबकि जटिल विषयों पर समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर संबंधित विभागों को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा।

## एक महीने से ज्यादा होने पर भी उत्तर प्रदेश पुलिस के हाथ खाली,नहीं पकड़े गये शातिर चोर

**गाजियाबाद (कमीशनरेट):** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त कानूनों के आदेशों के कारण पुरे उत्तर प्रदेश मे अपराधी अपराध करने से डरते है,लेकिन जीरो टोलरेंस नीति के तहत भी अपराध बढ़ रहें है। लेकिन गाजियाबाद के कमीशनरेट विजय नगर मे अपराधी बेलगाम है। पुलिस अपराधियों पर लगाम लगाने मे नाकाम है, चोर खुले आम घूम रहें है, उनके फूटेज भी कैमरो मे कैद हो रहें है लेकिन पुलिस है की कई महीनों हो जाने के बाद भी केवल जाँच के नाम पर खानापूर्ति करती रहती है। घटना दिनांक 13/14 जनवरी 2026 की रात चोर सरे आम मकान नंबर 123 गली नंबर 4,शिवपुरी विजय नगर, गाजियाबाद मे लाखों की चोरी कर फरार हो गए।जिसकी शिकायत की एफआईआर भी लिखी गई। पीड़ित सोमा का कहना है कि वह परिवार सहित अपनी पुत्री के यहाँ पंजाब लोहड़ी मे गये थे,उसी रात अज्ञात चोरो ने घर के ताले तोड़ कर घर मे करीब 2से ढाई लाख नगद और करीब 8 लाख के गहने,अन्य सामान लेकर चले गए, बताया गया की चोर करीब 2घंटे घर मे आराम से रहें, निकलते हुये वो बेग आदि लेकर 2 से 3 लोग नजर आए है जिसके सीसीटीवी फूटेज भी पुलिस को दिए गए, उनमे चोरों के चेहरे साफ दिखाई दे रहें है,वहीं विजय नगर पुलिस स्टेशन के जाँच अधिकारी केवल जाँच के नाम पर खाना पूर्ति कर रहें है, वहीं एक महीने बाद भी पुलिस खाली हाथ है। पीड़ित बार-बार पुलिस मे गुहार लगा चुकी है, जानकारी लें रहें है जवाब केवल एक ही तलाश कर रहें है।

## प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत द्वारा 9 अंतर्राष्ट्रीय व्यापार सौदों पर हस्ताक्षर: ऐतिहासिक

**नई दिल्ली:** भारत के प्रसिद्ध गैर सरकारी संगठन दिल्ली स्ट्डी ग्रुप अध्यक्ष डॉ. विजय जौली के नेतृत्व में नई दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब आफ इण्डिया में ''भारत के अंतराष्ट्रीय व्यापार सौदे, बदलती भू राजनीतिक और वैश्विक अर्थ व्यवस्था'' पर परिचर्चा आयोजित की गई। खचाखच भरे कार्यक्रम में डॉ. विजय मेहता (रोमानियां महावाणिज्य दूत), डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा (नेपाल राजदूत), मुख्य वक्ता प्रो0 राकेश मोहन जोशी (उपकुलपति भारतीय विदेश व्यापार संस्थान) तथा जडसन वेंडेल एडी (लाइबेरिया चैंबर ऑफ कामर्स चेयर) ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में अनेक देशों के राजनयिक संग दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, जामिया इस्लामिया के रिसर्चर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्ट्डी ग्रप अध्यक्ष डॉ. विजय जौली ने की। प्रधानमंत्री मोदी और वाणिज्य केंद्रीय मंत्री पीयुष गोयल द्वारा 9 ऐतिहासिक व्यापारिक सौदों पर हस्ताक्षर, भारतीय किसानों के हितों की रक्षा करने और मेक-इन-इंडिया द्वारा भारत में निर्मित वस्तुओं के निर्यात के लिए बधाई दी। प्रो. राकेश मोहन जोशी व डॉ. विजय मेहता ने इस अवसर पर कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ''टेरिफ डिप्लोमैसी'' से बदलते वैश्विक राजनैतिक घटनाक्रम के समय में भारत ने अपना आर्थिक संतुलन बनाए रखा है। नेपाल राजदूत डॉ. शंकर प्रसाद शर्मा ने दावा किया कि ऐसे सौदों से भारत के पड़ोसी देश नेपाल को भी आर्थिक लाभ पहुंचेगा। लाइबेरिया व्यापारिक नेता जडसन वेंडेल एडी ने कहा कि भारत को सक्रिय अफ्रीका केंद्रित आर्थिक सहायता नीति बनाने की जरूरत है। इसके साथ ही 33 साल तक दिल्ली स्ट्डी ग्रुप में अपना योगदान देते रहे स्वर्गीय अशोक गर्ग जी को पुष्प अर्पित कर सबने मौन रख, भावभिनी श्रृद्धांजलि भी दी।

# कांग्रेस मुख्यालय पर भाजपा का रोष प्रदर्शन-हजारों कार्यकर्ताओं ने दी गिरफ्तारी: वीरेंद्र सचदेवा

### ● ए. आई. समिट में कांग्रेस ने सिर्फ विरोध नहीं किया है बल्कि राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी का फ्रस्ट्रेशन सामने आया है




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली** 21 फरवरी : कांग्रेस द्वारा कल ए.आई. समिट में कुछ कार्यकर्ता रूपी गुंडे भेज कर भारत को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपमानित करवाने का प्रयास किया उसके विरोध में दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के नेतृत्व में हजारों भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय पर विराट रोष प्रदर्शन किया और गिरफ्तारी दी। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक राजकुमार भाटिया द्वारा संचालित प्रदर्शन में एकत्र हजारों कार्यकर्ता जिनमें सांसद, विधायक, निगम पार्षद सम्मलित थे को प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा के आलावा पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं सांसद मनोज तिवारी,व प्रदेश पदाधिकारी विष्णु मित्तल, प्रवीण शंकर कपूर, विनय रावत, लता गुप्ता, सारिका जैन, सोना कुमारी, बृजेश राय, सुमित भसीन, संतोष ओझा,अजय सहरावत, नितिन त्यागी, भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री रोहित चहल, उप महापौर जयभगवान यादव, जिला अध्यक्ष वीरेन्द्र बब्बर,अजय खटाना, अरविंद गर्ग, विनोद सहरावत, राज शर्मा गौतम, दीपक गाबा, विजेन्द्र धामा, चंद्रपाल बख्शी, रविन्द्र चौधरी, माया विष्ट आदि ने प्रदर्शन को सम्बोधित किया और फिर बैरिकेड्स तोड़ने के बाद गिरफ्तारी दी।वीरेन्द्र सचदेवा एवं लगभग एक हजार प्रदर्शन कर रहे कार्यकर्ताओं ने जब दूसरा बैरिकेड्स तोड़ कर आगे बढ़े तो दिल्ली पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हे रोका और गिरफ्तार कर तुगलक रोड थाने ले जाया गया, जहां से लगभग एक घंटे बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।

वीरेन्द्र सचदेवा ने प्रदर्शन में सम्मिलित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पहले भारत माता की जय एवं वंदेमातरम का उदघोष करवाया और कांग्रेस द्वारा कल ए.आई. समिट में प्रदर्शन करने की निंदा की।दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि ए.आई. समिट भाजपा का नहीं भारत राष्ट्र का कार्यक्रम था और उसमे घुस कर प्रदर्शन करना सीधा सीधा राष्ट्रद्रोह है। साथ ही उन्होंने कहा कि एआई समिट जैसे महत्वपूर्ण मंच पर, जहां भारत अपनी नवाचार क्षमता, स्टार्टअप इकोसिस्टम और डिजिटल क्रांति का प्रदर्शन कर रहा था, वहां इस प्रकार का प्रदर्शन कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति को दर्शाता है। सचदेवा ने कहा कि जब पूरा विश्व भारत की तकनीकी प्रगति और डिजिटल नेतृत्व को स्वीकार कर रहा है, ऐसे समय में कांग्रेस द्वारा इस प्रकार का हंगामा करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी देशहित से ऊपर अपनी राजनीतिक हताशा को रख रही है और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी भारत की उपलब्धियों को कमतर दिखाने का प्रयास कर रही है। सचदेवा ने कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधते हुए कहा कि यह वही मानसिकता है जो संसद से लेकर सड़कों तक देश को बदनाम करने की कोशिश करती रही है। उन्होंने कहा कि भारत आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तकनीक, स्टार्टअप और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है, जिसे कांग्रेस पचा नहीं पा रही है। मनोज तिवारी ने भी प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार की कल घटना घटी है वह समान्य घटना नहीं है हालांकि जबतक पुलिस उन कांग्रेस के गुंडो को गिरफ्तार करती उससे पहले ही वहां उपस्थित जनता ने ही उन्हें सबक सिखा दिया लेकिन ए.आई. समिट में कांग्रेस ने यह सिर्फ विरोध नहीं किया है बल्कि राहुल गांधी और पूरी कांग्रेस पार्टी का फ्रस्ट्रेशन दर्शाया है। 80 से ज्यादा देशों से युवा ए.आई. समिट में आए हैं जो कांग्रेस को नहीं पच पा रहा है। यह भाजपा में ए.आई. समिट नहीं था बल्कि यह भारत का एआई समिट था।

## पटेल नगर विधायक प्रवेश रतन ने एक वर्ष का कार्यकाल पुरा किया

### प्रवेश रतन लगातार विकास कार्य का उदघाटन कर रहे हैं



**दिल्ली** पटेल नगर विधानसभा के युवा विधायक प्रवेश रतन अपना एक वर्ष का कार्यकाल पुरा किया एक वर्ष के दरमियान सैकड़ों विकास कार्य का उदघाटन किया पिछले एक साल में लगातार अनेकों कार्य का उदघाटन किया है जैसे रोड़ निर्माण पानी सीवरेज नाली बहुत सारे कार्य है जिसको गम्भीरता से लेते हुए प्रवेश रतन धरातल पर उतारने का काम किया है युवा जोश के साथ प्रवेश रतन ने पटेल नगर की जनता से वादा किया था कि पटेल नगर विधानसभा का कायाकल्प कर दूंगा उसी तर्ज पर आज पटेल नगर विधानसभा विकसित होने के तरफ़ अग्रसर है विधायक प्रवेश रतन के कार्य शैली नितियों से जनता बहुत खुशी है संवाददाता से वार्तालाभ के दरमियान प्रवेश रतन ने कहा कि अभी एक साल पुरे हुए मुझे अभी चार वर्ष निरन्तर जनता की सेवा करनी है आज 20 नम्बर रोड़ का उदघाटन करते हुए जनता को समर्पित किया है जल्द रोड बनकर तैयार हो जायेगी।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश यादव ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दर्ज किया

### ● यादव लवस्टोरी फिल्म बन्द होगी

### जो फिल्म देश में मौहोल ख़राब करने का काम करें वो फिल्म रिलीज नहीं होनी चाहिए




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रदीप यादव

विश्व यादव परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश यादव विवादित फिल्म को लेकर सुप्रीम कोर्ट पहुंचे याचिका दर्ज किया अध्यक्ष अवधेश यादव का कहना है कि यादव लवस्टोरी फिल्म में यादव समाज को टारगेट किया गया यादव के बहन बेटियों को बदनाम करने के लिए फिल्म का टाइटल यादव लवस्टोरी रखीं है जो विलकूल समाज को बांटने का काम करेगी अवधेश यादव ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दर्ज करते हुए कहा है कि ऐसे फिल्म को बंद किया जाना चाहिए या तो यादव समाज चुप नहीं बैठेंगे भारत देश देश में हर जगह पर फिल्म का विरोध हो रहा है राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश यादव ने सुचना मंत्रालय यानी OTT प्लेटफॉर्म मंत्रालय से भी निवेदन किया कि यादव लवस्टोरी फिल्म को रिलीज न करें अन्यथा सरकार का विरोध करने पर हमारी मजबूरी होगी फिल्म पर जल्द जल्द प्रतिबंध लगाया जाए ऐसे फिल्म को रिलीज नहीं होने दिया जाएगा जो समाज को बांटने का काम करती हैं फिलहाल OTT प्लेटफॉर्म पर फिल्म रिलीज नहीं होनी चाहिए यदि ऐसा हुआ तो हम सभी यादव समाज के लोग भारत सरकार का खुल कर विरोध करेंगे।

# फेज-4 के प्रस्तावित नबी करीम मेट्रो स्टेशन का नाम ऐतिहासिक पहचान के अनुरूप रामनगर किया जाए- सुरेंद्र कुमार गुप्ता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

स्वतंत्र सिंह भुल्लर

**नई दिल्ली।** इंद्रप्रस्थ विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री सुरेन्द्र कुमार गुप्ता ने दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को पत्र लिखकर फेज-4 के अंतर्गत इंद्रप्रस्थ-इंद्रलोक कॉरिडोर पर प्रस्तावित 'नबी करीम' मेट्रो स्टेशन का नाम बदलकर 'रामनगर' करने का आग्रह किया है। गुप्ता ने अपने पत्र में कहा है कि दिल्ली मेट्रो केवल राजधानी की यातायात व्यवस्था नहीं,बल्कि इसकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान का भी सार्वजनिक प्रतीक है। किसी भी मेट्रो स्टेशन का नामकरण स्थानीय इतिहास,राजस्व रिकॉर्ड और जनस्वीकृति के अनुरूप होना चाहिए।उन्होंने उल्लेख किया है कि संबंधित क्षेत्र दशकों से रामनगर के नाम से राजस्व अभिलेखों,नगर निगम दस्तावेजों और स्थानीय पते में दर्ज है। ऐसी स्थिति में स्थापित ऐतिहासिक पहचान की अनदेखी करना जनभावनाओं के प्रतिकूल है तथा इससे यात्रियों के बीच भौगोलिक भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।अपने पत्र में उन्होंने यह भी रेखांकित किया है कि वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट मेट्रो स्टेशन के नाम परिवर्तन संबंधी प्रकरण में लगभग 45 लाख रुपये के संभावित व्यय का उल्लेख किया गया है। यदि प्रारंभिक स्तर पर ही स्थानीय पहचान और जनभावना का सम्मान किया जाए,तो भविष्य में सार्वजनिक धन की अनावश्यक हानि से बचा जा सकता है।पत्र में निम्न प्रमुख सुझाव दिए गए है।प्रस्तावित स्टेशन का नाम आधिकारिक रूप से रामनगर घोषित किया जाए।नामकरण




समिति में स्थानीय प्रतिनिधियों और इतिहासकारों को सम्मिलित किया जाए।भविष्य में किसी भी स्टेशन के नाम निर्धारण से पूर्व सार्वजनिक सुझावों की पारदर्शी प्रक्रिया अपनाई जाए।विहिप का मानना है कि दिल्ली मेट्रो की विकास यात्रा स्थानीय इतिहास और जनभावनाओं के सम्मान के साथ ही आगे बढ़नी चाहिए।

# सेक्टर 15ए नोएडा में प्रस्तावित मंदिर स्थल को लेकर विवाद, प्राधिकरण से जांच की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नोएडा!** सेक्टर 15ए के निकट प्रस्तावित मंदिर स्थल को लेकर बुधवार को विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। जानकारी के अनुसार, नोएडा प्राधिकरण द्वारा विधिवत सीमांकित सार्वजनिक भूमि पर कुछ व्यक्तियों के प्रवेश करने और स्थापित सीमांकन को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया गया है। मौके पर मौजूद एक स्थानीय निवासी ने कथित गतिविधियों पर आपत्ति जताते हुए सार्वजनिक स्थान से पूरे घटनाक्रम का वीडियो रिकॉर्ड किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसी दौरान मौखिक कहासुनी की स्थिति बनी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया। मामले में विधिवत कार्रवाई और तथ्यों के स्पष्टीकरण की मांग करते हुए संबंधित अधिकारियों को एक औपचारिक शिकायत भी सौंप दी गई है। मंदिर समिति का कहना है कि प्रस्तावित स्थल स्वीकृत मास्टर प्लान के अनुरूप है तथा सभी गतिविधियां नियमानुसार संचालित की जा रही हैं। समिति ने स्पष्ट किया है कि मंदिर परिसर में लाउडस्पीकर या उच्च ध्वनि वाले साउंड सिस्टम की अनुमति नहीं होगी। इसके अतिरिक्त भंडारा, सामूहिक भोजन वितरण अथवा अनियंत्रित सभाओं की भी अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी प्रकार के विक्रेता, स्टॉल या व्यावसायिक गतिविधियां भी प्रतिबंधित रहेंगी।

समिति के अनुसार, पार्क, हरियाली, फव्वारा तथा बच्चों के खेल क्षेत्र पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा और यह स्थल आवासीय मकानों से सटा हुआ नहीं है। मंदिर का संचालन स्थानीय निवासियों द्वारा पारदर्शी प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत किया जाएगा। प्रवेश व्यवस्था नियंत्रित होगी तथा पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए जाएंगे। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गलत सूचनाएं अनावश्यक चिंता उत्पन्न करती हैं, जबकि तथ्य स्थिति को स्पष्ट करते हैं। घटना की जानकारी संबंधित अधिकारियों को दे दी गई है और प्रशासन द्वारा मामले की जांच किए जाने की अपेक्षा की जा रही है।




# आगरा में शिवाजी जयंती पर निकली भव्य रैली, कार्यकर्ताओं ने लिया संकल्प



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**आगरा संजय सिंह।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू महासंघ भारत की उत्तर प्रदेश इकाई द्वारा आज़ आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर भव्य वाहन रैली एवं झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष सुमित कटियार एवं प्रदेश महामंत्री गोपाल सिंह चाहर ने संयुक्त रूप से किया।प्रातः 11 बजे गोपेश्वर की बगीची, नौबस्ता लोहा मंडी से प्रारंभ हुई यह रैली लोहा मंडी चौराहा, जयपुर हाउस, पंचकुइयां, तहसील मार्ग और कलेक्ट्रेट होते हुए छीपी टोला के रास्ते बिजलीघर चौराहा पहुंची। वहां स्थित शिवाजी चौक पर कार्यकर्ताओं ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने शिवाजी महाराज के शौर्य, राष्ट्रनिष्ठा और संगठन क्षमता को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सभा को संबोधित करते हुए सुमित कटियार और गोपाल सिंह चाहर ने कहा कि शिवाजी महाराज देश की अस्मिता और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। शिवाजी महाराज को भारतीय इतिहास में अद्वितीय सैन्य कौशल, सुशासन और राष्ट्रभक्ति के लिए स्मरण किया जाता है। भारत के इतिहास में उनका योगदान प्रेरणास्रोत है। उन्होंने वर्तमान सामाजिक और सांस्कृतिक चुनौतियों का उल्लेख करते हुए संगठन की विचारधारा को मजबूत करने की अपील की।

वक्ताओं ने 'लव जिहाद' और धर्मांतरण जैसे मुद्दों का उल्लेख करते हुए समाज से जागरूक रहने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गोपाल सिंह चाहर प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष सुमित कटिहार ने संयुक्त रूप से कहा है कि वीर शिवा हमारे देश का गौरव हैं। आज हम उनके जन्मदिवस के पावन अवसर पर संकल्प लेते हैं कि जिस प्रकार से देश के अंदर कट्टरपंथियों के द्वारा जिहादी तत्वों के द्वारा लव जिहाद, भूमि जिहाद, जल जिहाद, थूक जिहाद, मूत जिहाद, ब्यूटी पार्लर जिहाद, शिक्षा जेहाद और धर्मांतरण जिहाद जैसे कृत्यों को करने में लिप्त लगे हुए हैं और इससे यह देश में अस्थिरता लाना चाहते हैं और दूसरा यह एक जनसंख्या बढ़ाने के साथ क्षेत्र का भौगोलिक इतिहास बदलना चाहते हैं। आज हम सभी हिंदू वासियों से अपील करते हैं कि सभी हिंदू समाज के लोग अपने परिवार को बढ़ाये, साथ ही उन्होंने हिंदू समाज से पारिवारिक मूल्यों को सुदृढ़ करने और जनसंख्या वृद्धि के संदर्भ में अधिक संतानों के जन्म का आग्रह भी किया।

कार्यक्रम का संचालन महानगर अध्यक्ष हर्ष कटियार ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रेखा राघव, गीता जैन, विनोद गौतम, कृष्ण कुमार, रौनक दीक्षित, विकास कुमार, आयुष चाहर, शाह निरपुद खंडेलवाल, अनेक यादव, दीपक राठौड़, अनुराग शर्मा, शिवम यादव, रोहित कर्दम सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी रवि व्यास, नितिन गोस्वामी, दीपक जैन एवं विमल प्रजापति उपस्थित रहे।

# दिल्ली पुलिस सप्ताह 2026: ऑप्स विश्वास 2.0 सुरक्षित नागरिक, सुरक्षित साइबर स्पेस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

संवाददाता प्रदीप यादव

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस सप्ताह 2026 के अंतर्गत साउदर्न रेंज द्वारा एनसीयूआई ऑडिटोरियम, हौज खास में ऑप्स विश्वास 2.0 के तहत एक व्यापक साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'सेवा, संवेदनशीलता और साझा जिम्मेदारी' की भावना से प्रेरित इस कार्यक्रम ने नागरिक सेवा, डिजिटल सुरक्षा और सामुदायिक सहभागिता के प्रति दिल्ली पुलिस की प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन वापस करना नहीं था, बल्कि डिजिटल युग में नागरिकों को जागरूक और सुरक्षित बनाना भी था ऑप्स विश्वास 2.0 के अंतर्गत 1,000 से अधिक खोए और चोरी हुए मोबाइल फोन उन्नत तकनीकी निगरानी, डिजिटल विश्लेषण तथा सतत फील्ड प्रयासों के माध्यम से सफलतापूर्वक ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंपे गए। इससे पहले दिसंबर 2025 में ऑपरेशन विश्वास 1.0 के तहत भी लगभग 1,000 मोबाइल फोन लौटाए गए थे। प्रत्येक मोबाइल की वापसी केवल एक वस्तु की बरामदगी नहीं थी, बल्कि यह नागरिकों के आत्मविश्वास, सम्मान और मानसिक शांति की पुनर्स्थापना का प्रतीक थी। यह अभियान इस बात का उदाहरण बना कि तकनीक-सक्षम और संवेदनशील पुलिसिंग कैसे जनविश्वास को मजबूत कर सकती है।

कार्यक्रम की शुरुआत दक्षिण जिला के डीसीपी श्री अंकित चौहान, आईपीएस के स्वागत संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने ऑनलाइन ठगी के बढ़ते मामलों और समय पर शिकायत दर्ज कराने की आवश्यकता पर बल दिया। साइबर विशेषज्ञ श्री ईशान सिन्हा ने डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड, निवेश एवं पोंजी स्कीम, नौकरी से संबंधित ठगी, ऑनलाइन प्रतिरूपण और फिशिंग जैसे साइबर अपराधों के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने सरल भाषा में नागरिकों को सतर्क रहने के उपाय बताए तथा हेल्पलाइन और शिकायत तंत्र की जानकारी साझा की, जिससे लोग संभावित वित्तीय नुकसान से बच सकें कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था, जोन-द्वद्ध, मधुप तिवारी, आईपीएस ने की। उन्होंने स्वयं नागरिकों को बरामद मोबाइल फोन सौंपे और अपने संबोधन में कहा कि डिजिटल युग में सुरक्षा के लिए जागरूकता, अनुशासन और नागरिक-पुलिस सहयोग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि साइबर अपराधी भय और लालच का लाभ उठाते हैं, और केवल जागरूक एवं सतर्क नागरिक ही ऐसे अपराधों को प्रभावी रूप से विफल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऑप्स विश्वास 2.0 केवल एक रिकवरी अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक से किए गए वादे की पुनर्पुष्टि है, जिसमें जागरूकता ही सबसे बड़ी शक्ति है।कार्यक्रम में संयुक्त पुलिस आयुक्त (साउदर्न रेंज) श्री एस.के. जैन, दक्षिण-पूर्व जिला के डीसीपी डॉ. हेमंत तिवारी, अतिरिक्त डीसीपी सुश्री ऐश्वर्या शर्मा सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। उनकी उपस्थिति ने यह संदेश दिया कि साइबर अपराध से निपटने में जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता सबसे प्रभावी साधन हैं। कार्यक्रम के दौरान एक प्रभावशाली और शिक्षाप्रद नुक्कड़ नाटक का मंचन भी किया गया, जिसमें जटिल साइबर खतरों को सरल और रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति ने विभिन्न आयु वर्ग के लोगों तक संदेश को सहज रूप में पहुँचाया और व्यापक सराहना प्राप्त की।मानवता और सामाजिक उत्तरदायित्व के सम्मान स्वरूप कार्यक्रम में गुड समैरिटन को सम्मानित किया गया। साथ ही 20 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों, आरडब्ल्यूए सदस्यों और प्रहरियों को भी सम्मान प्रदान किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को प्रशंसा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उत्कृष्टता, पारदर्शिता और जवाबदेही की भावना को सुदृढ़ किया गया। कार्यक्रम में 400 से अधिक नागरिकों की उपस्थिति ने यह दर्शाया कि जनता और पुलिस के बीच विश्वास और सहयोग निरंतर मजबूत हो रहा है।दिल्ली पुलिस ने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण केवल कानून प्रवर्तन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह एक साझा सामाजिक दायित्व है। सतर्क नागरिक, उत्तरदायी पुलिसिंग और सक्रिय सामुदायिक सहभागिता मिलकर ही सुरक्षा तंत्र को सुदृढ़ बना सकते हैं। नागरिकों से अपील की गई कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना अपने निकटतम पुलिस थाने को दें या 112 नंबर पर संपर्क करें। वित्तीय साइबर ठगी की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन पर तुरंत शिकायत दर्ज कराएं।साइबर सुरक्षा के संदर्भ में नागरिकों को सलाह दी गई कि किसी भी उच्च लाभ वाले निवेश प्रस्ताव पर बिना सत्यापन विश्वास न करें, ओटीपी या केवाईसी विवरण साझा न करें, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें तथा खोए या चोरी हुए मोबाइल को तुरंत ब्लॉक या ट्रेस कराएं। डिजिटल अरेस्ट जैसी अवधारणाओं से सावधान रहें, क्योंकि कोई भी कानून प्रवर्तन एजेंसी वीडियो कॉल पर गिरफ्तारी नहीं करती।ऑप्स विश्वास 2.0 ने यह सिद्ध कर दिया कि जब पुलिस और जनता कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करती है, तो सुरक्षा केवल एक नारा नहीं बल्कि वास्तविकता बन जाती है। सड़कों पर सतर्कता और डिजिटल दुनिया में जिम्मेदारी–इन्हीं दोनों के संतुलन से एक सुरक्षित, सशक्त और जागरूक दिल्ली का निर्माण संभव है।

# सनातन प्रीमियम लीग की घोषणा, ट्राफी लॉन्च, युवाओं को नशा मुक्त करने का संकल्प :पं. देवकी नंदन ठाकुर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

प्रदीप यादव


**नई दिल्ली।** राजधानी के कंस्टीटूशन क्लब ऑफ़ इंडिया में गुरुवार को सनातन प्रीमियर लीग (एसपीएल) का भव्य ट्रॉफी अनावरण समारोह आयोजित किया गया। सनातन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के साथ ही लीग का औपचारिक शुभारंभ हुआ। आयोजकों ने इसे 'द ग्रेट डोम ऑफ क्रिकेट' की संज्ञा देते हुए खेल, संस्कार और सांस्कृतिक चेतना के संगम के रूप में प्रस्तुत किया।

ट्रॉफी का अनावरण सनातन धर्म के विख्यात कथा वाचक पूज्य देवकीनंदन ठाकुर जी महाराज ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह लीग केवल क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, सेवा और सांस्कृतिक मूल्यों का संचार करने का अभियान है वहीं युवाओं मे बढ़ती नशे से मुक्ति दिलाने का भी संकल्प लिया गया।उन्होंने कहा कि आज के समय में जब युवा वर्ग तनाव और दिशाहीनता का सामना कर रहा है, ऐसे प्रयास उन्हें नई ऊर्जा और सकारात्मक मार्ग प्रदान करेंगे समारोह में पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा आध्यात्मिक इन्फ्लुएंसर मास्टर अभिन्नव अरोड़ा,




बिजनेस कोच अभिनव बिंद्रा तथा ज्योतिषाचार्य सुमित आचार्य समेत कई विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने एसपीएल को खेल और संस्कृति के समन्वय की एक नई पहल बताया लीग के संस्थापक विजय शर्मा, जबकि देव जोशी और आनंद मिश्रा सह-संस्थापक के रूप में जुड़े हैं। कथा वाचक देवकी नंदन ठाकुर ने बताया कि एसपीएल का उद्देश्य उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मंच प्रदान करना है जो संसाधनों के अभाव में आगे नहीं बढ़ पाते। 15 से 40 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए देश के प्रमुख शहरों में ट्रायल आयोजित किए गए।जिसमे सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह ट्रायल निःशुल्क रहा।उन्होंने कहा कि चयनित खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 12 से 15 मार्च 2026 तक इंदौर में भव्य टूर्नामेंट का आयोजन होगा। मुकाबलों का प्रसारण प्रमुख खेल चैनलों पर किया जायेगा आयोजकों के अनुसार, लीग से प्राप्त धनराशि का उपयोग सामाजिक कार्यों–जैसे बालिकाओं की शिक्षा, विवाह सहयोग और जरूरतमंद बेटियों की सहायता में किया जाएगा अभिनव बिंद्रा ने कहा दिल्ली में हुआ यह ट्रॉफी अनावरण समारोह एक नई परंपरा की शुरुआत माना जा रहा है। सनातन को खेल, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों के समन्वय के साथ एसपीएल को क्रिकेट का 'महाकुंभ' बनाने की दिशा में कदम बढ़ा दिया गया है।

## एशियन इंटरनेशनल स्कूल में आज होगा अनूप जलोटा का कार्यक्रम




**टूण्डला** – एशियन इंटरनेशनल स्कूल बसई रोड पर रविवार को प्रसिद्ध भजन गायक अनूप जलोटा का भक्ति संगीत कार्यक्रम होगा। जिसमें काफी संख्या में श्रोताओं की सहभागिता रहेगी। विद्यालय प्रबंधक राजेंद्र यादव ने बताया कि विद्यालय के शुभारंभ अवसर पर रविवार शाम चार बजे से पदमश्री अनूप जलोटा द्वारा भक्ति संगीत कार्यक्रम किया जाएगा। देर शाम तक यह आयोजन चलेगा। जिसमें भक्ति की अमृत वर्षा होगी। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने की अपील की है।